


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 142 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) श्रावण शु.8, 2079 शुक्रवार, 5 अगस्त 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 14 मूल्य : 8 रुपये

## टीचर भर्ती घोटाले में ईडी ने की कोलकाता में छापेमारी

कोलकाता, 4 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल शिक्षक भर्ती घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय ने गुरुवार को कोलकाता में छापेमारी की है। ईडी ने कोलकाता के पंडितिया रोड इलाके में छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने ओम झुनझुनवाला के नाम से रजिस्टर्ड फ्लैट में ईडी की छापेमारी चल रही है। इस मामले में जांच एजेंसी पहले ही ममता बनर्जी की सरकार में मंत्री रहे पार्थ चटर्जी और उनकी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार कर चुकी है। फोर्ट ओएसिस परिसर स्थित अपार्टमेंट के बंद होने के कारण लॉक तोड़ने के लिए ताला बनाने वाले को बुलाया गया है। अर्पिता मुखर्जी की गिरफ्तारी के बाद से उनसे जुड़े कई ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की है।

# नेशनल हेराल्ड केस में हवाला लिंक

## हवाला ट्रांजैक्शन के सबूत मिले, सोनिया-राहुल के बयानों की दोबारा जांच होगी

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को नेशनल हेराल्ड केस में हवाला लिंक मिला है। ईडी अब सोनिया गांधी और राहुल गांधी के बयानों की दोबारा जांच करेगी। रिपोर्ट्स में ईडी सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि नेशनल हेराल्ड, उससे जुड़ी कंपनियों और थर्ड पार्टी के बीच हवाला ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं।



**ईडी को हवाला लिंक कैसे मिला?**

दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में यंग इंडिया के दफ्तर की छानबीन के दौरान ईडी को कुछ दस्तावेज मिले हैं। दस्तावेजों में मुंबई और कोलकाता के हवाला ऑपरेटर्स के ट्रांजैक्शन के सबूत मिले हैं।

**अब ईडी क्या कदम उठाएगी?**

सूत्रों के मुताबिक, यंग इंडिया के दफ्तर की जांच पूरी होने के बाद जांच एजेंसी बड़ा एक्शन लेगी। यह एक्शन क्या होगा, ये अभी सूत्रों ने साफ-साफ नहीं बताया है।

**राहुल-सोनिया के बयानों की दोबारा जांच क्यों?**

पूछताछ के दौरान सोनिया और राहुल गांधी ने कहा था कि उन्होंने यंग इंडिया से कैश से जुड़ा कोई फायदा नहीं उठाया है। यंग इंडिया से मिले दस्तावेजों के बाद ईडी दोनों के जवाबों से संतुष्ट नजर नहीं आ रही है इसलिए इन बयानों की दोबारा जांच की जाएगी।

**मंगलवार को 16 ठिकानों पर हुई छापेमारी, बुधवार को दफ्तर सील :**

ईडी की टीम ने मंगलवार को सुबह से देर शाम तक नेशनल हेराल्ड के दिल्ली, मुंबई और कोलकाता समेत 16 ठिकानों पर छापेमारी की थी। यह कार्रवाई सोनिया और राहुल से पूछताछ के बाद की गई थी। बुधवार को ईडी ने दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया। इसके बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना कर्नाटक दौरा छोड़कर दिल्ली लौट आए।

### सोनिया से 100 से ज्यादा सवाल हुए

नेशनल हेराल्ड केस में सोनिया गांधी से 3 दिन में 12 घंटे सवाल हुए थे। 21 जुलाई को 3 घंटे, 26 जुलाई को 6 घंटे और 27 जुलाई को 3 घंटे ईडी ने पूछताछ की थी। इस दौरान उनसे 100 से ज्यादा सवाल किए गए। ईडी ने राहुल गांधी से भी जून में पांच दिनों में 50 घंटे से ज्यादा समय तक पूछताछ की थी।

## मनीष तिवारी ने दिया ड्रैगन की नस दबाने का फार्मूला

### स्पीकर ओम बिड़ला को दिया ताइवान जाने का सुझाव



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। अमेरिका संसद के निचले सदन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव की स्पीकर नैंसी पेलोसी के ताइवान दौरे के बाद चीन आक्रामक रवैया अपना रहा है। पेलोसी की यात्रा पर भड़के चीन ने ताइवान के चारों ओर मिलिट्री ड्रील शुरू कर दी है, जिसे सीधे तौर पर ताइवान और अमेरिका को चुनौती के तौर पर देखा जा रहा है।

वहीं, चीन के इस कदम की ताइवान ने आलोचना की है और कहा है कि वह युद्ध की स्थिति में चीन को माकूल जवाब देने के लिए तैयार है। वहीं, कांग्रेस के आनंदपुर साहिब से सांसद मनीष तिवारी ने पेलोसी की ताइवान यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए लोकसभा स्पीकर ओम बिरला को एक सुझाव दिया है। कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने ट्वीट कर कहा, स्पीकर पेलोसी की ताइवान यात्रा ऐतिहासिक है, जैसा कि राष्ट्रपति जो बाइडेन ने शी जिनपिंग से कहा है कि संसद सरकार की एक शाखा के समान है, उसी तरह आपके नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल को भी ताइवान की यात्रा पर विचार करना चाहिए। कई बार पार्टी लाइन से अलग हटकर बयानबाजी करने वाले मनीष तिवारी के इस सुझाव पर सियासत गरमा सकती है।

## इंटेलीजेंस ब्यूरो ने आतंकी हमले का भेजा अलर्ट

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। 15 अगस्त को लेकर इंटेलिजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) को आतंकी हमले का अलर्ट भेजा है। आईबी ने दिल्ली पुलिस और अन्य को 10 पन्नों की एक रिपोर्ट भेजी है, जिसमें कहा गया है कि लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद समेत कुछ आतंकी संगठन देश में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की तैयारी कर रहे हैं।

देश इस साल आजादी का 75वां अमृत महोत्सव मना रहा है। इसको लेकर आईबी ने दिल्ली पुलिस और अन्य एजेंसियों को 15 अगस्त के मौके पर सुरक्षा चाक चौबंद करने को कहा है। 10 पन्नों के अपने अलर्ट में आईबी ने जानकारी दी है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई आतंकियों को लॉजिस्टिक सपोर्ट मुहैया करवाकर कोई बड़ी वारदात करने की फिराक में है। इसके लिए दिल्ली पुलिस को लाल किले के सभी एंट्री पॉइंट पर सुरक्षा कड़ी करने को कहा गया है। सीमा सुरक्षा बल यानी बीएसएफ को भी बॉर्डर इलाके में चौकन्ना रहने को कहा गया है।

## हम नरेंद्र मोदी से नहीं डरते : राहुल

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। नेशनल हेराल्ड केस में जारी ईडी की जांच के दौरान यंग इंडिया के दफ्तर को सील किए जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी है। राहुल ने कहा, हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से डरते नहीं है। उन्हें जो करना है कर लें। हमारा काम संविधान की रक्षा के लिए लड़ना है। देश के सम्मान के लिए लड़ना है।

यह जंग जारी रहेगी। राहुल ने कहा- अब सत्याग्रह नहीं अब रण होगा। राहुल के बयान पर भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा, देश का कानून सबके लिए एक है। वह न कांग्रेस अध्यक्ष के लिए बदल सकता है और न ही कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के लिए। वे भारत के कानून से भिड़ना चाहते हैं। न उन्हें कानून से रण करने दिया जाएगा न ही रन करने (भागने) दिया जाएगा। नेशनल हेराल्ड केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को दिल्ली की हेराल्ड बिल्डिंग में स्थित यंग इंडिया कंपनी का ऑफिस सील कर दिया था। मनी लॉन्ड्रिंग केस में जांच एजेंसी ने यह कार्रवाई की। यंग इंडिया प्राइवेट लिमिटेड का ऑफिस सील होने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना कर्नाटक दौरा छोड़कर दिल्ली लौट आए थे।

# अपराध नियंत्रण में मदद करेगा आईसीसीसी : केसीआर

## सीएम ने किया अंतरराष्ट्रीय मानक सुविधाओं से लैस सेंटर का उद्घाटन

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को यहां कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानकों की एक सुविधा वाला इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) अपराध नियंत्रण में मदद करेगा।



इसके साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के दौरान यह युद्ध कक्ष के रूप में भी काम करेगा। तेलंगाना राज्य पुलिस एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र बनाने के पीछे यहीं विचार है। नगर के पाश इलाके बंजारा हिल्स में 600 करोड़ रुपये की लागत वाली आईसीसीसी का उद्घाटन करने के बाद बोलते हुए कहा कि यह विचार राज्य के गठन के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ उनकी बैठक की एक श्रृंखला के दौरान सामने आया था। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय मानकों की एक सुविधा के साथ अपराध नियंत्रण और साथ ही प्राकृतिक आपदाओं के दौरान मदद करना है। इस विचार को जमीन पर उतारा गया और विभिन्न हितधारकों की मदद से यह आज एक वास्तविकता बन गया है। मुख्यमंत्री ने पुलिस महानिदेशक एम. महेंद्र रेड्डी को परियोजना पर लगातार काम कराने का श्रेय दिया। कोविड-19 महामारी और अन्य मुद्दों के कारण, कार्यों में कुछ वर्षों की देरी हुई। >12

# जस्टिस यूयू ललित अगले सीजेआई हो सकते हैं

### चीफ जस्टिस रमण ने केंद्र से सिफारिश की, तीन तलाक को अवैध ठहराने समेत कई फैसले दिए




नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। जस्टिस यूयू ललित देश के 49वें सीजेआई बन सकते हैं। सीजेआई एनवी रमण ने कानून मंत्री किरन रिजिजू को उनके नाम की सिफारिश की है।

सीजेआई रमण 26 अगस्त को रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस ललित 27 अगस्त को सीजेआई के रूप में शपथ ले सकते हैं। सीजेआई रमण ने गुरुवार सुबह को पर्सनली जस्टिस ललित को सिफारिश के अपने पत्र की एक कॉपी सौंपी। कानून मंत्री किरन रिजिजू ने बुधवार को सीजेआई एनवी रमण को बुधवार रात चिट्ठी लिखी। इसमें उनसे उनके उत्तराधिकारी का नाम बताने की अपील की। परंपरा है कि मौजूदा सीजेआई अपने उत्तराधिकारी के नाम की सिफारिश तभी करते हैं, जब उन्हें कानून मंत्रालय से ऐसा करने का आग्रह किया जाता है। वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के दूसरे सबसे सीनियर जज जस्टिस ललित महज 74 दिनों के लिए ही सीजेआई बनेंगे, क्योंकि 8 नवंबर को वे रिटायर हो जाएंगे। जस्टिस ललित ने जून 1983 में एक एडवोकेट के रूप में नामांकन किया। उन्होंने दिसंबर 1985 तक बॉम्बे हाईकोर्ट में प्रैक्टिस की फिर जनवरी 1986 में प्रैक्टिस को दिल्ली ट्रांसफर कर दिया।

### सीजेआई ने शिंदे से पूछा

# चुने जाने पर राजनीतिक दलों की अनदेखी

## लोकतंत्र के लिए खतरा नहीं है?



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के वकील से सवाल किया कि चुने जाने के बाद अगर राजनीतिक दलों की पूरी तरह अनदेखी की जाए तो क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा नहीं है? शिंदे के वकील ने कहा कि उनके मुवक्किल अयोग्य नहीं हैं और उन्होंने पार्टी भी नहीं छोड़ी है। इसके साथ ही उन्होंने एक राजनीतिक दल के भीतर असंतोष के पहलू पर जोर दिया। शिंदे का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने कहा कि संविधान की दसवीं अनुसूची के तहत अयोग्यता तभी होती है, जब अध्यक्ष इस निष्कर्ष पर पहुंचता है कि किसी सदस्य ने पार्टी के रुख के खिलाफ मतदान किया है। साल्वे ने कहा कि अगर किसी विधानसभा के अध्यक्ष को विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिकाओं पर फैसला करने में एक या दो महीने लगते हैं, तो इसका क्या मतलब है? कि वे सदन की कार्यवाही में भाग लेना बंद कर दें? उन्होंने आगे कहा, जब तक अयोग्यता का कोई निष्कर्ष नहीं निकलता है, तब तक कोई भी अवैधता सिद्धांतपूर्ण नहीं है। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली के साथ ही प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) एन.वी. रमण की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, फिर व्हिप का क्या उपयोग है? क्या दलबदल विरोधी केवल उन्हीं चीजों पर लागू होता है? साल्वे ने जवाब दिया कि दलबदल विरोधी कानून असंतोष विरोधी कानून नहीं हो सकता। प्रधान न्यायाधीश ने सवाल किया कि निर्वाचित होने के बाद राजनीतिक दलों की पूरी तरह से अनदेखी करना क्या यह लोकतंत्र के लिए खतरा नहीं है? न्यायमूर्ति रमण ने आगे पूछा, आप कहते हैं कि इस अदालत और उच्च न्यायालय को यह नहीं सुनना चाहिए और यह तब है जब आपने हमसे पहले संपर्क किया था।

## शिवसेना पर अधिकार को लेकर सुनवाई फिर टली अब संविधान पीठ को भेजा जा सकता है मामला

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। यहां सियासी उठापटक अभी भी जारी है। विधायकों की आयोग्यता व शिवसेना पर अधिकार को लेकर आज भी सुप्रीम कोर्ट में कोई फैसला नहीं हो सका। अब इस मामले पर सोमवार को सुनवाई होगी। न्यायमूर्ति कृष्ण मुरारी और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने कहा, हम संविधान पीठ में मसला भेजने पर विचार करेंगे। इस पर सोमवार तक निर्णय लिया जाएगा। इस बीच सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग पर भी शिवसेना को लेकर कोई भी फैसला लेने पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा है कि वह फिलहाल शिंदे गुट की ओर से दायर अर्जी पर कोई फैसला न ले। इससे पहले बुधवार को भी इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई थी। इस दौरान दोनों गुटों में तीखी बहस हुई थी। उद्धव कैंप के वकील कपिल सिब्बल ने दलील देते हुए कहा कि अगर दो तिहाई विधायक अलग होना चाहते हैं तो उन्हें किसी से विलय करना होगा या नई पार्टी बनानी होगी।

## दरबार साहिब की सरायों पर जीएसटी का मामला गर्माया

**पंजाब भाजपा भी विरोध में, कहा पीएम की गुरुघरों पर श्रद्धा, ये अफसरों की गलती**

चंडीगढ़, 4 अगस्त (एजेंसियां)। धार्मिक स्थलों की सराय पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगाने का बवाल बढ़ गया है। पंजाब में विरोधी दलों के अलावा भाजपा नेता भी इसके विरोध में उतर आए हैं। भाजपा के सीनियर नेता हरजीत ग्रेवाल और प्रदेश सचिव सुखपाल सरां ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इसे वापस लेने की मांग की है। वहीं पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने सराय पर लगाए जीएसटी को वापस लेने की मांग की। सीएम भगवंत मान भी पहले ही जीएसटी लगााने का फैसला वापस लेने की मांग कर चुके हैं।

भाजपा के प्रदेश सचिव सुखपाल सरां ने पीएम को लिखे लेटर में कहा कि केंद्र ने धार्मिक स्थलों में बनी सरायों और धर्मशालाओं पर 12 प्रतिशत जीएसटी लगा दिया है। यह धर्मशालाएं लोगों के दान से सामाजिक मकसद के लिए बनाई जाती हैं। जो बिना किसी लाभ के संस्थाएं चलाती हैं। लोग कम पैसे देकर यहां ठहरते हैं। कई जगह यह निशुल्क भी है। इसलिए श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए इस फैसले को वापस लेने के निर्देश दें।भाजपा नेता हरजीत ग्रेवाल ने कहा कि दरबार साहिब की सरायों पर जीएसटी लगाने की केंद्र सरकार की कोई मंशा नहीं है। पीएम नरेंद्र मोदी गुरुघरों के लिए सबसे ज्यादा श्रद्धा रखते हैं। सराय कोई बिजनेस ऑर्गेनाइजेशन नहीं हैं। सरकार इस आदेश को जल्द ठीक कर देगी। यह अफसरों या बाकी लोगों की गलती है। उन्होंने इसके लिए माफी भी मांगी।वित्तमंत्री से मुलाकात के बाद सांसद राघव चड्ढा ने कहा कि मैंने 3 करोड़ पंजाबियों की तरफ से अपनी बात रखी है। गोल्डन टेंपल में रोज लाखों लोग आते हैं। >12




उठावना



श्रीमती मनभावती बाई

(धर्मपत्नी : स्व. श्री ग्यारसीलालजी अग्रवाल)

स्वर्गवास : बुधवार, दि.3 अगस्त 2022 को हुआ।

उठावना आज शुक्रवार, 5 अगस्त 2022 को दोपहर 12 से 1 बजे तक जैन भवन, रामकोट पर होगा।
(महिलाओं एवं पुरुषों के लिए)

शोकाकुल

लक्ष्मीनारायण अग्रवाल (देवर), जगदीश प्रसाद (भतीजा), महेश कुमार, सुरेश कुमार, सुभाष कुमार (पुत्र), सुशीला देवी, शारदा देवी (पुत्री) नवीन, अरूण, पवन, मुकेश, अविनाश, विकास, मनीष (पौत्र) मयंक, कृषांग, हर्ष, हार्दिक, हर्षिल, रियांश (प्रपौत्र) एवं समस्त दिल्लीवाला परिवार

फर्म : ग्यारसीलाल महेश कुमार (दिल्लीवाले)

प्लॉट नं. 403, रोड नं. 12, बंजारा हिल्स, हैदराबाद. फोन: 9963655700, 9985172000

बैठक : शनिवार, 6-8-2022 एवं रविवार 7-8-2022 को सायं 4 से 6 बजे तक निवास स्थान पर।

# नेशनल हेराल्ड मामले पर राज्यसभा में कांग्रेस का हंगामा

## लोकसभा कल तक के लिए स्थगित; विपक्ष ने उठाया ईडी के दुरुपयोग का मुद्दा

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। संसद की 14वें दिन की कार्यवाही के तहत दोनों सदनों में कांग्रेस ने सरकार के खिलाफ हंगामा किया। इसके चलते लोकसभा को कल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। वहीं, राज्यसभा में विपक्ष का हंगामा जारी है। आज की कार्यवाही शुरू होने के बाद राज्यसभा 12 बजे तक के लिए और फिर 2 बजे तक के लिए स्थगित किया गया था। दोनों सदनों में कांग्रेस नेताओं ने सरकार पर जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया। मामला नेशनल हेराल्ड केस में ईडी की कार्रवाई से जुड़ा है। दरअसल, कल ही ईडी ने नेशनल हेराल्ड मामले में यंग इंडिया के दिल्ली स्थित दफ्तर को सील किया था।



### विपक्ष ने ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स पर सवाल उठाया था

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि केद्र सरकार ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स का गलत इस्तेमाल कर रही है। देश में इंडिपेंडेंट ऑटोनॉमस बॉडीज का दुरुपयोग हो रहा है। विपक्ष के नेता कहा कि सरकार राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ भेदभाव कर रही है। लोकतांत्रिक सरकार को गिराने का काम कर रही है। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने राज्यसभा में संजय राउत की गिरफ्तारी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कानून और संविधान को महाराष्ट्र में अनदेखा किया जा रहा है।

**परिवहन मंत्री ने कार के सुरक्षा मानकों पर की बात**

लोकसभा स्थगित होने से पहले केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि सड़क व परिवहन मंत्रालय कार की पिछली सीट पर भी एयरबैग्स लगवाने की कोशिशों में है, ताकि पीछे बैठने वाले पैसेंजर्स की जान बचाई जा सके। इस बारे में एक प्रस्ताव पर विचार किया जा रहा है। सरकार जल्द ही इस पर फैसला लेगी। फिलहाल कार की अगली सीटों के लिए ही एयरबैग्स मौजूद होते हैं।

**तय समय से आधी भी नहीं चली सदन की कार्यवाही**

अब तक 13 दिन चली सदन में लोकसभा और राज्यसभा में 78-78 घंटे कार्यवाही होनी चाहिए थी, लेकिन लोकसभा में कुल 33 और राज्यसभा में 26.6 घंटे ही कार्यवाही हुई। बाकी समय हंगामे के कारण कार्यवाही स्थगित रही। लोकसभा में प्रश्नकाल 3.6 घंटे, विधायी कार्य 14.6 घंटे, गैर विधायी कार्य 12.7 घंटे और अन्य कार्य 2.1 घंटे हुए, जबकि राज्यसभा में प्रश्नकाल 5 घंटे, विधायी कार्य 9.9 घंटे, गैर विधायी कार्य 7.2 घंटे और अन्य कार्य 4.5 घंटे हुए।

**13वें दिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी और एंटी डोपिंग बिल हुए थे पास**

मानसून सत्र के 13वें दिन सेंट्रल यूनिवर्सिटी (अमेंडमेंट) बिल लोकसभा में पास किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों में केंद्रीय विश्वविद्यालय स्थापित करने का प्रावधान है। वहीं, सदन में सरकार ने पर्सनल डेटा प्रोटक्शन बिल 2021 वापस ले लिया। इधर, राज्यसभा में नेशनल एंटी डोपिंग बिल को ध्वनिमत से सर्वसम्मति से पारित किया।

# उद्धव गुट की महिला नेता पर एफआईआर

## सीएम शिंदे को अपमानजनक शब्द कहने का आरोप



मुंबई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे गुट की एक महिला नेता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर कथित तौर पर सीएम एकनाथ शिंदे के खिलाफ अपमानजनक शब्द प्रयोग करने का आरोप है। पुलिस ने बताया, ठाणे जिले के डोंबिवली में उद्धव गुट की पदाधिकारी कविता गावंद के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया, मंगलवार को डोंबिवली में पार्टी कार्यालय में उद्धव ठाकरे व सीएम एकनाथ शिंदे के समर्थक आपस में भिड़ गए। आरोप है कि शिंदे के समर्थक पार्टी कार्यालय में घुस गए और सीएम शिंदे व उनके पुत्र श्रीकांत शिंदे की तस्वीरें लगा दीं। इसको लेकर दोनों गुटों के सैकड़ों समर्थक आमने-सामने आ गए। हंगामे के दौरान कविता गावंद ने कथित तौर पर सीएम शिंदे के खिलाफ अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल किया। इसके बाद उनके व एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ डोंबिवली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। इस सिलसिले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

# संजय राउत सोमवार तक ईडी की कस्टडी में रहेंगे

## जज से बोले राउत- कस्टडी में वेंटिलेशन नहीं; ईडी ने कहा- हमने एसी में रखा है



### राउत के घर साढ़े ग्यारह लाख की नकदी मिली

इधर, सूत्रों ने बताया कि रविवार को संजय राउत के घर की तलाशी के दौरान ईडी को साढ़े ग्यारह लाख रुपए नकद मिले हैं। राउत या उनके परिवार के लोग इस रकम का सोर्स नहीं बता सके हैं। ईडी ने इस रिकवरी को अपनी जांच में दर्ज कर लिया है। पात्रा चॉल घोटाला 1,043 करोड़ रुपए का है। राउत इस केस में आरोपी हैं।

मुंबई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई के पात्रा चॉल घोटाले में रविवार को गिरफ्तार किए गए शिवसेना सांसद संजय राउत की कस्टडी सोमवार तक बढ़ा दी गई है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) कोर्ट में सुनवाई के दौरान जज ने संजय राउत से पूछा आपको कोई दिक्कत है क्या? राउत ने कहा- जहां कस्टडी में रखा वहां वेंटिलेशन नहीं है। उन्होंने पंखे की मांग की। ईडी ने कोर्ट में कहा कि हमने उनको एसी में रखा है, संजय राउत झूठ बोल रहे हैं। ईडी ने वेंटिलेशन वाला रूम उपलब्ध कराने की बात कही और कहा कि इनके और परिवार के अकाउंट में 1 करोड़ 6 लाख कैसे आए और विदेश दौरे पर कितना खर्च किया उसकी जांच कर रहे हैं। हमको रेड में कुछ कागजात मिले हैं, जिससे पता चलता है कि राउत को हर महीने में प्रवीण द्वारा एक निश्चित रकम दी जाती थी। राउत के वकील ने कहा- वर्षा राउत के अलीबाग प्लॉट को लेकर सभी कागज पत्र ईडी को पहले ही दिए जा चुके हैं। स्वप्ना पाटकर के वकील ने कहा कि संजय द्वारा स्वप्ना पाटकर को धमकाया जा रहा है। जज ने कहा जब संजय राउत गिरफ्तार हैं, तो धमका कौन रहा है।

**3 करोड़ के नए पॉइंट पर रद्द हुई जमानत**

पात्रा चॉल घोटाले की जांच कर रही ईडी ने कोर्ट को बताया कि संजय राउत ने 10 प्लॉट खरीदने के लिए 3 करोड़ रुपए कैश दिए थे। संजय राउत को ये कैश प्रवीण राउत की ओर से मिला था। संजय राउत के लिए प्रवीण 'फ्रंटमैन' की तरह थे। वो संजय राउत को हर महीने लाखों रुपए कैश भी भेजते थे। इसी 3 करोड़ के नए खुलासे के आधार पर ईडी जमानत का विरोध किया। जज ने जमानत याचिका रद्द करते हुए सोमवार तक कस्टडी बढ़ा दी है।

# उद्धव ठाकरे पर बरसने वालीं नवनीत राणा के आएंगे 'अच्छे दिन'

**पति रवि राणा बनेंगे एकनाथ शिंदे सरकार में मंत्री**



मुंबई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। महाराष्ट्र की सियासत में नवनीत राणा का नाम अचानक सुर्खियों में आ गया था। निर्दलीय सांसद ने राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को खुली चुनौती दी थी। उन्हें और उनके विधायक पति रवि राणा को गिरफ्तार भी किया था। अब उनके अच्छे दिन आने वाले हैं। कल होने वाली कैबिनेट विस्तार में उन्हें भी जगह मिल सकती है। रवि राणा ने भी एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फडणवीस की सरकार को अपना समर्थन दिया है। आपको बता दें कि अमरावती की सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के निजी आवास 'मातोश्री' के बाहर हनुमान चालीसा पढ़ने की घोषणा की थी, जिसे उन्होंने बाद में शिवसैनिकों के भारी विरोध के बीच रद्द कर दिया गया था। संजय राउत ने कहा नवनीत राणा पर केंद्र सरकार के इशारे पर काम करने का आरोप लगाया था। मुंबई पुलिस द्वारा शनिवार 23 अप्रैल को दोनों ही नेताओं को गिरफ्तार किया गया था।

मुंबई पुलिस ने दोनों नेताओं को 'विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने' के आरोप में गिरफ्तार किया था। मुंबई पुलिस ने विधायक रवि राणा और सांसद नवनीत कौर राणा के खिलाफ खार पुलिस स्टेशन में धारा 153 (ए), 34, आईपीसी आर/37(1) 135 बॉम्बे पुलिस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था। राणा परिवार ने ठाकरे पर घटना को अंजाम देने का आरोप लगाते हुए पलटवार किया था। नवनीत कौर ने कहा था कि महाराष्ट्र के सीएम ने शिवसेना कार्यकर्ताओं को हमें परेशान करने का आदेश दिया, जबकि उनके पति रवि राणा ने कहा कि उद्धव ठाकरे केवल राजनीतिक लाभ चाहते हैं।

# उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर बीजेपी ने सभी सांसदों की बुलाई बैठक, जेपी नड्डा करेंगे अध्यक्षता



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। उपराष्ट्रपति चुनाव को लेकर बीजेपी के सभी सांसदों की बैठक बुलाई गई है. शुक्रवार शाम साढ़े पांच बजे संसद परिसर में बालयोगी ऑडिटोरियम में ये बैठक होगी. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा बैठक की अध्यक्षता करेंगे, अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे. उपराष्ट्रपति चुनाव में वोट डालने का तरीका समझाया जाएगा. मतदान शनिवार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक होगा. उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान संसद भवन में ही होगा और इसमें मनोनीत सांसदों समेत सभी सांसद हिस्सा लेंगे.मतदान के तुरंत बाद मतगणना शुरू होगी और देर शाम तक परिणाम आ जाएगा. एनडीए के उम्मीदवार और पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ की जीत तय मानी जा रही है.

उन्हें 65 प्रतिशत से भी अधिक मत मिलने का अनुमान है. उन्हें बीजेडी, वाईएसआर कांग्रेस, बीएसपी और टीडीपी ने भी समर्थन दिया है. उनके खिलाफ विपक्ष ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा को मैदान में उतारा गया है. इससे पूर्व बुधवार को बीएसपी की प्रमुख मायावती ने घोषणा की है कि वह उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए के उम्मीदवार जगदीप धनखड़ का समर्थन करेंगी. मायावती के वैरिफाइड ट्विटर हैंडल से ट्वीट किया गया है कि सर्वविदित है कि देश के सर्वोच्च राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव में सत्ता व विपक्ष के बीच आम सहमति ना बनने की वजह से ही इसके लिए फिर अन्ततः चुनाव हुआ, अब ठीक वही स्थिति बनने के कारण उपराष्ट्रपति पद के लिए भी दिनांक 6 अगस्त को चुनाव होने जा रहा है. बीएसपी ने ऐसे में उपराष्ट्रपति पद के लिए हो रहे चुनाव में भी व्यापक जनहित व अपनी मूवमेन्ट को भी ध्यान में रखकर जगदीप धनखड़ को अपना समर्थन देने का फैसला किया है तथा जिसकी मैं आज औपचारिक रूप से घोषणा भी कर रही हूं.

जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाले धनखड़ समाजवादी पृष्ठभूमि के रहे हैं और वह पूर्व प्रधानमंत्री विश्वनाथ प्रताप सिंह की सरकार में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं. बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने धनखड़ को किसान पुत्र बताया था और कहा कि उन्होंने पश्चिम बंगाल में खुद को 'जनता के राज्यपाल' के रूप में स्थापित किया.

# अंतरराज्यीय हथियार तस्कर सिंडीकेट का भंडाफोड़, 12 पिस्टल और कारतूस बरामद

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने गुरुवार को अंतरराज्यीय हथियार तस्कर सिंडीकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार करते हुए 12 पिस्टल और 12 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया, "गिरफ्तार आरोपी ध्रुव उर्फ पप्पी राजस्थान का रहने वाला है। उसके खिलाफ हथियार तस्करी के कई मामले दर्ज हैं।" स्पेशल सेल के पुलिस उपायुक्त जसमीत सिंह ने बताया कि आरोपी अवैध हथियार मध्य प्रदेश से लाता था और उन्हें दिल्ली-एनसीआर, पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में सप्लाई करता था। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियिम की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# विपक्ष में तल्खी के बीच दिल्ली जाएंगी ममता बनर्जी पीएम नरेंद्र मोदी से कर सकती हैं मुलाकात



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गुरुवार से दिल्ली दौरा शुरू कर रही हैं। खबर है कि इस दौरान वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात कर सकती हैं। खास बात है कि उप राष्ट्रपति चुनाव के बीच उनकी दिल्ली यात्रा को काफी अहम माना जा रहा है। हालांकि, उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने चुनाव में वोटिंग से दूर रहने का फैसला किया है। दिल्ली के चार दिवसीय दौरे पर सीएम बनर्जी पीएम मोदी की अध्यक्षता वाली नीति आयोग की बैठक में शामिल होंगी। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, वह पीएम से भी मिल सकती हैं। इसके अलावा देश की नई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से भी मुलाकात भी उनके कार्यक्रम का हिस्सा होगा। खास बात है कि सीएम बनर्जी का दौरा आमतौर पर विपक्षी एकता से जुड़ा होता है, लेकिन इस बार वह दिल्ली यात्रा ऐसे समय पर कररही हैं, जब विपक्षी एकता सवालों के घेरे में है।

**उपराष्ट्रपति चुनाव से भी बनाई है दूरी**

सीएम बनर्जी के दौरे के बीच ही देश में उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान (6 अगस्त) होना है। चुनाव में नेशनल डेमोक्रेटिक एलायंस (एनडीए) ने पश्चिम बंगाल के पूर्व राज्यपाल जगदीप धनखड़ को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, विपक्ष की तरफ से कांग्रेस नेता मार्गरेट अल्वा मैदान में हैं। हालांकि, टीएमसी सांसद इस दौरान मतदान नहीं करेंगे। पार्टी के इस फैसले को भी विपक्ष में फूट के तौर पर देखा जा रहा है। पार्टी का कहना है कि विपक्षी दलों ने उम्मीदवार के चुनाव से पहले उनके साथ विचार विमर्श नहीं किया है। खास बात है कि बंगाल के राज्यपाल के तौर पर भी धनखड़ और सीएम बनर्जी के बीच तनाव की खबरें सामने आती रही हैं। एक दिन पहले ही उन्होंने अपने मंत्री परिषद में फेरबदल किया है।

# केरल में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त, 40 बक्सों में रखी थी 8000 जिलेटिन छड़ें



पलक्कड़, 4 अगस्त (एजेंसियां)। केरल के पलक्कड़ जिले के शोरनूर में भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री मिली है। पुलिस ने 40 बक्सों में रखी गई 8000 जिलेटिन छड़ों को लावारिस हालत में जब्त किया है। शोरनूर पुलिस ने यह सामग्री जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। यह सामग्री एक खदान के पास मिली है, इसलिए माना जा रहा है कि यह खनन कार्यों के इस्तेमाल के लिए रखी गई हो।

# कैशकांड से बची कांग्रेस झारखंड में बदलेगी मंत्री, संगठन में भी बड़ा फेरबदल; वफादारों को मिलेगा इनाम



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड में कांग्रेस विधायकों के बड़ी संख्या में नकदी के साथ गिरफ्तारी के बाद पार्टी ने अपना घर दुरुस्त करने की तैयारियां शुरू कर दी हैं। पार्टी गठबंधन सरकार में अपने कोटे के मंत्रियों और संगठन में बदलाव कर सकती है ताकि, कैश कांड में शामिल नेताओं पर कार्रवाई करते हुए पार्टी के साथ मजबूती से खड़े रहे विधायकों को नवाजा जा सके। पार्टी रणनीतिकार मानते हैं कि कैश कांड में विधायकों की गिरफ्तारी के बाद पार्टी मामले की तह तक जाकर यह सुनिश्चित करेगी कि गठबंधन सरकार अपना कार्यकाल पूरा करे। इसके लिए पार्टी सीएम हेमंत सोरेन से चर्चा कर अपने कोटे के मंत्रियों में बदलाव के साथ संगठन में भी फेरबदल करेगी।

कांग्रेस को शक है कि कैश कांड में इन तीन विधायकों के अलावा कुछ और विधायक और मंत्री शामिल हैं। यह संख्या सात या आठ तक पहुंच सकती है। इसलिए, पार्टी की पहली कोशिश इन लोगों की पहचान कर उन्हें अलग करना है। ताकि, भविष्य में ऐसी घटना न हो। सरकार अस्थिर करने की दो बार कोशिश प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे के मुताबिक, झारखंड सरकार को अस्थिर करने की यह दूसरी कोशिश है। 2021 में भी प्रयास किए गए थे, पर दोनों बार कोशिश विफल रही।

उन्होंने कहा कि इस कैश कांड में भाजपा शासित प्रदेश के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और कई व्यापारी शामिल हैं। महाराष्ट्र की तर्ज पर बगावत की कोशिश थी। प्रदेश में बूथ से लेकर प्रदेश तक संगठन को मजबूत बनाने के लिए छह स्तरीय अभियान चलाया जा रहा है। संगठन ने कई कार्यक्रम शुरू किए हैं। इनमें जो नेता और कार्यकर्ता अच्छा काम कर रहे हैं, उनके काम को सराहा जाएगा ताकि, संगठन राजनीतिक परिस्थितियों और चुनौतियां का मुकाबला कर सके।

# राज्यसभा में उठा छत्तीसगढ़ के बालको का मुद्दा

## सरोज पांडेय ने कहा- कंपनी में गड़बड़ियों की होनी चाहिए जांच



रायपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। छत्तीसगढ़ की राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय ने कोरबा स्थित भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) कंपनी का मुद्दा राज्यसभा में उठाया। शून्यकाल में यह मुद्दा उठाते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा स्थित भारत एल्यूमिनियम कंपनी को सन 2000 में भारत सरकार की विनिवेश नीति के तहत स्टरलाइट कंपनी को 51% हिस्सा बेच दिया गया था। उस वक़्त इस कंपनी का सालाना उत्पादन लगभग एक लाख टन था,

जो वर्तमान में लगभग 5 लाख टन प्रतिवर्ष हो चुका है। यह उपक्रम देश के सबसे महत्वपूर्ण और बड़े एल्यूमिनियम उत्पादकों में से एक है। कंपनी में भारी अनियमितता है। कंपनी ने नियमों का पालन नहीं किया, जिसकी जांच होनी चाहिए। छत्तीसगढ़ विधानसभा में कंपनी का मामला विधायक ननकीराम कंवर ने उठाया था। राज्यसभा में सांसद सरोज पांडेय ने कहा कि उत्पादन प्रतिवर्ष 1 लाख टन से बढ़ाकर वर्तमान में 5 लाख टन प्रतिवर्ष हो गया है, लेकिन अभी भी कंपनी द्वारा ऑडिट रिपोर्ट में लगातार नुकसान होना दिखाया जा रहा है, जिससे टैक्स देने से बच जा सके और अन्य सामाजिक दायित्व के कार्य न करना पड़े।

कंपनी रूल का पालन न करके सभी वित्तीय दस्तावेजों को पब्लिक डोमेन में नहीं रखा जा रहा है। कंपनी द्वारा क्षमता विस्तार की अनुमति में अनियमितताएं हैं। जिस जमीन पर नए प्लांट बने हैं, उस जमीन का प्रकरण सुप्रीम कोर्ट में लंबित है, जिसे स्थानीय प्रशासन से छुपाया गया। अवैध रूप से अनुमति प्राप्त की गई। यह एक गंभीर विषय है और इसकी तुरंत जांच की जानी चाहिए।

# मुंबई पुलिस ने पालघर से 1400 करोड़ कीमत की 700 किलो से ज्यादा मेफेड्रोन जब्त की, 5 गिरफ्तार



मुंबई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई पुलिस ने पालघर जिले के नालासोपारा में एक दवा निर्माण इकाई पर छापेमारी के बाद 1400 करोड़ रुपये कीमत की 700 किलोग्राम से ज्यादा 'मेफेड्रोन' जब्त की है. इस सिलसिले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है. एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी. अधिकारी ने बताया कि मुंबई अपराध शाखा के मादक पदार्थ रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने छापेमारी की. उन्होंने कहा कि विशिष्ट सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है. एएनसी के एक दल ने परिसर में छापेमारी की और उस दौरान वहां प्रतिबंधित दवा 'मेफेड्रोन' बनाए जाने की बात सामने आई. अधिकारी ने कहा कि मुंबई से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक व्यक्ति को नालासोपारा में पकड़ा गया. उन्होंने बताया कि यह हाल के दिनों में शहर की पुलिस द्वारा मादक पदार्थों की सबसे बड़ी बरामदगी में से एक है. 'मेफेड्रोन' को 'म्याऊ म्याऊ' या एमडी भी कहा जाता है. यह राष्ट्रीय स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत प्रतिबंधित है.

### तिरंगे पर आरएसएस से सवाल पूछने वालों ने किया है भारत का बंटवारा

# कांग्रेस के हमले पर संघ का पलटवार



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के अनुसार अपने सोशल मीडिया अकाउंट की डिस्प्ले फोटो को तिरंगे से नहीं बदलने के लिए कांग्रेस द्वारा की जा रही आलोचना और किए जा रहे सवाल का जवाब दिया है। आरएसएस ने कहा कि संगठन ने पहले ही हर घर तिरंगा और आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों को अपना समर्थन दिया है। आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि संघ ने जुलाई में सरकारी, निजी निकायों और संघ से जुड़े संगठनों के कार्यक्रमों में लोगों और स्वयंसेवकों से पूर्ण समर्थन और भागीदारी की अपील की थी। केंद्र का हर घर तिरंगा भाजपा और कांग्रेस के बीच एक नया मुद्दा बन गया है। कांग्रेस नेताओं ने बुधवार को अपनी सोशल मीडिया अकाउंट की प्रोफाइल फोटो को जवाहर लाल नेहरू की राष्ट्रीय ध्वज लहराते हुए तस्वीर से बदल दिया। राहुल गांधी ने आरएसएस पर कटाक्ष किया और ट्वीट कर कहा कि लोग 'हर घर तिरंगा' अभियान चला रहे हैं, वे राष्ट्र-विरोधी संगठन से आए हैं, जिन्होंने 52 साल तक तिरंगा नहीं फहराया। उन्होंने कहा कि आरएसएस पहले ही लोगों और स्वयंसेवकों से 'आजादी का अमृत महोत्सव' को उत्साह के साथ मनाने के लिए कह चुका है और तैयारी जारी है। उन्होंने आरोप लगाया, यह संघ की स्थिति है और इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना गलत है। इस तरह के तीखे सवाल नहीं होने चाहिए। इस तरह के सवाल उठाने वाली पार्टी देश के विभाजन के लिए जिम्मेदार है। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने गुरुवार को आरएसएस के ट्विटर हैंडल और मोहन भागवत के स्क्रीनशॉट को ट्वीट किया जिसमें दिखाया गया है कि उन्होंने अपनी डिस्प्ले तस्वीरों पर तिरंगा नहीं लगाया है।

सुविचार: भगवान का बच्चा होने का अर्थ है उनकी विशेषताओं को स्वयं में प्रत्यक्ष करना

# 600 करोड़ रुपए की लागत से बने आईसीसीसी सेंटर में हैं कई खूबियां

## पुलिस की विभिन्न इकाइयां एक ही छत के नीचे करेंगी कामकाज

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। हैदराबाद शहर में पाश इलाके में बने तेलंगाना पुलिस के इंटीग्रेटेड कमांड कंट्रोल सेंटर (आईसीसीसी) में कई खूबियां है। छह सौ करोड़ रुपए की लागत से बने इस भवन में पुलिस की कई इकाई एक छत के नीचे ही अपना कामकाज करेगी। खास बात यह है कि इसमें सौर ऊर्जा, सभागार, योग केन्द्र आदि की सुविधा है। पहले से ही शहर में एक आगामी प्रतिष्ठित लैंडमार्क पुलिस टावर के रूप में इसकी पहचान बन गई है। एक ही छत के नीचे पुलिस की विभिन्न इकाइयों के कामकाज की नेटवर्किंग में मदद करेगा।



यह एक आईसीसीसी एक हरित भवन है। सौर पैनल 0.5 मेगावाट (मेगावाट) उत्पन्न करेंगे और निर्माण के लिए पुनर्नवीनीकरण सामग्री का उपयोग किया गया है। 6.42 लाख वर्ग फुट के ढांचे में पांच टावर हैं। 20 मंजिला टावर-ए में हैदराबाद सिटी पुलिस कमिश्नरेट है और टावर-बी टेक्नोलॉजी फ्यूजन टॉवर है जिसमें डायल-100, एसएचई सेफ्टी, साइबर और नारकोटिक्स, क्राइम, इनक्यूबेशन सेंटर आदि से संबंधित सभी बैकअप है। टावर-सी में एक सभागार है और टावर-डी में एक मीडिया और प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। टावर-ई में मल्टी-डिपार्टमेंट कोऑर्डिनेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, वॉर रूम और रिसीविंग रूम के लिए कमांड कंट्रोल और डाटा सेंटर स्थापित है। संरचना में एक हेलीपैड, एक लैंडिंग क्षेत्र या हेलीकाप्टरों के लिए मंच, और आपातकालीन संचालन के लिए संचालित लिफ्ट विमान की भी सुविधा है। राज्य भर में स्थापित लगभग 9.22 लाख कैमरों को इस केंद्र से जोड़ा जाएगा, जिससे पुलिस किसी भी समय लगभग एक लाख कैमरों की निगरानी और जांच कर सकेगी। इस इमारत में आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए वार रूम बनाया गया है। जिसे फील्ड पुलिसिंग का समर्थन करने के लिए बैक-एंड ऑपरेशन में काम करने वाली प्रौद्योगिकी टीमों के लिए डिज़ाइन किया गया है। यह सभी संबंधित सरकारी विभागों के आवास के लिए आपदा और संकट प्रबंधन केंद्र के रूप में भी कार्य करेगा। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा एनालिटिक्स और सोशल मीडिया यूनिट्स के लिए अलग जगह है। इमारत में एक संग्रहालय भी है जो तेलंगाना पुलिस के इतिहास को प्रदर्शित करता है और एक 360 डिग्री व्यूइंग गैलरी भी है।

केंद्र में लकड़ी के फर्नीचर का उपयोग नहीं किया जाता है। सभी फर्नीचर को पुनर्नवीनीकरण सामग्री से डिजाइन किया गया है। 35 प्रतिशत भूमि वृक्षारोपण के लिए आवंटित की गई है। शानदार नई इमारत में एक योग केंद्र, जिम और स्वास्थ्य केंद्र भी है। हालांकि उद्घाटन के बाद से आईसीसीसी चर्चा का केन्द्र बन गया है। देश में यह अपने आप में अलग स्थान रखता है और अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर भी इसे अहम बताया जा रहा है।

# 43 हजार मरीजों का इलाज करने वाला फर्जी डॉक्टर गिरफ्तार

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। वारंगल टास्क फोर्स की टीम ने वारंगल में एक फर्जी डॉक्टर और उसके सहायक को बिना शैक्षणिक योग्यता के मरीजों का इलाज करने के आरोप में गिरफ्तार किया।

पूछताछ में पता चला कि फर्जी डॉक्टर ने चार साल में करीब 43 हजार मरीजों का इलाज किया था। पुलिस आयुक्त तरुण जोशी ने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि वारंगल के मुजातबा अहमद ने बी फार्मेसी कोर्स छोड़ दिया था और एक स्थानीय डॉक्टर के यहां सहायक के रूप में काम करते था। वह वेतन से संतुष्ट नहीं था। इसलिए उसने डॉक्टर बनने की योजना बना ली। उसने एम्स से एमबीबीएस करने का फर्जी सर्टिफिकेट बनाया। इसके बाद वर्ष 2018 में वारंगल के चिंतल में एक क्लिनिक 'हेल्थकेयर फार्मेसी' शुरू किया। दामेराकोंडा संतोष उनके सहायक के रूप में काम कर रहा था। मुजताबा मरीजों से इलाज के लिए मोटी रकम वसूल करता था। जरूरत न होने पर भी वह दवा व जांच कराने की सलाह देता था। फर्जी डॉक्टर की विश्वसनीय सूचना के आधार पर टास्क फोर्स के अधिकारियों ने उनके क्लिनिक पर छापा मारा। उनके पास से फर्जी डॉक्टर सर्टिफिकेट, 1.90 लाख रुपये नकद, लैपटॉप, तीन मोबाइल और लैब के उपकरण बरामद किए गए।




## राज्यपाल ने उच्च न्यायालय के नए न्यायाधीशों को दिलाई शपथ

विजयवाड़ा, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने गुरुवार को यहां थुम्मलपल्ली कलाक्षेत्रम में आयोजित एक कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के नवनियुक्त न्यायाधीशों और अतिरिक्त न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलाई। प्रारंभ में, न्यायाधीशों- अदुसुमिली वेंकट रवींद्रबाबू, डॉ वक्कलगड्डा राधाकृष्ण कृपासागर, बंडारू श्यामसुंदर, वुतुकुरु श्रीनिवास को राज्यपाल हरिचंदन द्वारा आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के रूप में शपथ दिलाई गई, उसके बाद बोप्पना वराहलक्ष्मी नरसिम्हा चक्रवर्ती, तल्लाप्रगदा मल्लिकार्जुन राव, जिन्होंने उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश के रूप में शपथ ली।

# श्री भाग्यलक्ष्मी चारमीनार में विशेष वर लक्ष्मी पूजा आज

## राज्यपाल तमिलिसाई सौदरराजन ने किया दर्शन-पूजन

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। श्री भाग्यलक्ष्मी मंदिर चारमीनार में शुक्रवार 5 अगस्त को वर लक्ष्मी पूजा का विशेष आयोजन किया गया है। इस अवसर पर माता जी का विशेष अलंकार किया जाएगा।



माता के दरबार मे भव्य सजावट की जाएंगी। मंदिर की ट्रस्टी शशिकला मिश्रा ने बताया कि वर लक्ष्मी पूजा को लेकर विशेष तैयारी की गई है। इस दौरान श्री भाग्यलक्ष्मी का विभिन्न प्रकार के कमल के फूलों आदि से विशेष श्रृंगार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूजा का अत्यधिक महत्व है। श्रद्वालुओं की सुविधा के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा विशेष प्रबंध किए जा रहे है। उन्होंने बताया कि माँ भाग्यलक्ष्मी के प्रथम दर्शन प्रातः 7 बजे आरती से आरंभ होकर रात्रि 12 बजे तक होंगे। इसी क्रम में तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौदरराजन ने बुधवार को श्री भाग्यलक्ष्मी चारमीनार में दर्शन-पूजन किया।

# सभी स्कूलों व कॉलेजों में सरकार आयोजित करेगी स्वतंत्र भारत वज्रोत्सव : सबिता

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। देश के 75वें स्वतंत्रता दिवस समारोह के साथ, राज्य के शिक्षा विभाग ने तेलंगाना में 8 से 22 अगस्त तक सभी शैक्षणिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है। शिक्षा मंत्री सबिता इंद्रा रेड्डी ने गुरुवार को यहां से शिक्षा विभाग के सभी जिला अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस की और उन्हें निजी प्रबंधन सहित सभी शिक्षण संस्थानों को



समारोह में शामिल करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि समारोह भव्य तरीके से आयोजित किया जाना चाहिए और समारोह के दौरान प्रत्येक शिक्षण संस्थान में उत्सव का माहौल बनाया जाना चाहिए। अधिकारियों को देशभक्ति पर जोर देने और नई पीढ़ियों को स्वतंत्रता सेनानियों, उनके बलिदानों और देश का आनंद ले रहे स्वतंत्रता संग्राम के फलों के बारे में शिक्षित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। सबिता इंद्रा रेड्डी ने बताया कि तेलंगाना सरकार द्वारा आयोजित 'स्वतंत्र भारत वज्रोत्सवलु' के हिस्से के रूप में समारोह आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर बोलते हुए, मंत्री ने कहा कि शिक्षा विभाग ने 15 दिनों के लिए समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया है और सभी स्कूल, कॉलेज और अन्य शैक्षणिक संस्थान समारोह में भाग ले रहे हैं। समारोह के हिस्से के रूप में, तेलंगाना में प्रत्येक शैक्षणिक संस्थान को 10 अगस्त को 75 पौधे लगाने की योजना बनाई जानी चाहिए, सबिता इंद्र रेड्डी ने अधिकारियों को निर्देश दिया।

## कार का ब्रेक फेल होने से दीवार पर लटकी, महिला की बची जान

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। कथित तौर पर ब्रेक फेल होने के बाद एक कार अनियंत्रित हो गई और बुधवार शाम राजभवन रोड पर एक बहुमंजिला इमारत की रेलिंग की दीवार से जा टकराई। हालांकि कार ऊंची दीवार पर लटकी रही, लेकिन दुर्घटना में किसी को चोट नहीं आई।

कार को एक महिला चला रही थी। ब्रेक फेल होने के बाद नियंत्रण से बाहर हो गई थी और चालक ने स्टीयरिंग व्हील से नियंत्रण खो दिया था। वाहन दीवार से टकरा गई। दीवार सड़क से करीब 25 फीट ऊपर थी। स्थानीय लोगों द्वारा महिला की मदद करने से पहले कार का अगला हिस्सा दीवार से टकराकर हवा में लटक रहा था।

# बासर आईआईआईटी के छात्र फिर बीमार

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। बसार आईआईआईटी के 50 से अधिक छात्र आज नाश्ता करने के बाद फिर से बीमार पड़ गए। नाश्ता करने के बाद उन्हें उल्टी होने लगी और पेट में दर्द होने लगा। छात्रों का आरोप है कि फूड प्वाइजनिंग की वजह से वे बीमार पड़ गए। संस्थान के छात्र लंबे समय से लगातार फूड प्वाइजनिंग की घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। एक महीने पहले फूड प्वाइजनिंग का शिकार होने के बाद छात्रों ने भारी विरोध प्रदर्शन किया था। उन्होंने बारिश और तेज धूप के डर के बिना एक सप्ताह तक अपना विरोध जारी रखा। राज्य के शिक्षा मंत्री पी. सबिता इंद्रा रेड्डी ने छात्रों के विरोध पर प्रतिक्रिया दी और संस्थान के मेस ठेकेदारों के टेंडर रद्द करने सहित उनकी समस्याओं को हल करने का वादा किया, लेकिन वादा करने के 20 दिन बाद भी छात्रों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया।



बासर आईआईआईटी की समस्याओं को लेकर बैठक करते हुए छात्र समिति के सदस्य।

छात्रों द्वारा विरोध कार्यक्रम का एक और दौर आयोजित करने की चेतावनी के बाद संस्थान के अधिकारियों ने मेस ठेकेदारों से नए सिरे से निविदाएं आमंत्रित करते हुए निविदा अधिसूचना जारी की। छात्रों ने एक बार फिर मांग की है कि राज्य सरकार उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान करे, जिसमें संस्थान में स्थायी कुलपति की नियुक्ति भी शामिल है।

CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

I, DAWOOD ALI R/O H NO. 20-2-536, FLAT NO. 306, HUSSAIN ALAM, BAHADURPURA, HYD-64.T.S.HAVE CHANGED NAME AS *DAWOOD ALI SURAR WALA* S/O *LATE MAHMOOD ALI SURAT WALA*

ABDUL MATEEM ALIAS ZEESHAM R/O H NO. 17-8-246/36, BAGH E JAHANARA, YAKUTPURA, HYD-23 T.S., HAVE CHANGED MY NAME AS ABDUL MATEEN ALIAS ZEESHAN

सावधान

पाठकों को सूचित किया जाता है कि वर्गीकृत विज्ञापन के प्रतिवादन करने से पहले उसकी पूरी तरह से जाँच पड़ताल कर लें। विज्ञापनदाता ने दावा कर रहे हैं या कह रहे हैं, उन बातों से दैनिक समाचार पत्र (स्वतंत्र वार्ता) का किसी भी तरह का कोई सम्बन्ध नहीं है।

# केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारामन ने भी राज्य के विकासार्थ पर्याप्त फंड्स देने में झूठ बोला : मंत्री केटीआर

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य आयटी मंत्री केटीआर ने केंद्र सरकार पर आरोप मढा कि, तेलंगाना के विकासार्थ पर्याप्त फंड्स देने में आनाकानी की जा रही है तथा इस मामले में केंद्र सरकार झूठ बोल रही है।

इस संदर्भ में, राज्य मंत्री केटी रामाराव ने मीडिया को बताया कि, केंद्र सरकार के झूठ के पुलिंदे को अब छुपाना मुश्कील हो गया है। केंद्र सरकार के अनेकानेक बलहीन नीतियों से देश की आर्थिक स्थिति पूरी तरह चरमरा रही है। जिसमें उन्होंने केंद्र सरकार की कडी निंदा करते हुए आगे यह भी कहा कि, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन भी राज्य की



अर्थव्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए पर्याप्त फंड्स देने में आनाकानी कर रही है तथा झूठ पर झूठ बोले जा रही है। पर वास्तविकता को छुपाया नही जा सकता है।

इस मामले में मंत्री केटीआर ने केंद्र सरकार की गलत आर्थिक नीतियों जैसे नोट्स का रद्धीकरण, जीएसटी का अनाप शनाप लागू करना एवं इंधन के दरों में भारी वृद्धि के फलस्वरूप देश की आर्थिक स्थिति पूरी तरह से डांवाडोल हो रही है। इस वास्तविकता से आम जन जान चुकी है। इसके चलते केंद्र की गलत आर्थिक नीतियों से देश की आर्थिक व्यवस्था पूरी तरह नष्ट हो गयी है तथा आर्थिक विकास पूरी तरह से थम गया है।

नोटिस

सम्मन बनाम मुदायलाह बिनावर कायमी तनकीहात

(ऑर्डर रुल 1 व 05 जाब्ता दीवानी)

अज अदालत - श्रीमान सिविल न्यायाधशि महोदय जी जैतारण
ब-इजलअस - श्रीमती रजनी मीणा (R.J.S)

340 / 03-08-2022

मुद्यई गजेन्द्र मुदायलाह मिश्रीलाल वगैराह

दावा बाबत वादी की पट्टा सुदा भूमि का नाप चौप कर सीमाज्ञान करवाने, दिलवाने कब्जा व हटाने अतिक्रमण पट्टा सुदा भूमि का एवं मिंन्स प्राफिट्स व स्थाई निषेधाज्ञा

मुकदमा नम्बर 18 / 2022
Civil Suit

मुसम्मी 01- श्रीमती कमला देवी पत्नि मोहनलाल, प्रतिवादी संख्या 02- लीला चान्दोरा पुत्री मोहनलाल पत्नि धर्माराम जी, प्रतिवादी संख्या 03- इन्द्रा देवी पुत्री मोहनलाल पत्नि श्रीपालजी कुमावत, व प्रतिवादी संख्या-04 सन्तोष पुत्री मोहनलाल पत्नि नरेश जी कुमावत सभी जातियान कुमावत निवासीगण मोहनलाल चान्दोरा, चन्द्रा निवास बालाजी मिष्ठान भण्डार के सामने, काली मन्दिर के पास बंदलागुड़ा हैदराबाद पिन कोड 500086 हरगाह कि वादीगण ने आपके खिलाफ एक उपरोक्त अनवान का वादपत्र दायर किया है लिहाजा आपको ब-जरिये इस तहरीर के दावे की जवाबदेही के लिये तारीख 02 माह 09 सन् 2022 को दिन 10.10 am बजे अदालत हाजा मे असालतन मार्फत ऐसे वकील के जो हालत मुकदमें से वाकिफ किया गया हो व कुल अमर अहम मुताबित जवाब दे सके या जिसके साथ कोई ऐसा शख्य हो जो सवाल का जवाब दे सके हाजिर होने के लिये तलब किया जाता है और आपको हिदायत दी जाती है कि जुमले दस्तावेज जिन पर आप अपनी जवाबदेही का ताईन मे इस्तेमाल करना चाहता हो उस दिन पेश करो ।

आगाह रहे कि अगर वकील मजकूर आप हाजिर न हुये तो दावा आपको गैर हजारी मे सुना व फैसला किया जायेगा ।

बसिब्त मेरे दस्तखत व मुहर अदालत के आज तारीख 03 माह 08 सन् 2022 को जारी किया गया ।

अदालत ........ आज्ञा से
मोहर
रीडर
सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट, जैतारण, जिला-पाली
दस्तखत वकील या फरीक
ओहदा ........

# मंचेरियाल में माओवादी पार्टी के सदस्य गिरफ्तार



मंचेरियल, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। 22 वर्षीय एक व्यक्ति को प्रतिबंधित माओवादी पार्टी का सदस्य होने और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वीडियो देखकर उसकी ओर आकर्षित होने के बाद उसकी विचारधाराओं को प्रचारित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। उसे बुधवार को जयपुर मंडल में पत्रकारों के सामने पेश किया गया। उसके पास से उग्रवादियों का साहित्य बरामद किया गया।

गिरफ्तारी की जानकारी देते हुए जयपुर के सहायक आयुक्त जी. नरेंद्र ने बताया कि आरोपी चरमपंथी जयपुर मंडल के वेलाला गांव का रहने वाला गुडुरु प्रशांत उर्फ सुरेश है। उन्हें जयपुर के सब-इंस्पेक्टर जी रामकृष्ण ने एक गुप्त सूचना के बाद उनके आवास पर हिरासत में लिया था।

पूछताछ के दौरान प्रशांत ने विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर माओवादी पार्टी के वीडियो देखकर उसकी विचारधाराओं के प्रति आकर्षित होने की बात स्वीकार की। उसने 1 जनवरी को अपने परिवार के सदस्यों को बताए बिना अपना घर छोड़कर छत्तीसगढ़ में मैलारापु भास्कर के नेतृत्व वाले कुमराम भीम आसिफाबाद आदिलाबाद क्षेत्र में शामिल होने की बात कबूल की। उन्होंने संगठन के अन्य विंग से मुलाकात की।

नरेंद्र ने कहा कि युवाओं के गायन और वक्तृत्व कौशल से प्रभावित होने के बाद, संगठन ने उन्हें युवाओं के बीच विचारधाराओं का प्रचार करने और ग्रामीण इलाकों में संगठन को मजबूत करने का निर्देश दिया। दैनिक वेतन भोगी से माओवादी बने ने खुलासा किया कि वह एक महीने पहले वेलाला लौटा था और गुप्त रूप से साहित्य बांटकर और रात में विभिन्न गांवों का दौरा करके विचारधाराओं का प्रसार कर रहा था। इस बीच, प्रभारी पुलिस उपायुक्त अखिल महाजन ने माओवादी पार्टी के सदस्य को पकड़ने के लिए जयपुर एसीपी रविंदर, श्रीरामपुर इंस्पेक्टर बी. राजू और जयपुर एसआई रामकृष्ण की सराहना की. उन्होंने युवाओं को चरमपंथियों की पुरानी विचारधाराओं से प्रभावित न होने और अपना करियर खराब करने की सलाह दी।






## तेजस्वी यादव ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

### कहा देश की आय बढ़ाने की बजाय संपत्ति बेच रही सरकार



पटना, 4 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव एक बार फिर सरकार पर हमलावर होते दिखें। उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाते हुए महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल अर्थव्यवस्था को लेकर अपने फेसबुक और ट्विटर पेज पर एक पोस्ट किया है जहां उन्होंने लिखा है की यह अयोग्य सरकार देश की आय को बढ़ाने की बजाय देश की संपत्ति बेच रही है।

ऐसा देखा गया है की राजद नेता तेजस्वी यादव अकसर सोशल मीडिया के माध्यम से बेरोज़गारी, महंगाई समेत कई अन्य मुद्दों को उठाने का काम करते रहते हैं। इसी क्रम में उन्होंने इस बार भी अपने सोशल मीडिया पर लिखा की महंगाई, बेरोजगारी और बदहाल अर्थव्यवस्था देश की सबसे गंभीर व ज्वलंत समस्या है लेकिन दुर्भाग्य है कि सरकार जन सरोकार के इन मुद्दों पर बात ही नहीं करना चाहती। यह अयोग्य सरकार देश की आय बढ़ाने की बजाय देश की संपत्ति बेचकर, युवाओं एवं आम जनों को भ्रमित कर कितने दिन काम चलाएगी?

तेजस्वी यादव द्वारा किए गए इस पोस्ट पर कई यूजर ने अपनी प्रतिक्रिया भी दी। सुरेन्द्र कुमार नाम के एक यूजर ने लिखा की आप ही उम्मीद हो, आप ही आस हो, समस्त बिहार के अब आप ही भरोसा और विश्वास हो, जय तेजस्वी तय तेजस्वी। एक और यूजर सुनील यादव ने लिखा की आज देश में महंगाई रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। देश में बेरोजगारी भी अप्रत्याशित रूप से आसमान छू रही है। गांवों, शहरों, संगठित व असंगठित क्षेत्र हर जगह बेरोजगारी ने विकराल रूप धारण कर रखा है।

## बिहार के तीन मजदूरों की अरुणाचल प्रदेश में मौत, सोते समय गिरी चट्टान

बेतिया, 4 अगस्त (एजेंसियां)। अरुणाचल प्रदेश में चट्टान गिरने से हुए हादसे में बिहार के तीन मजदूरों की मौत हो गई। हादसा अरुणाचल में करदाबी के पालन में बुधवार रात को हुआ। सभी मृतक पश्चिमी चंपारण जिले के रहने वाले थे। सभी मजदूर अपने गांवों से काम के सिलसिले में अरुणाचल गए थे। वहां वे सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। हादसे के वक्त सभी सो रहे थे।

मृतकों की पहचान रामनगर के खटौरा गांव निवासी रामा मुसहर के पुत्र वीरेंद्र मुसहर और जोगेंद्र मुसहर के पुत्र विजय मुसहर के रूप में हुई है। एक अन्य मृतक की पहचान चौतरवा थाना इलाके के सिकटौल निवासी राजेश मुसहर के रूप में हुई है। इसी गांव का रहने वाला विकेश मुसहर उर्फ मंटू मुसहर बुरी तरह घायल हो गया है। उसकी कमर टूट गई है, अस्पताल में इलाज जारी है।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, पति और सास ने एसिड पिलाकर मार डाला

बेगूसराय, 4 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के बेगूसराय जिले से दिल दहला देने वाली वारदात सामने आ रही है, जहां दहेज के दानवों ने विवाहिता की एसिड पिलाकर हत्या कर दी। मृतका की पहचान बाल्मीकि सहनी की पत्नी अंजली कुमारी (21 वर्ष) के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया है कि दो लाख रुपये नहीं देने पर पति और सास ने मिलकर अंजली को एसिड पिलाकर मार डाला। इस घटना की जानकारी अभी तक पुलिस को नहीं मिली है। मृतका के परिजनों के अनुसार अंजली की दो माह पहले मंझौल-3 पंचायत निवासी बाल्मीकि सहनी के साथ शादी हुई थी। 28 जुलाई को किसी बात पर अंजली को उसके पति ने पिटाई कर दी। इससे अंजली परेशान थी। उसके बाद घर में उसकी मां के उकसाने पर बाल्मीकि सहनी ने अपनी पत्नी अंजली को एसिड पिला दिया। इससे वह बुरी तरह झुलस गई। उसके बाद गुस्से में बाल्मीकि सहनी भी अपने शरीर पर एसिड छिड़क लिया। इससे वह भी झुलस कर जख्मी हो गया। आनन-फानन में अंजलि को मंझौल में ही लाइफ केयर अस्पतालमें भर्ती कराया गया। लेकिन लाइफ केयर वालों ने मंझौल ओपी पुलिस इसकी सूचना तक नहीं दी व चोरी छिपे इलाज करते रहे। स्थिति गंभीर होने पर और पीड़ित के परिजन से आर्थिक दोहन करने के बाद झुलसी अंजली को बेहतर इलाज के लिए शहर के एक निजी क्लिनिक में रेफर कर दिया, जहां बुधवार की रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लाया गया है।

## 15 अगस्त को खुले रहेंगे स्कूल

पटना, 4 अगस्त (एजेंसियां)। स्वतंत्रता दिवस को लेकर पूरे देश के साथ साथ बिहार में भी तैयारी शुरु हो गई है। इस वर्ष 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाया जायेगा। इस ऐतिहासिक पल को हर देशवासी अपने-अपने तरीके से सेलिब्रेट करने की तैयारी कर रहे हैं। इस बार सरकार भी स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के रुप में मनाने जा रही है। इन सबके बीच एक बड़ी खबर सामने आ रही है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर सभी स्कूल खुले रहेंगे। स्कूलों में विभिन्न तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसमें छात्र-छात्राओं की भूमिका अहम होगी। सरकार प्राइवेट स्कूलों को भी खोलने का निर्देश दे सकती है। इसको लेकर बैठक चल रही है।

## नेपाल से देवघर जा रही कांवडियों से भरी बस ने ट्रक को ठोका, 36 यात्री घायल, 4 की हालत नाजुक

गोपालगंज, 4 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के गोपालगंज जिले में गुरुवार की सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में करीब तीन दर्जन यात्री (कांवडिया) घायल हो गए। बताया गया है कि नेपाल से देवघर जा रही यात्रियों से भरी बस ने खड़ी ट्रक में पीछे से ठोकर मार दी। इस हादसे में बस में सवार तीन दर्जन यात्री घायल हो गए। घायलों में चार की स्थिति नाजुक है। बस में सवार यात्री नेपाल और यूपी के रहने वाले हैं। सभी झारखंड के देवघर में बाबा धाम जा रहे थे।

हादसे के बाद स्थानीय थाने की पुलिस व आसपास के ग्रामीणों के सहयोग से सभी घायलों को कुचायकोट सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। घायलों में चार की स्थिति नाजुक देखते हुए चिकित्सकों प्राथमिक इलाज करने के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया।

घटना के संबंध में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे नेपाल व यूपी के श्रद्धालु बस में सवार होकर गोपालगंज होते हुए देवघर जा रहे थे।

# ज्ञानवापी-श्रृंगार गौरी मामले की सुनवाई अब 18 को

### मुस्लिम पक्ष की अपील पर कोर्ट ने दी नई तिथि

वाराणसी, 4 अगस्त (एजेंसियां)। वाराणसी के ज्ञानवापी स्थित मां श्रृंगार गौरी के नियमित दर्शन के लिए दाखिल वाद सुनवाई योग्य है या नहीं इस पर गुरुवार को सुनवाई 18 अगस्त तक टल गई। गुरुवार को सुनवाई से पूर्व मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने कोर्ट में प्रार्थना पत्र देकर समय देने की मांग की।

जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत में प्रार्थना पत्र देकर केस के मुख्य अधिवक्ता अभयनाथ यादव के निधन से अवगत कराया। साथ ही निधन की वजह से 15 दिन का समय मांगा। इसपर कोर्ट ने सुनवाई के लिए 18 अगस्त की तिथि तय की। गुरुवार की सुनवाई में मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया को जवाबी बहस करनी थी।

सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर जिला जज डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ऑर्डर 7 रूल 11 के तहत




वाद की पोषणीयता पर 23 मई से लेकर अब तक कई तारीखों पर सुनवाई कर चुकी है। मामले में हिंदू पक्ष का दावा है कि श्रृंगार गौरी का मुकदमा सुनवाई योग्य है। वहीं, मुस्लिम पक्ष का दावा है कि मुकदमा सुनवाई योग्य नहीं है।

सबसे पहले ऑर्डर 7 रूल 11 के आवेदन पर मुस्लिम पक्ष अंजुमन इंतजामिया मसाजिद कमेटी ने दिनों तक दलीलें पेश कीं। इसके अलावा डीएम, पुलिस आयुक्त और प्रदेश के मुख्य सचिव की तरफ से डीजीसी सिविल महेंद्र प्रसाद पांडेय प्रसाद ने पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि अदालत की ओर से पहले जारी सभी आदेश का पालन कराया गया है। आगे भी न्यायालय की ओर से जो आदेश होगा उसके अनुपालन के लिए शासन व प्रशासन प्रतिबद्ध है।

मुस्लिम पक्ष जहां अपनी दलीलों में यह साबित करता रहा कि ज्ञानवापी परिसर में विशेष धर्म उपासना स्थल एक्ट 1991 लागू होता है और वक्फ सम्पत्ति होने के कारण इस कोर्ट को सुनवाई का अधिकार नहीं है।

वहीं हिंदू पक्ष यह दलील देता रहा कि यहां विशेष उपासना स्थल एक्ट 1991 लागू नहीं होता क्योंकि 1993 के पहले यहां पूजा-पाठ होता था। विश्वनाथ मंदिर एक्ट बनने के बाद आराजी संख्या 9130 की पूरी सम्पत्ति देवता में समाहित हो गई और वक्फ बोर्ड रजिस्ट्रेशन का कोई प्रमाण नहीं है। ज्ञानवापी की संपत्ति शहर में है जबकि रजिस्ट्रेशन में मंडुआडीह देहात में बताया गया है।

## आरजेडी में लालू यादव व जगदानंद सिंह के पद पर होगा फैसला

पटना, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजद जल्द ही बिहार में प्रदेश अध्यक्ष और पार्टी के नये राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव करेगा। 21 सितंबर को प्रदेश अध्यक्ष और 11 अक्तूबर को राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा। जिसमें राजद सुप्रीमो और प्रदेश अध्यक्षों का नाम तय होगा। बिहार में भी सबकी नजरें जगदानंद सिंह और लालू प्रसाद यादव पर होंगी। राजद ने संगठन चुनावों की तारीखें जारी कर दी हैं। राजद के सांगठनिक चुनाव की प्रक्रिया 16 अगस्त से शुरू हो जायेगी। राष्ट्रीय सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी चितरंजन गगन ने बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी उदय नारायण चौधरी के निर्देशानुसार 13 अगस्त को राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली एवं कैंप कार्यालय पटना सहित सभी राज्य कार्यालयों में सदस्यों की सूची प्रकाशित की जायेगी। 16 अगस्त

### राजद प्रमुख व प्रदेश अध्यक्ष का होगा चुनाव

से 21 अगस्त के बीच प्राथमिक (बूथ) इकाई, 23 अगस्त से 26 अगस्त के बीच पंचायत कमेटी और प्रखंड डेलिगेट का चुनाव किया जायेगा। 29 अगस्त से दो सितंबर के बीच प्रखंड इकाइयों एवं जिला डेलिगेट्स के चुनाव होंगे।

छह सितंबर से 12 सितंबर के बीच जिला इकाइयों एवं राज्य परिषद के सदस्यों का चुनाव प्रस्तावित है। 21 सितंबर को बिहार सहित सभी राज्यों में राज्य परिषद की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष, राज्य कार्यकारिणी के सदस्यों के साथ ही राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों का चुनाव होगा। इसके लिए अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग तारीखें जारी होंगी। 11 अक्तूबर को राष्ट्रीय परिषद की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

# पटना के सुल्तान पैलेस को तोड़ने के नीतीश सरकार के फैसले पर मचा हंगामा

### ट्विटर पर लोग जता रहे विरोध

पटना, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी पटना के बीचों बीच स्थित सुल्तान पैलेस को ध्वस्त करने के बिहार सरकार के प्रस्ताव के खिलाफ अब लोगों ने हल्ला बोल कर दिया है। बुधवार को लोगों ने ट्विटर पर सेव सुल्तान पैलेस नाम का हैशटैश चलाया। इसके बाद देखते ही देखते सुल्तान पैलेस को बचाने वालों के कमेंट की बाढ़ सी आ गई।

### बड़ी संख्या में सुल्तान पैलेस की तस्वीरें पोस्ट कर रहे लोग

लोग प्रतिष्ठित इमारत को न गिराने की अपील करने लगे। इसके बाद देर रात तक बड़ी संख्या में ट्वीट किए गए, सभी में एक ही हैशटैग सेव सुल्तान पैलेस था। इस ट्रेंड से जुड़ने वाले बड़ी संख्या में यूजर्स ने सुल्तान पैलेस की तस्वीरें भी पोस्ट कीं।

बिहार के छोटे शहरों से लेकर दिल्ली और कोलकाता जैसे बड़े



शहरों तक, लोग सरकार के इस कदम के खिलाफ आवाज उठाने के लिए शामिल हुए और कई लोगों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आधिकारिक खाते को टैग किया और उनसे पैलेस को न तोड़ने की अपील की। एक यूजर ने ट्वीटर पर लिखा कि सुल्तान पैलेस राजधानी पटना की शान है। ऐतिहासिक धरोहर को संभालने की बजाय नष्ट करना दुखद है। आगे उसने लिखा कि मैं सरकार के फैसले के खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ने की तैयारी कर रहा हूं। पटना हाईकोर्ट में जल्द रिट याचिका दायर की जाएगी।


एक अन्य यूजर साहिल ने हिंदी में लिखा कि पटना में मुट्ठी भर ऐतिहासिक इमारतें बची हैं। सुल्तान पैलेस उनमें से एक है और मिश्रित वास्तुकला का एक दुर्लभ नमूना है। सरकार ने इसे पांच सितारा होटल बनाने के लिए ध्वस्त करने का फैसला किया है। इस निर्णय पर, इतिहासकार और नागरिक समाज के सदस्य इसका पुरजोर विरोध करना चाहिए।

हाल ही में, देश के इतिहासकारों, संरक्षणवादियों और आम नागरिकों ने सरकार के इस फैसले का पुरजोर विरोध किया था और सरकार से वास्तुशिल्प के प्रतीक को संरक्षित करने और बहाल करने की अपील की थी और एक वास्तविक पटना के गौरव सुल्तान पैलेस को नष्ट नहीं करने की अपील की थी।

## आरजेडी को मिला सीवान में शहाबुद्दीन का विकल्प?

### तेज प्रताप यादव से मिले रईस खान

सीवान, 4 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार की प्रमुख विपक्षी पार्टी राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) को सीवान में दिवंगत बाहुबली नेता मोहम्मद शहाबुद्दीन का विकल्प मिल गया है? आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के बड़े बेटे तेज प्रताप की रईस खान से मुलाकात के बाद सूबे के राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है। तेज प्रताप यादव और रईस खान की मुलाकात की तस्वीरें सामने आई हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि रईस खान जल्द ही आरजेडी में शामिल हो सकते हैं। ऐसे में शहाबुद्दीन परिवार से लालू फैमिली की दूरियां और बढ़ सकती हैं। बताया जा रहा है कि रईस खान की लालू यादव के परिवार से नजदीकियां बढ़ती जा रही हैं। तेज प्रताप से उनकी मुलाकात की तस्वीरें सामने आने के बाद रईस खान के आरजेडी में शामिल होने की अटकलें तेज हो गई हैं। पिछले दिनों दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हिना शहाब ने साफ कर दिया था कि वह अभी



किसी भी पार्टी में नहीं हैं। मोहम्मद शहाबुद्दीन की मौत के बाद अब रईस खान का नाम नए बाहुबली के रूप में गूंज रहा है। सीवान में खान ब्रदर्स मशहूर हैं, जिनमें अयूब खान और रईस खान शामिल हैं। इनके खिलाफ बिहार समेत कई राज्यों में अपराधिक मामले दर्ज हैं। शहाबुद्दीन का क्षेत्र में प्रभाव कम होने से रईस खान नए बाहुबली नेता के रूप में उभर रहे हैं। रईस खान और शहाबुद्दीन के बीच पुरानी दुश्मनी थी। रईस सीवान से एमएलसी का निर्दलीय चुनाव लड़ चुके हैं। अब उनकी नजर लोकसभा चुनाव पर है। अगर वे आरजेडी में आते हैं तो पार्टी उन्हें आगामी लोकसभा चुनाव में सीवान से टिकट दे सकती है। रईस खान पर हमला भी हुआ था, जिसका आरोप शहाबुद्दीन के बेटे ओसामा पर लगा था। शहाबुद्दीन की मौत के बाद उनके परिवार की आरजेडी से दूरियां बढ़ गई हैं। राज्यसभा चुनाव में आरजेडी ने हिना शराब को टिकट नहीं दिया तो वह नाराज हो गईं। इसके बाद दिवंगत शहाबुद्दीन की पत्नी हिना ने कहा कि वह किसी भी दल के साथ नहीं हैं। अब रईस खान की लालू परिवार की नजदीकियां बढ़ने से हिना शहाब और उनके बेटे ओसामा की चिंता बढ़ गई है।

## पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे की निशानदेही पर एके-47 व पिस्टल बरामद



भदोही, 4 अगस्त (एजेंसियां)। दुष्कर्म, रिश्तेदार की संपत्ति हड़पने सहित कई मामलों में आरोपी पूर्व विधायक विजय मिश्र के बेटे विष्णु मिश्र को गुरुवार को पुलिस ने कोर्ट रिमांड पर लिया। सुबह 10 बजे से शुरू हुआ कस्टडी रिमांड तीन बजे तक निर्धारित है। पुलिस उससे पूछताछ करने के साथ ही उसे कुछ संदिग्ध स्थानों पर ले जाकर जांच भी की।

विष्णु की निशानदेही पर अमवा स्थित बंद पड़े एक पेट्रोल पंप से एक एके-47, एक अत्याधुनिक पिस्टल, 450 से अधिक कारतूस बरामद किए गए हैं। पुलिस अभी और कई अन्य स्थानों पर भी जांच कर सकती है। वर्ष 2020 में पहली बार विष्णु के खिलाफ उसके रिश्तेदार कृष्णमोहन तिवारी ने संपत्ति हड़पने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया था। उसके बाद वाराणसी की एक गायिका ने दुष्कर्म का आरोप लगाते हुए एफआईआर कराया। उस मामले में तत्कालीन विधायक विजय मिश्र भी आरोपी थे, ऐसे में पुलिस ने विजय मिश्र को मध्य प्रदेश के आगर से गिरफ्तार कर लिया। विष्णु उसी समय से फरारी काट रहा था। वाराणसी एसटीएफ लगातार छापेमारी कर रही थी।

उसी बीच करीब आठ महीने पहले अनापुर में विष्णु के छिपे होने की सूचना मिली। जब एसटीएफ की टीम पहुंची तो वह वहां से फरार हो गया। उस मामले में भी मुकदमा दर्ज किया गया था। बीते दिनों एसटीएफ ने एक लाख रुपये के इनामी विष्णु मिश्र को पुणे से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि विष्णु की निशानदेही पर अत्याधुनिक हथियार, कारतूस आदि बरामद किए गए हैं।

शस्त्र रखने और पुलिस के पहुंचने की सूचना पर छोड़कर भागने, कारतूस को कहीं जमीन में दबाने के मामले को लेकर पुलिस ने कस्टडी रिमांड के लिए न्यायालय से अनुरोध किया था। इस मामले में बुधवार को कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान विवेचक को शर्तों के साथ पूछताछ करने व घटनास्थल पर ले जाकर बरामदगी कराने का आदेश हुआ। कोर्ट ने कहा था कि जेल से निकालने से लेकर दाखिल कराने तक एक-एक मिनट की वीडियो रिकार्डिंग करायी जाए।

## पान मसाला कारोबारियों के ठिकानों से 1.35 करोड़ रुपये कैश जब्त

मुजफ्फरपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर में तीन बड़े पान मसाला और जर्दा कारोबारियों के ठिकानों पर बुधवार को आयकर विभाग की टीम ने छापा मारा। इस दौरान उनके कब्जे से 1.35 करोड़ रुपये कैश जब्त किए गए। तीनों कारोबारियों के पटना, सीतामढ़ी और दरभंगा स्थित ठिकानों पर भी छापेमारी की की गई। छापे की कार्रवाई गुरुवार को भी जारी रहने की संभावना है।

कारोबारियों के चारों जिलों में स्थित 20 दुकानों, गोदामों और घरों पर छानबीन की जा रही है। छापेमारी की कार्रवाई बुधवार सुबह से शुरू हुई। कई ब्रांडेड पान मसाला के उत्तर बिहार का सीएनएफ रखने वाले ग्रीन केसरी के मुजफ्फरपुर और सीतामढ़ी स्थित ठिकानों पर छापे मारे गए। इनके मुजफ्फरपुर में केदारनाथ रोड स्थित लक्ष्मी निवास से 35 लाख रुपये जब्त हुए।

कारोबारी अनिल अग्रवाल के दरभंगा और राजेश अग्रवाल के मुजफ्फरपुर स्थित ठिकानों पर छापेमारी की गई। राजेश उर्फ बाबू भाई के पंकज मार्केट स्थित घर से एक करोड़ रुपये मिले।

## मंकीपॉक्स को लेकर अगले 30 दिन खतरनाक

### 6 पॉइंट में केजीएमयू कुलपति से जानिए राज्य स्तरीय मेडिकल एक्सपर्ट पैनल ने क्या दिए हैं सुझाव

लखनऊ, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत में मंकीपॉक्स के अब तक कुल 9 कंफर्म केस सामने आए हैं। 1 मरीज की मौत हो गई है। जो केस आए हैं, उसमें 5 केरल और 4 दिल्ली में सामने आए हैं। यूपी के गाजियाबाद में संदिग्ध मरीज मिलने के बाद स्टेट मेडिकल एक्सपर्ट पैनल की हाई लेवल कमेटी भी एक्टिव हो चुकी है। पैनल इस वायरस को कम्युनिटी स्प्रेडर नहीं बनने पर जोर दिया है। राज्य स्तरीय समिति की वरिष्ठ सदस्य और लखनऊ के केजीएमयू के कुलपति लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. विपिन पुरी बताते हैं कि अगले 30 दिन ज्यादा खतरनाक हैं। अलर्ट होकर इस संक्रमण से बच सकते हैं।

यूपी में मंकीपॉक्स के जुड़े लक्षण पाएं जाने पर, सबसे पहले होम आइसोलेशन का प्रोटोकॉल फॉलो करना होगा। एक्सपर्ट पैनल ने विदेशों में मंकीपॉक्स के मामले में होमो सेक्सुअल होने के कारण,



यूपी में भी इस कम्युनिटी को सॉफ़्ट टारगेट माना है। ऐसे लोगों को सतर्क रहने की हिदायत दी गई है।

यूपी के सभी कोविड अस्पतालों के आइसोलेशन वार्ड में 10 बेड मंकीपॉक्स के मरीजों के लिए रिजर्व करने का सुझाव दिया गया है। मंकीपॉक्स की जांच के लिए केजीएमयू को नोडल सेंटर बनाया गया हैं। जांच के सैंपल नोडल सेंटर में पहुंचे। उसके 24 से 48 घंटे के अंदर रिपोर्ट भेजी जाए।

मंकीपॉक्स के संदिग्ध मरीज की हालत बिगड़ने लगे तो एंटी वायरल ड्रग से इलाज शुरू किया जाए। लोगों को अवेयर करने की जरूरत है। एक्सपर्ट पैनल ने पैनिक नहीं, सतर्क रहने का सुझाव दे रहा है। केजीएमयू के कुलपति डॉ. विपिन पुरी कहते हैं, ये मानसून का सीजन है। मंकीपॉक्स को लेकर अगले 30 दिन बेहद अहम साबित होने वाले हैं। पड़ोसी राज्य दिल्ली में भी 2 केस मिले हैं। इसलिए आने वाला 1 महीना अहम साबित होने जा रहा हैं। क्योंकि इस दौरान डेंगू, चिकनगुनिया, मलेरिया और इंसेफेलाइटिस जैसी बीमारियां तेजी से फैलती हैं।

रोग प्रतिरोधक क्षमता कम हो जाती है। बीते 2 साल में कोरोना संक्रमण भी इसी मौसम में फैला है। इस बार मंकीपॉक्स से अलर्ट रहने की जरूरत जताई जा रही है।

# बाहुबली मुख्तार अंसारी पर एक और चोट

### गाजीपुर में पत्नी आफसा की 50 लाख की संपत्ति कुर्क

गाजीपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। जेल में बंद पूर्व विधायक मुख्तार अंसारी की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदेश सरकार के एंटी माफिया अभियान के तहत गाजीपुर में मुख्तार की पत्नी आफसा अंसारी की अचल भू-संपत्ति को कुर्क किया गया। इसकी कीमत 50 लाख बताई जा रही है।

गुरुवार को मुहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के जफरापुर वार्ड संख्या 18/22 में मुनादी कर कुर्की की कार्रवाई की गई। बुधवार को ही जिलाधिकारी ने कुर्की आदेश पारित किया था। जिसके अन्तर्गत धारा 14(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबंध एवं समाज विरोधी अधिनियम 1986 विरुद्ध अभियुक्त मुख्तार अंसारी पुत्र सुभानुल्लाह अंसारी निवासी युसुफपुर थाना मुहम्मदाबाद द्वारा अपनी पत्नी आफसा अंसारी के नाम अवैध ढंग से संपत्ति अर्जित की गई थी। पुलिस अधीक्षक रोहन पी बोत्रे की अगुवाई में पुलिस और राजस्व टीम ने कुर्की की कार्रवाई की। 16 फरवरी 2009 को मुहम्मदाबाद के जफरापुरा वार्ड संख्या 18/22 में 35 फुट लंबा पूरब-पश्चिम और 27 फुट चौड़ा उत्तर-दक्षिण में क्रय किया गया था। जिसका कुल रकबा 87.79 वर्ग मीटर है। जिसकी वर्तमान मार्केट वैल्यू लगभग 50 लाख रुपये है। आईएस 191 गैंग के लीडर मुख्तार अंसारी की पत्नी आफसा अंसारी पर गाजीपुर और मऊ पुलिस ने गैंगस्टर कायम किया है। कोर्ट की ओर से गैरजमानती वार्ट जारी हो चुका है। हाजिर न होने के चलते पुलिस मुख्तार की पत्नी की कई संपत्तियों की कुर्की की जा रही है।

इससे पहले बीते दिनों पुलिस ने लखनऊ में दो अवैध संपत्तियों को कुर्क किया था। तब मुख्तार अंसारी के सहयोगी भीम सिंह की जमीन पर ये कार्रवाई हुई थी। लखनऊ में भीम सिंह के आवास और एक जमीन पर कुर्की की कार्रवाई की गई थी।

## भतीजे ने चाचा की गोली मारकर की हत्या

### बीच बचाव में आई भाजपा मंडल अध्यक्ष घायल

जौनपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। जौनपुर जिले के बभनियांव गांव में बीती रात चाचा और बुआ की ननद व भाजपा महिला मोर्चा की पंवारा मंडल उपाध्यक्ष को गोली मार दी। घटना में चाचा की मौत हो गई। बुआ की ननद को वाराणसी रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने मुख्य आरोपी भतीजे को हिरासत में लिया है, जबकि दूसरे आरोपी की तलाश जारी है। जफराबाद थाना क्षेत्र के महरुपुर गांव निवासी अतुल सिंह (55) अविवाहित थे। वह लगभग 25 वर्षों से अपने बहन के घर मीरगंज थाना के बभनियांव गांव में रहते थे। बुधवार रात एक बजे बोलेरो से उनका सगा भतीजे सूरज सिंह उर्फ प्रशांत सिंह आया। उसके साथ कचगांव निवासी बकाटू उर्फ टाइगर भी था। परिवार के लोगों के मुताबिक अतुल सिंह अपनी पैतृक जमीन बेचना चाहते थे। जबकि सूरज नहीं चाहता था कि उसके चाचा पैतृक संपत्ति को बेचें। इसी बात को लेकर दोनों में वाद-विवाद काफी बढ़ गया। इस दौरान प्रशांत ने कई राउंड फायर किए। अतुल सिंह और उसकी की बहन की ननद भाजपा महिला मोर्चा की पंवारा मंडल उपाध्यक्ष पुष्पा सिंह (52) के सिर में गोली लगी। जबतक लोग मौके पर जुटते तबतक हमलावर बोलेरो से जंघई की तरफ भाग गए। लोगों ने पुलिस को सूचना दी।

पुलिस घायलों को इलाज के लिए मछली शहर सीएचएसी ले गई। जहां अतुल सिंह को मृत घोषित कर दिया गया। जबकि हालत गंभीर देख पुष्पा को जिला अस्पताल ले जाया गया।

## सपा नेता आजम खां को सांस लेने में तकलीफ



लखनऊ, 4 अगस्त (एजेंसियां)। सपा नेता मोहम्मद आजम खां को फेफड़ों के न्यूमोनिया और सांस लेने में तकलीफ होने के कारण मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ के आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। आवश्यक जांचों के बाद उनको क्रिटिकल केयर टीम की निगरानी में रखा गया है। उनकी तबीयत अभी स्थिर है। मेदांता लखनऊ की क्रिटिकल केयर टीम के प्रमुख डॉ.दिलीप दुबे और उनकी टीम उनके बेहतर इलाज के लिए निरंतर प्रयत्नशील है।

# 30.65 लाख लेकर 7 को जाली जॉइनिंग पत्र थमाया

## मंत्री अनिल विज के पास पहुंची शिकायत के बाद जागी भूना पुलिस; 9 पर एफआईआर



फतेहाबाद, 4 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के फतेहाबाद जिले की भूना पुलिस ने सेना में भर्ती करवाने के नाम पर 30 लाख 65 हजार रुपए ठगने के मामले में 9 लोगों पर विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस तब हरकत में आई जबकि मामला गृहमंत्री अनिल विज तक पहुंच गया। पुलिस मामले की जांच की बात कह रही है। फिलहाल 9 में से किसी भी आरोपी को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है। भूना पुलिस ने गांव धोलू निवासी विकास की शिकायत पर धोलू गांव निवासी कृष्ण, रतिया के जल्लोपुर निवासी गुरमगंत सिंह, सतिन्द्र कौर, बबू, रमेश व दिल्ली निवासी मीनाक्षी, रितू, रोहित व संदीप के खिलाफ धोखाधड़ी सहित अनेक धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। विकास ने बताया कि गांव के ही कृष्ण कुमार के साथ उसकी जान पहचान थी। एक दिन कृष्ण कुमार ने बताया कि गुरमगंत, सतिन्द्र कौर, बबू ने उसके भाई को नौकरी लगवा दी है। ऐसे में वह भी उसे नौकरी लगवा देगा। आरोपियों ने पीड़ित विकास व उसके भाई दिनेश, ताऊ के लड़के विष्णु, मामा के लड़के हिसार के गांव धांसू निवासी संजय, गोरखपुर निवासी प्रदीप को नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख 65 हजार रुपए दे दिए। लेकिन उसके बाद भी नौकरी नहीं लगवाई। लेकिन बाद में आरोपियों ने कहा कि वे सेना में नौकरी लगवा देंगे। इसके लिए आरोपियों ने सभी को फर्जी जॉइनिंग लैटर भी दे दिया। जब सेना कार्यालय में गए तो यह फर्जी निकला। जब आरोपियों से बात की तो रुपए देने से मना कर दिया। इस मामले की शिकायत पीड़ितों ने गृहमंत्री अनिल विज को दी,जिसके बाद गृहमंत्री के बाद अब भूना पुलिस ने उक्त सभी 9 आरोपियों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# कलेक्टर बनने लायक नहीं

## मध्य प्रदेश के अफसर को हाई कोर्ट की फटकार; बताया राजनीतिक एजेंट

भोपाल, 4 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय ने पन्ना के जिला कलेक्टर को फटकार लगाई है। न्यायालय ने कलेक्टर संजय कुमार मिश्रा को फटकार लगाते हुए कहा कि वह कलेक्टर बनने के लायक नहीं हैं और राजनीतिक एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। बुधवार को मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय की खंडपीठ में परमानंद शर्मा द्वारा दायर एक मामले की हुई जो उपाध्यक्ष जनपद पंचायत, गुन्नौर, पन्ना के पद के लिए दावेदारी दे रहे था। इस पद के लिए चुनाव 27 जुलाई 2022 को हुआ था। परमानंद को जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा 25 में से 13 मत प्राप्त करने के बाद 1 मत से निर्वाचित घोषित किया गया। परमानंद को प्रमाण पत्र भी दिया गया था। हालांकि हारे हुए उम्मीदवार भाजपा समर्थित राम शिरोमणि ने धारा 122 के तहत कलेक्टर के पास एक अपील दायर की। इस याचिका पर तत्काल सुनवाई करते हुए कलेक्टर मिश्रा ने पराजित प्रत्याशी को विजयी घोषित कर दिया और सर्टिफिकेट भी जारी कर दिया। इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए उच्च न्यायालय ने कलेक्टर को उनके पद के लिए अनुपयुक्त राजनीतिक एजेंट बताते हुए उन्हें नोटिस जारी किया।

## दैनिक पंचांग

### ग्रह गोचर




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | कर्क में | कर्क... | 04-38 बजे |
| चंद्र- | तुला में | सिंह... | 06-50 बजे |
| मंगल | मेष में | कन्या | 08-58 बजे |
| बुध- | सिंह में | तुला - | 11-02 बजे |
| गुरु- | मीन में | वृश्चिक | 13-12 बजे |
| शुक्र- | मिथुन में | धनु--- | 15-26 बजे |
| शनि- | मकर में | मकर- | 17-32 बजे |
| राहु- | मेष में | कुंभ - | 19-23 बजे |
| केतु- | तुला में | मीन... | 21-02 बजे |
| | | मेष-- | 22-37 बजे |
| | | वृष-- | 00-22 बजे |
| | | मिथुन.. | 02-22 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- 2079
शक संवत् -1944, कलियुग अवधि-432000
भोग्य कलि वर्ष-426878
कलियुग संवत् -5123 वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् -1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-1955885123
महावीर निर्वाण संवत् -2548,हिजरी सन् -1443
ऋतु-वर्षा,दिशाशूल- पश्चिम-दही खाकर घर से निकले
तिथि- अष्टमी - 03-56 - राततक उपरान्त, नवमी
मास - श्रावण शुक्ल पक्ष , शुक्रवार, 05 August
नक्षत्र -स्वाति -18 -37 - तक उपरान्त, विशाखा
योग - शुभ - 14 - 51 - तक उप- शुक्ल
करण- विष्टि - 16 -36 - तक,उप- बव
विशेष:- दुर्गा अष्टमी
व्रत -त्योहार -भद्रा-16-36 तक

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 10:46 से 12:22 तक**

श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र बेगम बाजार हैद्रा.

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| चंचल | 06:00 - 07:34 | शुभ | रोग | 18:46 - 20:10 | अशुभ |
| लाभ | 07:34 - 09:10 | शुभ | काल | 20:10 - 21:34 | अशुभ |
| अमृत | 09:10 - 10:46 | शुभ | लाभ. | 21:34 - 22:58 | शुभ |
| काल | 10:46 - 12:22 | अशुभ | उत्पात | 22:58 - 00:22 | अशुभ |
| शुभ | 12:22 - 13:58 | शुभ | शुभ. | 00:22 - 01:46 | शुभ |
| रोग | 13:58 - 15:34 | अशुभ | अमृत | 01:46 - 03:10 | शुभ |
| उत्पात | 15:34 - 17:10 | अशुभ | चंचल | 03:10 - 04:34 | शुभ |
| चंचल | 17:10 - 18:43 | शुभ | रोग. | 04:34 - 6:00 | अशुभ |

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) आप दृढ निश्चय वाले इंसान हैं और आप एक बार कोई काम शुरू कर दें तो पूरी मेहनत से उसे पूरा करते हैं।आप औरों के कहने पर नही जाते,आप वह भी करने की क्षमता रखते हैं जो दुसरे कभी नही कर सकते इसीलिए आप उनसे आगे हैं। अपना यह नजरिया हमेशा बनाये रखें तो आप उन मंजिलों पर भी पहुँच सकते हैं।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) इस बात की सम्भावना है कि कोई आपके आसपास आपके विचार चुराकर आने करियर में प्रगति करना चाहता है ।इसीलिए किसी से बात करते हुए सावधान रहें ।आपको इस समय बड़ी गंभीरता से अपने हित के बारे में सोचना है ।अपने लम्बे सहकर्मी रह चुके लोगों के साथ भी अपनी जानकारियां साझी न करें।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) दिन शांत रहेगा ।पिछले सप्ताह के व्यस्त कार्यक्रम से थोड़ी राहत मिलेगी,जो अच्छी लगेगी ।आपके वरिष्ठ अधिकारी आप पर नजर रखे हुए हैं इसीलिए अधिक मेहनत करें ।कुछ अनापेक्षित निजी मुद्दे आपके सामने आ सकते हैं उनसे आपको आश्चर्य तो जरुर होगा,लेकिन आप संतोषजनक तरीके से उन्हें सँभालने में कामयाब होंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) गृहों की स्थिति आपको आज बहुत अधिक सामाजिक होने को कह रही है ।आप दूसरों से बातचीत के माध्यम से अपनी जीवनशैली और करियर में बदलाव लाना चाहते हैं ।जो कुछ आपने सोचा है वो सब करने की कोशिश करें ।आप जो भी करना चाहते हैं,उसपर अच्छे से ध्यान केन्द्रित क्र सकते हैं।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) आप आज थोड़ी सी गंभीर मानसिक स्थिति में रहेंगे। आपको आज जीवन के व्यावहारिक मुद्दों पर ध्यान देना होगा। लेकिन आप विश्वास और आशावादिता से भरपूर हैं और गहरे भावनात्मक स्तर पर भी मौके लेने के लिए तैयार हैं। आपका कोई करीबी आपके लक्ष्यों और उद्देश्यों के लिए अपनी चिंता जाहिर करेगा।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) आज आपकी किसी से कोई महत्वपूर्ण बातचीत होने के आसार हैं ।टकराव की स्थिति भी बन सकती है या साधारण बातचीत भी हो सकती है ।लेकिन यह जो भी हो,इससे आपको सोचने के लिए काफी कुछ मिलेगा और आप पूरे दिन इसी में व्यस्त रहेंगे ।आप आज कोई विकर्षण सहन नही करेंगे फिर भी आपको यह महसूस होगा।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) पिछला घटनाक्रम कुछ ऐसा रहा है कि आपका आत्मविश्वास डगमगा गया है, इसके चलते आज कोई भी काम ख़ुशी से और संतोषजनक ढंग से पूरा नही हो पायेगा ।कोई ऐसा भी मिलेगा जिसकी नकारात्मक टिप्पणियों से आप और भी निराश महसूस करेंगे लेकिन चिंता ना करें,यह अस्थायी चरण है।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) आज किसी अनियोजित रोमांचक यात्रा पर जाने की सम्भावना है। हो सकता है कि शहर में ही घूमना चाहें,लेकिन आपका विचार खूब मजे करने का है और ऐसा ही होगा भी। आप किसी करीबी के साथ हुए गिले-शिकवे दूर कर सकते हैं। आपको पहले ही ऐसा करना चाहिए था,परन्तु आज सामने आने पर सब बातें साफ़ हो जायेंगी।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) आपको कुछ घटनाओं की तह तक जाना पड़ेगा ।वर्तमान की कुछ घटनाओं के लिए वही पुराने कारण जिम्मेदार हैं। इससे आपकी इज्जत को काफी ठेस पहुंची है ।आपको काफी आरक्षित और सावधान रहने की जरूरत है क्योंकि कुछ लोग आपके रास्ते में बाधा बनने की कोशिश कर सकते हैं।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) आपको थोडा सा अधिक लचीला रुख अपनाना चाहिए ,लेकिन आज आप ना तो कोई अच्छी सलाह और ना ही अपने मन की आवाज सुनना चाहते हैं। आपका यह अड़ियल रवैया आपके लिये घर और कार्यस्थल दोनों ही जगह पर आपके लिए नुक्सान का कारण बनेगा। इसका एक ही समाधान है कि आप अपना दिमाग खुला रखें।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) आपका भाग्य आपके साथ है ।आज आप ऐसा भी कुछ कर सकते हैं जिसके बारे में आपने कभी सोचा भी ना हो ।आपके सभी प्रयासों में भाग्य आपका साथ देगा ।आपको पता है कि मेहनत से ही सफलता मिलती है ।अभी तक आपका भाग्य आपके साथ नही था लेकिन आज आप अपने समर्पण की बदौलत कुछ भी हासिल कर पायेंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) आपके पास पिछले कामों की भरमार रहेगी,आप पिछले कुछ समय से अपनी जिम्मेदारियों से बचना चाह रहें हैं,आज का दिन आपके उन सब कामों के लिए बहुत अच्छा है ।आपको अपने कामो को पूरा करने के लिए इच्छाशक्ति,अनुशासन और एकाग्रता से काम लेना होगा।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# कमलनाथ निकालेंगे तिरंगा सम्मान पदयात्रा

## 9 अगस्त को टंट्या मामा और परशुराम की पूजा कर करेंगे शुरुआत



भोपाल, 4 अगस्त (एजेंसियां)। पीएम नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर देश भर में 13 से 15 अगस्त तक चलाए जा रहे हर घर तिरंगा अभियान के बाद अब कांग्रेस भी तिरंगा सम्मान पदयात्रा निकालेगी। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ 9 अगस्त को टंट्या भील की जन्मस्थली पातालपानी से यात्रा की शुरूआत करेंगे। 9 अगस्त को ही कमलनाथ भगवान परशुराम की जन्मस्थली जानापाव जाकर पूजा अर्चना करेंगे। इंदौर जिले की देपालपुर के कांग्रेस विधायक विशाल पटेल को पातालपानी के कार्यक्रम का प्रभारी बनाया है। वहीं इंदौर के जानापाव में होने वाले कार्यक्रम का प्रभारी विधायक संजय शुक्ला को बनाया गया है।

**सीनियर लीडर होंगे कार्यक्रम के गेस्ट**

9 अगस्त से 15 अगस्त तक कांग्रेस द्वारा मनाये जा रहे तिरंगा सम्मान महोत्सव और पदयात्रा के लिए कांग्रेस ने प्रभारी बनाए हैं। पीसीसी चीफ कमलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटियों को निर्देशित किया गया है। वहीं 9 से 15 अगस्त तक संभागीय शहरों में होने वाले कार्यक्रमों में तारीख वार कांग्रेस के सीनियर लीडर्स को बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए कहा गया है।

**दिग्गी, भूरिया सहित सीनियर लीडर भी होंगे यात्रा में शामिल**

प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष और संगठन प्रभारी चंद्रप्रभाष शेखर ने बताया कि 9 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पातालपानी (इंदौर), 10 अगस्त को पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजयसिंह ग्वालियर, 11 अगस्त को प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कांतिलाल भूरिया सागर, 12 अगस्त को चंबल संभाग में सुरेश पचौरी और शहडोल संभाग में राज्यसभा सांसद राजमणि पटेल, 13 अगस्त को रीवा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजयसिंह राहुल भैया और उज्जैन में प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरूण यादव, 14 अगस्त को जबलपुर में विवेक तन्खा और इंदौर में नेता प्रतिपक्ष डॉ. गोविंद सिंह आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। वहीं 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ भोपाल में और सांसद नकुलनाथ छिंदवाड़ा में आयोजित कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

# बीजेपी में शामिल हुए पूर्व सीएम भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा के पूर्व सीएम भजनलाल के बेटे कुलदीप बिश्नोई गुरुवार को कांग्रेस छोड़ बीजेपी में शामिल हो गए. कांग्रेस विधायक ने बुधवार को हरियाणा विधानसभा से इस्तीफा दे दिया था. कांग्रेस ने जून में हुए राज्यसभा चुनाव में बिश्नोई के 'क्रॉस वोटिंग' करने के बाद उन्हें पार्टी के सभी पदों से हटा दिया था. आदमपुर से मौजूदा विधायक बिश्नोई (53) ने विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता को अपना इस्तीफा सौंपा. बिश्नोई के इस्तीफे के बाद अब हिसार जिले की आदमपुर सीट पर उपचुनाव कराना होगा. उनके बेटे भव्य बिश्नोई ने भी कांग्रेस छोड़ दी है. उन्होंने 2019 का लोकसभा चुनाव हिसार सीट से लड़ा था, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. हाल के हफ्तों में, कुलदीप बिश्नोई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर सहित भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ बैठकें की हैं और उनकी तारीफों के पुल बांधे, जिससे संकेत साफ था कि वह कांग्रेस को अलविदा कहने वाले हैं. कांग्रेस से औपचारिक रूप से अलग होने के बाद कुलदीप बिश्नोई ने कहा, '' मैं एक आम कार्यकर्ता के तौर पर भाजपा में शामिल हो रहा हूं और मुझे उम्मीद है कि मेरे सारे समर्थक, जो चाहे हरियाणा, राजस्थान या पंजाब के इलाकों में हैं, वे इसका पूर्ण सम्मान करेंगे." उन्होंने कहा, ''मैंने अपनी और अपने समर्थकों की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए यह फैसला किया है." इस्तीफा देने के बाद बिश्नोई ने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को आदमपुर से चुनाव लड़ने की चुनौती दी.

# 15 अगस्त पर आतंक का साया, आईबी ने चेताया, रिपोर्ट में उदयपुर कांड का भी जिक्र



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाने के लिए तैयार है। इसी बीच इंटेलीजेंस ब्यूरो ने दिल्ली पुलिस ने खतरे को लेकर चेताया है और सतर्क रहने के लिए कहा है। खबर है कि ब्यूरो की तरफ से 10 पन्नों की एक रिपोर्ट जारी की गई है, जिसमें आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा से लेकर उदयपुर और अमरावती कांड का भी जिक्र किया गया है।

खबर है कि आईबी ने अपनी रिपोर्ट में कट्टरपंथी समूहों से खतरे की बात कही है। साथ ही 15 अगस्त के लिए दिल्ली पुलिस से लाल किले में एंट्री के लिए सख्त नियम लागू करने के लिए कहा है। आईबी ने रिपोर्ट में जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की हत्या की बात भी शामिल की है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने भी स्वतंत्रता दिवस पर ट्रैफिक को लेकर एडवाइजरी जारी की थी। उदयपुर और अमरावती की घटनाओं को देखते हुए एजेंरियों ने पुलिस को कट्टरपंथी समूहों और भीड़ वाले इलाकों में उनकी गतिविधियों को लेकर सतर्क रहने के लिए कहा है। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान की आईएसआई जैश और लश्कर के आतंकियों को मदद मुहैया कराने के जरिए आतंकी घटनाओं को भड़का रही है। खबर है कि आतंकियों को बड़े नेताओं और अहम जगहों को निशाना बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

# कानून तोड़ना मनोज तिवारी को पड़ा महंगा

## कटा 41000 रुपए का चालान; हेलमेट के अलावा भी कमी



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में बीजेपी सांसद मनोज तिवारी को बिना हेलमेट बाइक चलाना महंगा पड़ गया है। दिल्ली पुलिस ने सांसद और वाहन मालिक के खिलाफ कुल 41 हजार रुपए का चालान काट दिया है। मनोज तिवारी को 21 हजार रुपए का चालान भरना होगा तो वाहन मालिक पर 22 हजार रुपए का फाइन लगाया गया है। तिरंगा यात्रा के दौरान सांसद जिस बाइक पर सवार थे उसपर ना तो हाई सिक्यॉरिटी नंबर प्लेट था और ना ही पीयूसी सर्टिफिकेट अपडेट था। इन खामियों की वजह से भारी-भरकम चालान काटा गया है। दरअसल, बुधवार को दिल्ली में बीजेपी नेताओं ने तिरंगा रैली में बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान हाथ में तिरंगा लिए नेता बाइक में सवार होकर निकले।

दिनेश लाल यादव उर्फ निरहुआ, मनोज तिवारी, निशिकांत दुबे समेत कई नेता बिना हेलमेट ही सड़कों पर निकल गए। सांसदों को इस तरह नियम तोड़ते देख बहुत से लोगों ने सवाल उठाए और ट्विटर पर ट्रैफिक पुलिस से शिकायत की। पूछा गया कि क्या चालान सिर्फ जनता का कटेगा, सांसदों को कानून तोड़ने की छूट है? दिल्ली पुलिस की प्रवक्ता सुमन नलवा ने कहा, 'हमने हेलमेट, लाइसेंस, पॉल्यूशन और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) उल्लंघन के लिए चालक पर चालान लगाया है, इसकी चालान राशि 21,000 रुपये है। जबकि वाहन के मालिक पर पॉल्यूशन सर्टिफिकेट और सिक्योरिटी नंबर प्लेट `ना होने को लेकर 20,000 रुपये का चालान लगाया गया है।'

बता दें कि उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल के साथ तिरंगा बाइक रैली को रवाना किया। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी, अनुराग ठाकुर, धर्मेंद्र प्रधान समेत कई केंद्रीय मंत्री और सांसद बाइक पर बैठकर तिरंगा लहराते नजर आए। अधिकतर नेताओं ने ट्रैफिक नियमों का भी ध्यान रखा और हेलमेट पहने नजर आए। हालांकि, कुछ नेता सिर पर पगड़ी या भगवा गमछा बांध बाइक दौड़ाते नजर आए।

# ब्रह्मोस-2 हाइपरसोनिक मिसाइल से घबराएंगे पाकिस्तान और चीन

## पलक झपकते ही मचा देगी तबाही




इस मिसाइल की रेंज 600 किमी होगी. इसकी रेंज को बढ़ाकर 1000 किमी किया जा सकता है. ये मिसाइल एंटी शिप और सतह से सतह पर मार करने वाली हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल होगी.

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत और रूस साथ मिलकर ब्रह्मोस-2 हाइपरसोनिक मिसाइल बना रहे हैं. ब्रह्मोस को दुनिया का सबसे तेज और घातक हथियार माना जाता है. भारत की पहली हाइपरसोनिक मिसाइल रूस के जिरकॉन मिसाइल के मॉडल आधारित हो सकती है. जानकारी के मुताबिक ब्रह्मोस-2 मिसाइल को निर्यात नहीं किया जाएगा. प्रदर्शन और ताकत के मामले में ये रूस के जिरकॉन मिसाइल से काफी मेल खाएगी. ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ अतुल राणे ने हाल ही में कहा था कि हम हाइपरसोनिक मिसाइल बनाने में सक्षम हैं. 5 से 6 साल के भीतर हम पहले हाइपरसोनिक ब्रह्मोस मिसाइल को बनाने में सफल हो जाएंगे.

**ब्रह्मोस-2 की ताकत और खासियत**

ब्रह्मोस-2 सुपरसोनिक मिसाइल में स्क्रैमजेट इंजन लगाया जाएगा, जो इसकी ताकत को काफी बढ़ा देगा. स्पीड और ग्लाइड करने की बेहतर क्षमता के साथ इसे विकसीत किया जा रहा है. जानकारी के मुताबिक इस मिसाइल की रेंज 600 किमी होगी. इसकी रेंज को बढ़ाकर 1000 किमी किया जा सकता है. ये मिसाइल एंटी शिप और सतह से सतह पर मार करने वाली हाइपरसोनिक क्रूज मिसाइल होगी. इसे फाइटर जेट, युद्धपोत, पनडुब्बी से दागा जा सकता है.

**रडार से भी नहीं आएगी पकड़ में**

चीन और पाकिस्तान जैसे चालबाज पड़ोसियों के ये मिसाइल काफी घातक साबित हो सकती है. इसकी स्पीड इतनी अधिक होगी की रडार से भी पकड़ में नहीं आएगी. ये आसमान में ही डायरेक्शन चेंज कर सकती है. हाइपरसोनिक हथियार की विशेषता ये होती है कि ये कम ऊंचाई पर भी उड़ान भरने में सक्षम है. ब्रह्मोस का सुपरसोनिक संस्करण 2.8 मैक की गति से उड़ान भरने में सक्षम होगा.

**रूस के किस मिसाइल से मेल खाएगी?**

ब्रह्मोस एयरोस्पेस के सीईओ अतुल राणे ने कहा कि हाइपरसोनिक ब्रह्मोस- आईआई में रूस की जिरकॉन मिसाइल के समान प्रदर्शन करने की विशेषताएं होंगी. इसका मतलब है कि ब्रह्मोस-2 प्रदर्शन के मामले में जिरकॉन मिसाइल के लगभग बराबर होगा. रूस ने दावा किया है कि उसकी हाइपरसोनिक जिरकॉन मिसाइल ध्वनि की गति से नौ गुना तेज उड़ान भर सकती है.

**अभी बनने में कितना वक्त लगेगा?**

ब्रह्मोस का सुपरसोनिक संस्करण 2.8 मैक की गति से उड़ान भर सकता है, जो कि ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना अधिक है. अतुल राणे ने यह भी बताया कि ब्रह्मोस-2 को पहली उड़ान परीक्षण से पहले पांच-छह साल तक का वक्त लग सकता है. ब्रह्मोस-आईआई का विकास संयुक्त तौर से डीआरडीओ और रूस के एनपीओ की ओर से किया जा रहा है.

# मध्यप्रदेश में मंकी पॉक्स की एंट्री, इंदौर की महिला में मिले लक्षण, होम आइसोलेट किया गया



इंदौर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। मध्यप्रदेश के इंदौर में मंकी पॉक्स का पहला मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गई है। इंदौर की एक महिला में मंकी पॉक्स के लक्षण मिले हैं। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग ने महिला को होम आइसोलेट किया है। स्वास्थ विभाग गुरुवार को महिला के सैंपल कलेक्ट कर के जांच के लिए पुणे भेजा है। रिपोर्ट आने तक महिला को होम आइसोलेशन में ही रखा जाएगा। जानकारी के अनुसार महिला की कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। बताया जा रहा है कि महिला सर्दी जुकाम और बदन दर्द की शिकायत के बाद एक निजी क्लीनिक में इलाज कराने गई थी। इस दौरान डॉक्टर ने उसके शरीर में लाल रंग के चकते देखे, जिसके बाद डॉक्टर ने जिला प्रशासन को सूचना दी। जानकारी के बाद महिला को होम आइसोलेशन में

# असम में अलकायदा मॉड्यूल से लिंक के आरोपी के जमीउल हुदा मदरसे पर चला बुलडोजर

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। असम में बीते दिनों अलकायदा मॉडयूल से लिंक से जुड़े कुछ संदिग्धों को पुलिस ने दबोचा था। इन गिरफ्तार किये गए आरोपियों में मुस्तफा उर्फ मुफ्ती मुस्तफा नाम का शख्स भी था, जो मदरसा संचालक था। अब प्रशासन ने गुरुवार (4 अगस्त) को कार्रवाई करते हुए मुस्तफा के जमीउल हुदा मदरसे पर बुलडोजर चला दिया है। मामले में जानकारी देते हुए मोरीगांव जिले की पुलिस अधीक्षक अपर्णा एन ने कहा कि मुस्तफा उर्फ मुफ्ती मुस्तफा द्वारा संचालित जमीउल हुदा मदरसे को बुलडोजर से ढहा दिया है। एसपी के मुताबिक, मुस्तफा इस जमीउल हुदा मदरसे को असम के मोइराबारी इलाके में संचालित कर रहा था। पुलिस ने बताया था कि मदरसे को बांग्लादेश से फंडिंग मिल रही थी।

एसपी अपर्णा एन ने बताया कि मुस्तफा उर्फ मुफ्ती मुस्तफा को हाल ही में बांग्लादेश स्थित आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम और अलकायदा के भारतीय उपमहाद्वीपीय मॉड्यूल के साथ उसके संबंधों के लिए गिरफ्तार किया गया था। पुलिस के मुताबिक, मुस्तफा द्वारा मोइराबारी इलाके में संचालित जमीउल हुदा मदरसे में देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम दिए जाने की सूचना मिली थी। हाल ही में असम पुलिस ने एक रैकेट का भंडाफोड़ करते हुए अलग-अलग जिलों से अलकायदा मॉड्यूल के बांग्लादेशी आतंकी संगठन अंसारुल्लाह बांग्ला टीम (एबीटी) से जुड़े 12 संदिग्धों को गिरफ्तार किया था। पुलिस ने एक स्लीपर सेल का भी भंडाफोड़ किया गया था, जिसमें वह बांग्लादेशी आतंकी को अपने घर में पनाह देने के साथ रसद-परिवहन की सुविधा मुहैया करा रहे थे। गौरतलब है कि भारत में बांग्लादेशी सीमा से सटे इलाकों में अंसारुल्लाह बांग्ला आतंकी संगठन की जड़ें फैली हुई हैं। बीते दिनों पुलिस द्वारा भंडाफोड़ करने के बाद स्पेशल डीजीपी (लॉ एंड ऑर्डर), बॉर्डर जीपी सिंह ने बताया था कि अलग-अलग जिलों से पकड़े गए सभी संदिग्धों का इस्लामिक कट्टरवाद से जुड़ाव है। वहीं गिरफ़्तारी के बादअसम पुलिस के मुताबिक मोरीगांव जिले में मोइराबारी इलाके के सहरियागांव में जमीउल हुडा मदरसा की इमारत को सील कर दिया गया था।

स्वतंत्र वार्ता

शुक्रवार, 5 अगस्त, 2022

## आतंक का अंत

आतंक का पर्याय बन चुके अल कायदा सरगना अयमन अल-जवाहिरी का अंततः अमेरिकी ड्रोन के हमले से अंत हो गया। विश्व इतिहास में उसका मारा जाना आतंकवाद के खिलाफ एक बड़ी कामयाबी के तौर पर देखा जा रहा है। देखा जाए तो जिस तरह से आतंकी जवाहिरी को मारा गया वह भी कम आश्चर्यजनक नहीं है। यह अमेरिका जैसे शक्तिशाली देश के लिए ही मुमकिन था कि किसी अंतरराष्ट्रीय आतंकी गिरोह के शीर्ष नेता तक पहुंचकर दूसरे देश की सीमा में उसे मार गिराया। एक तरह से जवाहिरी को इस तरह मार गिराना किसी के भी बूते के बाहर का मामला था। इससे पहले भी दुनिया भर में कई आतंकवादी संगठनों के सरगनाओं को ठिकाने लगाने में आ रही कठिनाइयों का अनुभव अमेरिका के पास था, इसलिए जवाहिरी को आखरी अंजाम तक पहुंचाने में उसे कोई दिक्कत पेश नहीं आई। खबरों के मुताबिक, अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने बताया कि शनिवार को उनके निर्देश पर काबुल में छिपे अल- जवाहिरी को ड्रोन हमले में मार दिया गया। उसे ठिकाने लगाने के अभियान के क्रम में हर पल के लिए कार्ययोजना तैयार की गई थी। नजदीक से जवाहिरी के ठिकाने और उसकी गतिविधियों पर नजर रखी गई और खास बात यह रही कि हमले के लिए ड्रोन और लेजर जैसी आधुनिकतम तकनीक का सहारा लिया गया। यही वजह रही कि इस अभियान के दौरान किसी भी अन्य व्यक्ति की मौत नहीं हुई और ज्यादा नुकसान भी नहीं हुआ। अमेरिका में विश्व व्यापार केंद्र पर हमले में हुई तबाही के बाद बीते दो दशकों से दुनिया भर में अल कायदा सहित अन्य आतंकी संगठनों की गतिविधियों ने पूरी दुनिया को हिला रखा था। उसे देखते हुए जवाहिरी का मारा जाना बेशक एक अहम कामयाबी के रूप में याद की जाएगी। अनेक देशों में चल रही सख्ती की वजह से आतंकी संगठनों की हरकतों को सीमित तो किया गया है, लेकिन जब तब आज भी दुनिया अलग-अलग स्तर पर आतंकवाद के कई खतरों का सामना करने को मजबूर है। नवंबर, 2001 को हुए आतंकी हमलों की याद आज भी लोगों की जेहन में ताजा है। इसलिए जवाहिरी के मारे जाने पर पूरी दुनिया ने राहत की सांस ली है। जवाहिरी का मारा जाना आतंकी हमले के पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में एक और कदम के तौर पर देखा जा रहा है। खुद बाइडेन ने भी अपनी प्रतिक्रिया में यही बात कही। जवाहिरी भी विश्व व्यापार केंद्र पर हुए हमले का एक मुख्य आरोपी था और ओसामा बिन लादेन के बाद अल कायदा का दूसरे नंबर का नेता था। स्वाभाविक ही, उसके मारे जाने की घटना को वैश्विक आतंकवाद का पर्याय बन चुके ऐसे संगठनों की गतिविधियों को खत्म करने के लिहाज से एक बड़ी उपलब्धि के तौर पर देखा जा रहा है। जैसा कि सब जानते हैं अफगानिस्तान में अब तालिबान का शासन है और वहां से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद से यह सवाल उठेगा कि इस हमले के लिए क्या उस देश की सहमति की औपचारिकता हासिल की गई थी। आज आतंकवाद दुनिया भर के लिए एक जटिल समस्या बन चुका है, इस पर काबू पाने और खत्म करने के लिए अगर कोई ठोस पहल की जाती है तो उससे शायद ही किसी देश को असहमति होगी। देखा जाए तो आज अफगानिस्तान खुद भी आतंकवाद की बडी समस्या से जूझ रहा है। आतंकवाद व लडाई की वजह से उसकी आर्थिक दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। राजनीतिक स्थिरता का आलम यह है कि उसे कोई घास तक डालने को तैयार नहीं है। इसलिए जवाहिरी जैसी समस्या से निपटना खुद उसके लिए भी जरूरी था। जरूरत तो इस बात की है कि इस समस्या की जड़ों में मट्ठा कैसे और कौन डाले। आज भी कई देशों में आतंकी संगठनों का मायाजाल आए दिन कुछ न कुछ अपना हुनर दिखाता रहता है जिसकी वजह से आतंक अब भी बडी चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। जो वाइडेन ने दिखा दिया है कि अफगानिस्तान सहित कोई भी देश आतंकियों का पनाहगार बनने की कोशिश करेंगे तो इसका अंजाम उन्हें भुगतना ही पडेगा।

# प्रकृति रक्षति रक्षितः



सलिल सरोज

संस्कृत भाषा मे लिखित श्लोक ₹धर्मो रक्षति रक्षितः₹ जिसका वर्णन महाभारत व मनुस्मृति में मिलता है का अर्थ है कि जो धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है और पूर्ण श्लोक ₹धर्म एव हतो हन्ति धर्मो रक्षति रक्षितः/तस्माद्धर्मो न हन्तव्यो मा नो धर्मो हतोऽवधीत₹ का अर्थ है जो मनुष्य धर्म की रक्षा करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। धर्म की रक्षा करने वाला मनुष्य कभी पराजित नहीं होता, क्योंकि उसकी रक्षा स्वयं धर्म (ईश्वर, मनुष्य, प्रकृति, ब्रह्माण्ड, इत्यादि) करता है। आज जब मानव प्राकृतिक असंतुलन की वजह से अनगिनत गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है तो ठीक इसी श्लोक की भाँति ₹प्रकृति रक्षति रक्षितः ₹ मतलब जो प्रकृति की रक्षा करता है, प्रकृति भी उसी की रक्षा करती है, की महती आवश्यकता है। मानव जीवन की उत्पत्ति के साथ ही प्रकृति ने मनुष्य को उसकी जरूरत की हर चीज़ मुहैया कराई, लेकिन तदनुपरांत मनुष्य की जरूरतें ना ख़त्म होने वाली ख़्वाहिशों और दिखावट में तब्दील होने लगी; मनुष्य और प्रकृति के बीच एक जंग छिड़ गई, जिसका कुपरिणाम दोनों को ही झेलना पड़ रहा है। प्रकृति अपने दर्द का निवारण खुद कर सकती है लेकिन उसकी समय अवधि ज्यादा होती है इसलिए हम मानव जाति से यह अपेक्षा की जाती है कि हम प्रकृति को मलहम लगाने में अपने स्वार्थ से उठकर मदद करें ताकि प्रकृति हमें हमारी जरूरत की चीज़ें - साफ़ हवा, पानी, अन्न आदि बिना किसी भेदभाव के प्रदान करती रहे। दुनिया का हर धर्म शांति का पैरोकार है कम से कम तब जब प्रकृति संरक्षण की बात होती है। विश्व के सभी धर्मों में पर्यावरण को संरक्षित करने की बात कही गई है। प्रकृति के संरक्षण के लिये विभिन्न धार्मिक समूहों द्वारा वैश्विक या स्थानीय स्तर पर कई प्रयास किये जा रहे हैं। पाकिस्तान में स्थित कब्रगाहों में प्राचीन वृक्षों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं क्योंकि इनको काटना गुनाह माना जाता है, लेबनान के मैरोनाईट चर्च ने हरीसा के जंगलों को पिछले 1,000 वर्षों से संरक्षित रखा है, थाईलैंड के बौद्ध भिक्षुओं ने संकटग्रस्त जंगलों की रक्षा हेतु वहाँ छोटे-छोटे विहारों की स्थापना की है तथा उसको पवित्र जंगल घोषित किया गया है।

इसके अलावा जर्मनी के 300 चर्चों ने स्थानीय समुदायों के सहयोग से सौर ऊर्जा प्रणाली अपनाई है तथा वृहत स्तर पर इसका लगातार प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। अमेरिका में रहने वाले अफ्रीकी मूल के लोगों द्वारा क्वान्ज़ा त्योहार प्रकृति संरक्षण का एक उपयुक्त उदाहरण है। वर्ष 1986 में इटली के शहर असीसी में विश्व वन्यजीव कोष द्वारा 'असीसी घोषणा' का आयोजन किया गया। इसमें विश्व के पाँच प्रमुख धर्मों (ईसाई, हिंदू, इस्लाम, बौद्ध तथा यहूदी) के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया था ताकि वे इस मुद्दे पर सुझाव प्रस्तुत कर सकें कि उनके धर्मों में प्रकृति संरक्षण हेतु क्या प्रावधान है तथा किस प्रकार वे योगदान कर सकते हैं। वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण हेतु विभिन्न धर्मों के सहयोग से अलायंस ऑफ रिलिजन एंड कंजर्वेशन नामक संगठन की स्थापना वर्ष 1995 में की गई थी। विश्व वन्यजीव कोष द्वारा तथा अलायंस ऑफ रिलिजन एंड कंजर्वेशन के सहयोग से 'लिविंग प्लैनेट कैंपेन' नामक एक मुहिम शुरू की गई। इसके तहत विश्व के प्रमुख धर्मों ने पर्यावरण संरक्षण हेतु कार्य करने की प्रतिबद्धता प्रदर्शित की तथा उनकी इस प्रतिबद्धता को 'जीवंत पृथ्वी के लिये पवित्र उपहार' का नाम दिया गया। इस अभियान के तहत वकालत, शिक्षा, स्वास्थ्य, भूमि, संपत्ति, जीवनशैली तथा मीडिया के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को प्रोत्साहित करना शामिल है। इस प्रतिबद्धता के तहत जैन धर्म ने अंतर्राष्ट्रीय जैन व्यापार पुरस्कार प्रारंभ किया है। इसके तहत उन कंपनियों को पुरस्कृत किया जाता है जिन्होंने पर्यावरणीय प्रभावों को कम करते हुए प्रगति की है। इसी प्रकार स्वीडन के लूथरन चर्च के सहयोग से स्वीडन में नेशनल फॉरेस्ट स्टीवार्डशिप काउंसिल की स्थापना की गई। भारतीय परिप्रेक्ष्य की बात करें तो लोक संस्कृति में मानव की भूमिका प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षक/प्रबंधक के रूप में मानी गई है। इसमें मानव के साहचर्य के हजारों सन्दर्भ हैं और पर्यावरण के साथ उत्तम सामंजस्य रखने की सीख दी गई है। पेड़ों की पूजा करने से लेकर धरती व नदियों को मां के पवित्र सम्बोधन से नवाजने का संस्कार भी है। हमारे लोकगीत, लोक नृत्य, लोक कथाएं, लोक त्योहार - ये सब प्रकृति-प्रेम को प्रकट करने वाले हैं। मनोरंजन, खेतों में बुवाई, धान की कटाई आदि अवसरों पर हमारे पुरखे मिल-जुलकर जल, पृथ्वी, वायु अग्नि और आकाश की महिमा का बखान करते थे। कृतज्ञता का भाव उनके रोम- रोम से प्रकट होता था। लोक कहावतों व लोक कथाओं पर नज़र डालें तो उनकी सीख में पर्यावरण के प्रति श्रद्धा का भाव झलकता है। रामायण, महाभारत, गीता, वायु-पुराण, स्कन्द पुराण, भविष्य पुराण, वराह पुराण, ब्रह्म पुराण, मार्कण्डेय पुराण, मत्स्य पुराण, गरुड़ पुराण, श्री विष्णु पुराण, भागवत पुराण, श्रीदेवी भागवत पुराण वेद, उपनिषद तथा अन्य धार्मिक ग्रन्थ, पेड़-पौधे, जीव-जन्तुओं पर दया करने की सीख देते हैं। मानसिक शान्ति, शारीरिक सुख, इन सबकी पूर्ति के साधन प्राकृतिक सम्पदा ही है। गेहूँ, जौ, तिल, चना, चन्दन, लाल पुष्प, केसर, खस, कमल, ताम्बूल, श्वेत पुष्प, बांस, मिट्टी, फल, तुलसी, हल्दी, पीत-पुष्प, शहद इलाइची, सौंफ, उड़द, काले-पुष्प, सरसों के फूल, मुलेठी देवदार, बिल्व वृक्ष की छाल, आम, पला, खैर, पीपल, गूलर, दूब, कुश आदि को संरक्षित रखने के उद्देश्य से इन्हें किसी दिन,त्योहार, देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना से जोड़ा गया है। औषधि के रूप में फलों तथा जड़ी-बूटियों की रक्षा करने की बात कही गयी है और इन्हें घरों के निकटस्थ लगाकर पर्यावरण को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी है, जैसे- अंगूर, केला, अनार, सेब, जामुन, प्याज, लहसुन, गाजर, मूली, नींबू, अदरक, आंवला, घीया, बादाम, आम, टमाटर, अखरोट, अजवाइन, अनानास, अश्वगंधा, गिलोय, तम्बाकू, तरबूज, तुलसी, दालचीनी, धनिया, पुदीना, संतरा, पान, पीपल, बबूल, ब्राह्मी बूटी, काली मिर्च, लाल मिर्च, लौंग, हरड़, बहेड़ा आदि अनेक बूटियों का प्रयोग करने से मनुष्य निरोग रह सकता है। हमें प्रकृति संरक्षण सीखने के लिए किसी अन्य देश या तकनीक की आवश्यकता नहीं है। हमारे धर्म, शास्त्रों में यह बहुतायत में लिखा गया है और हमारे पूर्वजों ने प्रकृति संरक्षण के अनेकों बेहतरीन उपाय बताए हैं जिसकी लिए ज्यादा धन की भी आवश्यकता नहीं है। उन्होनें इसे हमारी आदत में शामिल कर के एक रोज़मर्रा की चीज़ की तरह पेश किया था ना कि आज की तरह किसी ख़ास दिन पर वृक्षारोपण कार्यक्रम की तरह।

संरक्षण में सिर्फ पेड़ लगाना ही नहीं बल्कि उनकी जान बचाना भी शामिल है और यह किस तरह किया जा सकता है, यह हमें विरासत में मिली है जिसे हमें पुनर्जीवित करने की और उन्हें संभालने की ख़ास जरूरत है। हमारे ऋषि जानते थे कि पृथ्वी का आधार जल और जंगल है. इसलिए उन्होंने पृथ्वी की रक्षा के लिए वृक्ष और जल को महत्वपूर्ण मानते हुए कहा है- 'वृक्षात वर्षति पर्जन्यः पर्जन्यादन्न सम्भवः' अर्थात वृक्ष जल है, जल अन्न है, अन्न जीवन है। जंगल को हमारे ऋषि आनंददायक कहते हैं- 'अरण्यं ते पृथिवी स्योनमस्तु' यही कारण है कि हिन्दू जीवन के चार महत्वपूर्ण आश्रमों में से ब्रह्मचर्य, वानप्रस्थ और संन्यास का सीधा संबंध वनों से ही है। हम कह सकते हैं कि इन्हीं वनों में हमारी सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन हुआ है। हिन्दू संस्कृति में वृक्ष को देवता मानकर पूजा करने का विधान है। वृक्षों की पूजा करने के विधान के कारण हिन्दू स्वभाव से वृक्षों का संरक्षक हो जाता है।

# चीन के लिए ताइवान पर जीत आसान नहीं

चीन की तमाम धमकियों के बावजूद नैंसी पेलोसी ताइवान आईं और पूरा एक दिन गुजारकर चली गईं। पेलोसी की यात्रा से बौखलाया चीन अब ताइवान पर हमला भी कर सकता है। चीनी सेना ने ताइवान के चारों तरफ मिलिट्री ड्रिल भी शुरू कर दी है। नैंसी पेलोसी का ताइवान जाना चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के नेतृत्व को चुनौती है। इसी साल चीनी कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं कांग्रेस होनी है। जिसमें शी जिनपिंग लगातार तीसरा राष्ट्रपति कार्यकाल पाने का दावा करेंगे। ऐसे में पेलोसी की यात्रा शी के दावे को कमजोर करने की है, इसलिए वह इस कदम का कड़ा जवाब दे सकते हैं। पेलोसी के जाते ही चीन ने नॉर्थ, साउथ-वेस्ट और साउथ-ईस्ट में ताइवान के जल और हवाई क्षेत्र में मिलिट्री ड्रिल, यानी सैन्य अभ्यास की घोषणा कर दी है। असली हथियारों और गोला-बारूद से ये अभ्यास इस पूरे हफ्ते तक किया जाएगा। पीएलए ईस्टर्न थिएटर कमांड के प्रवक्ता सीनियर कर्नल शी यी ने कहा कि सैन्य अभ्यास के दौरान लॉन्ग रेज लाइव फायर शूटिंग की जाएगी। साथ ही मिसाइल का भी टेस्ट होगा। इस तुलना में ताइवान भले ही कमजोर लग रहा हो, लेकिन उसे जीतना आसान नहीं होगा। ताइवान ने जंग की स्थिति में स्ट्रैटजी बना रखी हैं। ताइवान को कुछ ही देशों ने मान्यता दी है। ताइवान को ज्यादातर देश चीन का हिस्सा मानते हैं। अमेरिका का भी ताइवान के साथ आधिकारिक रूप से राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन अमेरिका ताइवान रिलेशंस एक्ट के तहत उसे हथियार बेचता है। इस कानून में कहा गया है कि वो ताइवान की आत्मरक्षा के लिए जरूरी मदद देगा। अक्टूबर 2021 में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा था कि चीन अगर ताइवान पर हमला करता है तो अमेरिका ताइवान का बचाव करेगा। यह अमेरिका के पुराने रुख से अलग लाइन थी।

चीन और ताइवान के बीच तनाव ऐतिहासिक है। 1940 के दशक में गृहयुद्ध के दौरान चीन और ताइवान अलग हुए थे। उसके बाद से ताइवान खुद को स्वतंत्र देश कहता है। जबकि, चीन उसे अपने प्रोविंस के तौर पर देखता है और जरूरत पड़ने पर बल पूर्वक मिला लेने की बात करता है। यानी ताइवान पर चीन के हमले का खतरा दशकों से बना हुआ है।

ताइवान ने चीन जैसी विशाल शक्ति से निपटने के लिए एसिमिट्रिक वॉरफेयर के मेथड को अपनाया है। इसे पार्कुपाइन स्ट्रैटेजी भी कहते हैं। इसका उद्देश्य हमले को दुश्मन के लिए ज्यादा से ज्यादा कठिन और महंगा बनाना होता है। ताइवान ने एंटी-एयर, एंटी-टैंक और एंटी-शिप हथियारों और गोला-बारूद के बड़े भंडार को इकट्ठा कर रखा है। इसमें ड्रोन और मोबाइल कोस्टल डिफेंस क्रूज मिसाइल जैसे कम लागत वाले युद्धपोत शामिल हैं। ये चीन के महंगे नेवल शिप और नेवल इक्विपमेंट को नष्ट करने की कैपेसिटी रखते हैं। स्टील्थ फास्ट-अटैक क्राफ्ट्स और मिनिएचर मिसाइल असॉल्ट बोट वैसे तो सस्ते होते हैं, लेकिन ये काफी प्रभावी मिलिट्री इक्विपमेंट हैं। इन्हें ताइवान के बंदरगाहों में मछली पकड़ने वाली नौकाओं के बीच फैलाया जा सकता है। समुद्री माइंस और फास्ट माइन लेइंग शिप किसी भी हमलावर नौसेना के लैंडिंग ऑपरेशन को जटिल बना सकते हैं।

ताइवान की सबसे विशेष सैन्य यूनिट में भर्ती होने के लिए ट्रेनिंग 10 हफ्ते चलती है। इन जवानों को ज्यादातर समय समुद्र या स्विमिंग पूल में गुजारना होता है। वे पूरी वर्दी में तैरने से लेकर लंबे समय तक पानी के अंदर सांस रोकने जैसे स्किल्स सीखते हैं। कई बार उन्हें हाथ-पांव बांधकर पानी में फेक दिया जाता है। ताइवान की सबसे विशेष सैन्य यूनिट एआरपी में भर्ती होने के लिए ट्रेनिंग 10 हफ्ते चलती है। इन जवानों को ज्यादातर समय समुद्र या स्विमिंग पूल में गुजारना होता है। वे पूरी वर्दी में तैरने से लेकर लंबे समय तक पानी के अंदर सांस रोकने जैसे स्किल्स सीखते हैं। कई बार उन्हें हाथ-पांव बांधकर पानी में फेक दिया जाता है।

ताइवान चारों तरफ समुद्र से घिरा है। ताइवान पर कब्जा करने के लिए चीन को बड़ी संख्या में सैनिकों, बख्तरबंद वाहन, हथियार, गोला-बारूद, फूड, मेडिकल सप्लाई और फ्यूल को उस पार ले जाने की जरूरत होगी। यह केवल समुद्र से ही संभव है, क्योंकि एयरलिफ्ट और विमानों के बेड़े में सीमित क्षमता होती है।

ताइवान के इलाके में द्वीपों की एक श्रृंखला भी है। इनमें से कुछ चीनी तटों के पास हैं। इन द्वीपों पर पहले से लगे निगरानी इक्विपमेंट चीन के तटों से चलने वाले पहले फ्लीट्स या बेड़े का पता लगा सकते हैं। इससे ताइवान की सेना को मल्टीलेयर्ड सी डिफेंस के लिए पर्याप्त समय मिल जाएगा।

इससे पहले कि पीएलए के जवान ताइवान की जमीन पर उतरें और ऑपरेशन शुरू करें, उन्हें ताइवान की समुद्री माइंस, फास्ट अटैक क्राफ्ट और मिसाइल असॉल्ट बोट के साथ लैंड बेस्ड नौसैनिकों का भी सामना करना पड़ेगा। इससे पीएलए की स्थित काफी कमजोर होगी। यदि मल्टीलेयर्ड सी डिफेंस को भेदकर चीन के सैनिक ताइवान पहुंच भी जाते हैं, तो उसने अपने शहरों को गुरिल्ला युद्ध के लिए भी तैयार कर रखा है।

ताइवान मैन-पोर्टेबल एयर-डिफेंस सिस्टम यानी मैनपैड्स और मोबाइल एंटी-आर्मर हथियार जैसे कि हाई मोबिलिटी आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम यानी हिमारस का यूज शहरी लड़ाई में कर सकता है। साथ ही बिल्डिंग्स को बैरक में बदल सकता है। ताइवान में मिलिट्री रिजर्व सिस्टम में 25 लाख लोग हैं और 10 लाख सिविल डिफेंस वॉलेंटियर्स हैं। यह संख्या ताइवान की आबादी का 15% है यानी हर 4 में से एक व्यक्ति इससे जुड़ा है। रूस ने इस साल फरवरी में यूक्रेन पर हमला किया था, तब से ताइवानियों के बीच गन ट्रेनिंग की दर तेजी से बढ़ी है। बहुत से लोग जिन्होंने अपने जीवन में कभी गन नहीं देखी थी, वे इसका इस्तेमाल करना सीख रहे हैं। पिछले 3 महीनों में ताइवान में सभी उम्र और व्यवसायों के लोगों में बंदूक चलाने की ट्रेनिंग में रुचि बढ़ी है। देश के टूर गाइड से लेकर टैटू आर्टिस्ट तक लगभग हर कोई विशेष परिस्थिति के लिए तैयार रहने के लिए शूटिंग सीख रहा है। पिछले 3 महीनों में ताइवान में सभी उम्र और व्यवसायों के लोगों में बंदूक चलाने की ट्रेनिंग में रुचि बढ़ी है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक देश के टूर गाइड से लेकर टैटू आर्टिस्ट तक लगभग हर कोई विशेष परिस्थिति के लिए तैयार रहने के लिए शूटिंग सीख रहा है।

युद्ध के समय ताइवान की टैक्टिस अपने डिफेंस सिस्टम जैसे कि एयरक्रॉफ्ट और एंटी बैलिस्टिक डिफेंस सिस्टम को बचाने की होगी। इन्हीं डिफेंस सिस्टम से ताइवान चीन की बैलिस्टिक मिसाइलों को इंटरसेप्ट कर खत्म कर सकता है। पिछले कुछ सालों से ताइवान अमेरिका से दर्जनों एडवांस फाइटर जेट खरीदे हैं। साथ ही खुद से स्वदेशी चिंग कुओ फाइटर जेट बनाया है। ताइवान ने अपने एयरक्राफ्ट को सबसे ज्यादा सुरक्षा वाले बेस में रखा है। साथ ही पायलट्स को एयरपोर्ट्स पर बमबारी होने की स्थिति में हाइवे पर एयरक्रॉफ्ट उतारने की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके साथ ही अमेरिका ने युद्ध की स्थिति में ताइवान को डिफेंस सिस्टम और इंटेलिजेंस सपोर्ट देने की बात कही है। इन सभी उपायों से ताइवान को चीन को यह संदेश देने में मदद मिलेगी कि यदि युद्ध छिड़ता है, तो यह लंबा, महंगा और काफी खून-खराबे वाला होगा।

# स्वाधीनता से उपजी देश की एकता



संजीव ठाकुर

करीबन आठ सौ से हजार वर्षों की परतंत्रता के बाद अनेक जीवन का बलिदान देने और विभिन्न संघर्षों के बाद हमें स्वतंत्रता प्राप्त हुई है। इस संघर्ष से प्राप्त स्वतंत्रता को हमें देश की एकता, अखंडता एवं सामाजिक समरसता की शक्ति से चिरकाल तक स्थाई रूप से बनाए रखना है अब कभी स्वतंत्रता पर खतरा ना आए यह हमारे देश के दिग्दर्शकों को अपनी कर्मठ जिजीविषा से बनाए रखना होगा। स्वतंत्रता प्राप्त करने के बाद हमारी एकता, अखंडता एवं एकरूपता मजबूत हुई है, पर कतिपय राजनैतिक मंसूबों के कारण आज हम सांप्रदायिकता, क्षेत्रीयता, जातीयता और अलग-अलग भाषाओं के संघर्षों से गुजर रहे हैं। हम आज मंदिर ,मस्जिद, गुरुद्वारा और चर्च के विवाद को लेकर विवाद ग्रस्त हो जाते हैं । कभी हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, पंजाबी,मराठी,तेलगु,और कभी असमी भाषा के असमंजस में फंस कर एक दूसरे का विरोध जताना शुरू कर देते हैं। मूलतः हमें राष्ट्रीय अखंडता को बनाए रखने के लिए सांप्रदायिकता के विद्वेष, ईर्ष्या, जलन और सीमा तथा भाषाई विवाद से परे हटकर देश में अखंडता, सांप्रदायिक सद्भावना का एक शुद्ध वातावरण समाज में तैयार करना होगा, जिसके फलस्वरूप हम विकास की मुख्यधारा में अपना व्यक्तिगत योगदान राष्ट्र के प्रति दे संके। डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी ने कहा था कि भारत संपूर्ण विश्व में एक अकेला ऐसा राष्ट्र है जहां मंदिरों ,मस्जिदों, गिरजाघरों और गुरुद्वारों का एक एकात्मक सह अस्तित्व कायम है। वर्तमान समय में वैश्विक स्तर पर आतंकवाद शांति सद्भावना एवं किसी भी राष्ट्र की अखंडता एकता एकरूपता के लिए सबसे बड़ा खतरा है। आतंकवादी कभी अमेरिका और कभी भारत के दिल्ली, मुंबई और अनेक प्रदेशों को अपना निशाना बनाकर आतंक फैलाने का प्रयास करते हैं और आतंकवाद ने कई राज्यों में अपार जनहानि तथा संपत्ति की क्षति पहुंचाई है। इसके अतिरिक्त अलगाववादियों ने भी राष्ट्रीय एकता अखंडता को भंग करने का पुरजोर प्रयास किया है। राजनीतिक पार्टियों के मंसूबों तथा उनकी महत्वाकांक्षाओं के कारण भी अलग-अलग जातियों संप्रदाय तथा पूजा के पवित्र स्थानों को लेकर समाज को अलग करने का बीजारोपण भी किया है। राजनीतिक पार्टियों के चंद राजनेता वोट बैंक बनाने के लिए कभी अल्पसंख्यकों में अलगाव के बीच बोलने का प्रयास करते हैं। कभी आरक्षण के नाम पर पिछड़े वर्गों को देश की मुख्यधारा से बहकाने का प्रयास करते हैं, और कभी किसी विशेष जाति प्रांत या भाषा के हकदार बन कर देश की एकता, अखंडता को खंडित करने का पुरजोर प्रयास करते हैं। यह अत्यंत निंदनीय एवं चिंतनीय सामाजिक पहलू है, जिस संदर्भ में हमें गहन विचार करने की आवश्यकता भी है। सामाजिक स्तर पर हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई एवं अन्य वर्ग सुचारू रूप से भाईचारे में अखंड विश्वास रखते हैं एवं सामान्य जीवन करने में विश्वास रखते हैं। पर राजनैतिक मंसूबों के कारण कुछ राजनेता इन सभी संप्रदायों को आपस में लड़वाकर अपना उल्लू सीधा करने का प्रयास करते हैं। पर यह एक अत्यंत विचारणीय पहलू है कि राष्ट्रीय अखंडता एकता तथा सहयोग को बनाए रखने के लिए केवल राजनेता या प्रशासनिक अधिकारियों का कार्य न होकर हम सबका यह कर्तव्य भी है कि हमें एकजुट होकर राष्ट्र सर्वोपरि की भावना को सदैव बनाए रखने का सतत प्रयास करना चाहिए।

हम यदि ऐतिहासिक रूप से देखें की अनेक धर्मो जातियों और अनेक भाषाओं वाला भारत देश पूर्व में अनेक विसंगतियां के बावजूद सदैव एकता के सूत्र में बंधा रहा है।

# घास फूस और घूस



डॉ. सुरेश कुमार

हाल ही में एक कार्यालय जाना हुआ। वहाँ कहने को तो अत्याधुनिक कंप्यूटर थे, लेकिन डिब्बे में बंद पड़े थे। कहा गया कि इसका अनावरण अभी नहीं हुआ है। इसीलिए पुराने कंप्यूटरों से ही काम चलाना पड़ रहा है। पुराना तो पुराना होता है। उसका भी एक तराना होता है। काम न करने का बहाना होता है। परिणाम यह हुआ कि पत्रावलियों के अंबार पर अंबार लगे पड़े हुए हैं। लगता है कि उनकी होड़ एवरेस्ट से है।

हो भी क्यों न? एवरेस्ट भारत में थोड़े न है! इसीलिए हिम का न सही कम से कम पत्रावलियों का एवरेस्ट भारत में बना ही सकते हैं। इससे देश का नाम और ऊँचा होगा।पत्रावलियों का अंबार मकड़ियों को रोजगार देता है। कर्मचारी न सही, वे ही अपनी टिप्पणी लिख देती हैं। हस्ताक्षर के रूप में धूल परोस देती हैं। चाहे कुछ भी हो काम चालू रहता है। पता चला कि चपरासी ने इन्हीं पत्रावलियों में से कुछ को रद्दी समझकर उसमें केले के छिलके लपेटकर बाहर फेंक दिए।

अब उस पर बकरी चर रही है। शायद वह पढ़ी-लिखी है, उसे भी लगा होगा कि कागज़ किसी काम का है, सो उसने केले का छिलका खाने में ही अपनी साक्षरता की निशानी समझी। ड्राफ्टिंग वाले कागज नोट के चक्कर में पड़े-पड़े सड़ रहे हैं। नोट भिन्नार्थी होता है। समझने वाले समझ जाते हैं। न समझने वाले आजीवन किराए के मकान में गुजर-बसरकर दम तोड़ देते हैं।

सच्चे अर्थों में नोट का अर्थ जानने वाला चपरासी वसूलों के पक्के अधिकारियों की तुलना में चार-चार कोठियाँ भाड़े पर चढ़ा देता है। बेटी की शादी में ऑडी देकर अपनी बॉडी का सीना चौड़ा कर लेता है। ऐसे ही चपरासियों का अपना चाणक्य वाक्य होता है कि जिस देश में लोग घास-फूस खा रहे हों वहाँ घूस खाने से परहेज नहीं करना चाहिए। यहीं पर एक बड़े बाबू रहा करते थे। अब नहीं हैं। उनकी ईमानदारी ने उन्हें देहात भेज दिया।

इस कार्यालय में वही बचे हैं जो दूसरों को सुधारने की नहीं सोचते। जो ऐसा सोचते हैं, वे खुद सुधर जाते हैं और एक दिन देहात की माटी फांकते हुए नजर आते हैं। काम को कल पर टालने वाले टाइम मैनेजमेंट के गुरु और कबीर के ऐसे भक्त जो कल को आज, आज को अब करने की सोचते हैं उन्हें आलसी बाबू बड़ी तबियत से लतिया देते हैं। लतियाते हुए कहते भी हैं – यह सरकारी कार्यालय है।

काम समय पर हो जाए तो इसकी अहमियत ही क्या रह जाएगी। जितना कार्य लंबित होता है, वह उतना ही सम्माननीय होता है। तभी यहाँ आने वाले जी हुजूरी, सलाम ठोंकने और घूस की घी वाली रोटी खिलाने को अपनी शान समझते हैं। जहाँ यह सब नहीं होता, वह असरकारी तो हो सकता है, लेकिन सरकारी कतई नहीं।

# तिरंगे में छुपा स्वतंत्रता का असली मंत्र

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नागरिकों का आह्वान किया है कि भारतीय स्वाधीनता के अमृतमहोत्सव (स्वाधीनता का 75वां वर्ष ) को हम स्मरणीय बनाएं। इसके लिए उन्होंने कहा कि 2 अगस्त से 15 अगस्त तक हम हमारे स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक हमारा राष्ट्र ध्वज अपने घरों में सम्मान पूर्वक फहराएं। किसी भी राष्ट्र का ध्वज उस राष्ट्र की संप्रभुता के प्रतीक होता है। "2 अगस्त से"....के पीछे भी एक उद्देश्य है। महात्मा गांधी जी को ध्वज का विचार देने वाले और तिरंगा ध्वज बनाने वाले पिंगली वेंकैया के योगदान को स्मरण करना भी है। पिंगली वैंकैया का जन्म 2 अगस्त 1876, को आंध्र प्रदेश के मछलीपट्टनम के निकट भटलापेनुमारु नामक गाँव में हुआ था। अपनी युवावस्था में पिंगली वेंकैया सरकारी, गैर सरकारी नौकरी भी किये। बाद में गांधी जी से जुड़ गए। 1921 में उन्होंने जो ध्वज बनाया था वह लाल और हरा था। इस बीच कई सुझाव मिले। 1931 में कोंग्रेस के कराची अधिवेशन में जो तिरंगा फहराया गया वह केसरिया, सफेद और हरे रंग का था। शुरू में तिरंगे के बीच मे चरखा बनाया गया। संविधान सभा ने सम्राट अशोक के सारनाथ स्तूप पर बने धम्म चक्र को राष्ट्रध्वज के मध्य में स्थापित करवाया। इस ध्वज को भारत की संविधान सभा नें राष्ट्रीय संप्रभुता के प्रतीक के रूप में 22 जुलाई 1947 को स्वीकार किया। 15 अगस्त 1947 को जब सत्ता हस्तांतरण हुई तब तिरंगे को पहलीबार फहराया गया। सही तथ्य यह भी है तिरंगे में चार रंग है।यह तिरंगा हमारे स्वाभिमान और स्वाधीनता की पहचान है। इसकी रक्षा और सम्मान करना हम सब का कर्तव्य है। हम केवल यह न कहें कि हम राष्ट्रीय प्रतीकों का मन से सम्मान करते हैं। भाव से भावना का प्रकट होना, दिखाई देना एक प्रमाणिकता भी है। इस देश में कुछ लोग ऐसे भी हैं जो राष्ट्रध्वज का सम्मान नही करते। पिछले दिनों एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें कुछ राष्ट्रद्रोही लोग तिरंगे के ऊपर जूतों सहित चल रहे थे। कुछ लोग हैं जो राष्ट्रगान और राष्ट्रगीत को सम्मान नही देना चाहते हैं। न ध्वजारोहण के समय सावधान मुद्रा में होते न राष्ट्रगान गाते हैं। इसके लिए वे इस हद्द तक कुतर्क कर बैठते हैं कि ऐसा कहाँ लिखा है?

भारत की मूल भावना है- मातृभूमि पुत्रोहम पृथिव्याः। यह भूमि मेरी माता है और मैं इसका पुत्र हूँ। हम इस भूमि को उसी तरह प्यार और सम्मान दें जैसे हम जन्मदायिनी माता को देते हैं। एक देश के नागरिक होने के नाते इसके प्रति हमारा विचार, विश्वास और सम्मान एक जैसा हो। हमें स्वाधीनता मिली लेकिन हम इसे स्वतंत्रतामें स्थापित नही कर सके। कुछ लोगों ने सत्ता को डकैती का संवैधानिक मार्ग बना दिया। एक एक चेहरे पर विचार करें। कुछ न समझ आये तो कोलकत्ता के एक कमरे में गोबर की ढेर जैसे नोटों को आपने मीडिया में देख लिया हो, यह सत्य निष्ठा की शपथ का एक उदाहरण है। शपथ ग्रहण समारोह के बाद राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लग जाते हैं।

# मां अन्नापूर्णा भरती हैं घर के भंडार

## इनकी तस्वीर कहां लगाने से मिलेगा शुभ फल



घर में सुख शांति बनाएं रखने के लिए हिंदू धर्म में हर घर में मंदिर होता है। उस मंदिर में कई देवी-देवताओं की तस्वीर होती है। घर में देवी-देवताओं की तस्वीर सुख शांति व सकारात्मक ऊर्जा लाती हैं। हिंदू धर्म में हर देवी-देवताओं का विशेष महत्व है। ऐसे ही कुछ लोग किचन यानी रसोई घर में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर लगाते हैं। वास्तु शास्त्र की मानें तो रसोई घर में माता अन्नपूर्णा की तस्वीर लगाना बेहद ज़रूरी होता है। इसके साथ ही किचन में फलों व सब्जियों से भरी सुंदर तस्वीर लगाना भी शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, रसोई घर में इन तस्वीरों को लगाने से धन धान्य की कभी कमी नहीं रहती है व हमेशा उस घर में अनाज के भंडार भरे रहते हैं, लेकिन इन तस्वीरों की सही दिशा का ज्ञान होना भी बेहद ज़रूरी है। आइए जानते हैं पंडित इंद्रमणि घनस्याल से कि रसोई घर यानी किचन में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर किस जगह में लगाना शुभ माना जाता है।



**इस दिशा में लगाएं तस्वीर**

किचन में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर आग्नेय कोण में लगाना शुभ माना जाता है। वास्तु के अनुसार भी यह अति शुभ होता है। इस दिशा में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर लगाने से घर में सौभाग्य आता है और घर के परिवार के सदस्यों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है।

घर में वास्तु दोष है तो किचन में मां अन्नपूर्णा की तस्वीर लगाने से पूरे घर का वास्तु दोष ठीक हो जाता है। माता अन्नपूर्णा का संबंध अन्न से होता है, इसलिए माता अन्नपूर्णा की तस्वीर रसोई घर में रखना अति शुभ माना जाता है। पुराने ग्रंथों के अनुसार, शिव जी ने अन्नपूर्णा मां से भिक्षा मांगी थी, जिसके बाद भगवान शिव ने उन्हें वरदान दिया था कि जो भक्तगण उनकी भक्ति करेंगे मां अन्नपूर्णा उन्हें कभी भी धन धान्य से वंचित नहीं रखेंगी।

# सावन में दूध और फलों के रस का दान करने से मिलता है पुण्य, इससे उम्र भी बढ़ती है

**सावन में दूध और फलों के रस का दान**

धर्म ग्रंथों के जानकार पुरी के डॉ. गणेश मिश्र बताते हैं कि सावन महीने में किसी भी चीज का दान करने से कई गुना पुण्य फल मिलता है। इस महीने में रूद्राक्ष, दूध, चांदी के नाग, फलों का रस और आंवला दान करने से जाने-अनजाने में किए पाप खत्म हो जाते हैं। साथ ही इस महीने में पौधारोपण करने से पितृ देवता प्रसन्न होते हैं। डॉ. मिश्र बताते हैं कि जिस इंसान को दान करने में आनंद मिलता है, उसे ईश्वर की कृपा मिलती है क्योंकि देना इंसान को श्रेष्ठ और सत्कर्मी बनाता है।

**रुद्राक्ष दान करने से बढ़ता है सुख और ऐश्वर्य**

सावन महीने में शिवजी का अभिषेक, शिवपुराण कथा पढ़ने-सुनने और मंत्र जाप के अलावा दान का भी बहुत महत्व है। सावन महीने में चांदी के सिक्के दान देने या चांदी से बने नाग-नागिन की मूर्तियां शिवलिंग पर चढ़ाने से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता है। इससे ऐश्वर्य बढ़ता है। शिवालयों में वैदिक ब्राह्मण को रुद्राक्ष माला का दान करने से सुख बढ़ता है।

**दीपदान के समान है विद्या दान**


श्रावण महीने में हर दिन दीपदान करने का बहुत महत्व है। दीप यानि ज्ञान प्रकाश। प्रकाश फैलाने की प्रेरणा दीप पूजन में है। इसका मतलब हमें विद्या-दान के क्षेत्र में भी संकल्पित होकर उतरना चाहिए, ताकि शिव भगवान की कृपा मिले।

**पेड़-पौधे लगाने से खुश होते हैं पितृ और देव**

श्रावण महीने में बिल्वपत्र, शमीपत्र, शिवलिंगी, अशोक, मदार और आंवले का पौधारोपण करने से भगवान शिव प्रसन्न होते हैं। इनके साथ ही अनार, पीपल, बरगद, नीम और तुलसी लगाने से पितर प्रसन्न होते हैं। पौधारोपण के साथ ही इन पेड़-पौधों का दान करने से भी उतना ही पुण्य मिलता है।

# माँ के गर्भ में 12 महीने रहे थे तुलसीदास जन्म के बाद देखते ही डर गई थी माँ

विश्व को रामचरित मानस के रूप में अनुपम, अद्भुत ग्रंथ देने वाले गोस्वामी तुलसीदास जी का जन्म पवित्र चित्रकूट के राजापुर गांव में आत्माराम दुबे और हुलसी के घर पर संवत 1554 की श्रावण शुक्ल सप्तमी के दिन हुआ था वैसे तो उन्होंने अपने जीवन में अनेकों पुस्तकों की रचना की लेकिन भगवान श्री राम के जन्म से राज्याभिषेक तक की घटनाओं को दोहा, चौपाई और छंद के माध्यम से महाकाव्य के रूप में लिखकर प्रस्तुत करने वाले वह पहले कवि हुए। कहा जाता है जन्म के बाद सामान्य रूप से कोई भी बच्चा रोता है और न रोने पर लोग चिंता करने लगते हैं लेकिन तुलसीदास रोए नहीं थे, उनके मुख से राम का नाम निकला।



कहा जाता है जन्म के साथ ही उनके 32 दांत और भारी भरकम डील डौल था। जी दरअसल मां के गर्भ में वह 12 माह रहे थे और इन परिस्थितियों में किसी अमंगल की आशंका में माता हुलसी ने जन्म तीन दिन बाद ही अपनी दासी चुनिया के साथ उन्हें उसके ससुराल भेज दिया और दूसरे दिन वे स्वयं ही इस संसार से चल बसीं। कहा जाता है पांच वर्ष की अवस्था में दासी चुनिया ने भी संसार छोड़ दिया और उसके बाद बालक अनाथ हो गया और द्वार द्वार भटकने लगा। उस दौरान उसकी इस दशा को देख कर माता पार्वती उन्हें रोज खाना खिलाने आती थीं। वहीं स्वामी नरहर्यानन्द जी ने उनका नाम रामबोला रखा और अयोध्या में संवत 1561 में माघ शुक्ल पंचमी के दिन यज्ञोपवीत कराया। उस दौरान बिना सिखाए ही रामबोला ने गायत्री मंत्र का उच्चारण किया तो सब लोग चकित रह गए। रामबोला गुरुमुख से सुनी हुई बात एक बार में याद कर लेते थे।

कहा जाता है सोरों में स्वामी नरहरि जी ने उन्हें राम चरित सुनाया और काशी में शेष सनातन जी के सानिध्य में रह कर तुलसीदास ने 15 वर्षों तक वेद वेदांग का अध्ययन किया। इस दौरान लोकवासना जाग्रत होने पर वह गुरु की आज्ञा से जन्मभूमि राजापुर लौट आए और यहीं पर उनका विवाह एक सुंदर स्त्री से हो गया। इसी बीच एक बार उनकी पत्नी अपने भाई के साथ मायके चली गईं तो तुलसीदास भी पीछे से वहां पहुंच गए। पीछे-पीछे अपने पति को आता देख पत्नी ने तुलसीदास को बहुत धिक्कारा और भला बुरा कहा। जी दरअसल उन्होंने कहा कि हाड़ मांस से इस शरीर में तुम्हारी जितनी आसक्ति है, उससे आधी भी यदि भगवान में होती तो तुम्हारा बेड़ा पार हो गया होता।

पत्नी के शब्द बाण की तरह तुलसीदास को चुभ गए, बस वे बिना एक क्षण भी रुके लौट पड़े। आपको बता दें कि उस दौरान भगवान शंकर और पार्वती जी ने उन्हें दर्शन देकर आदेश दिया कि तुम अयोध्या पहुंचकर हिंदी में काव्य रचना करो, मेरे आशीर्वाद से तुम्हारी कविता सर्वव्यापी होगी। उसके बाद तुलसीदास जी काशी से अयोध्या आ गए और संवत 1631 में रामनवमी के दिन राम चरित मानस की रचना शुरू की। दो वर्ष सात माह और 26 दिनों में ग्रंथ की समाप्ति 1633 में मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष में राम विवाह के दिन हुई जब से सातो कांड लिख सके।



# आपको भी करना है अपने नए मकान में गृह प्रवेश?

जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक है स्वयं के लिए घर बना लेना। उस घर में जाने से पहले हर हिंदू धर्म को मानने वाला व्यक्ति पूजा-पाठ जरूर करता है। किसी भी व्यक्ति का अपने नए घर में प्रवेश करना बहुत मायने रखता है। सनातन धर्म में किसी नए घर में प्रवेश करने के लिए पूजा की जाती है, जिसे गृह प्रवेश कहते हैं। ऐसा इसलिए किया जाता है, ताकि घर से सभी बुरी शक्तियों का खात्मा हो जाए। गृह प्रवेश को लेकर शास्त्रों में कई नियमों का उल्लेख मिलता है, जिनका पालन करके आप लाभान्वित हो सकते हैं। क्या हैं वे नियम?

तीन तरह के गृह प्रवेश

**1. पहला गृह प्रवेश**

**अपूर्व गृह प्रवेश-** यह घर में व्यक्ति का पहला आगमन होता है।

**2. दूसरा गृह प्रवेश**

**सपूर्व गृह प्रवेश-** इस गृह प्रवेश में व्यक्ति पुराने खरीदे गए घर में दोबारा प्रवेश करता है।



**3. तीसरा गृह प्रवेश**


**द्वंद्व गृह प्रवेश-** इसमें ऐसे घर का गृह प्रवेश करवाया जाता है, जिसे फिर से बनाया गया हो।

किस तरह करें गृह प्रवेश?

1. गृह प्रवेश करते समय भगवान गणेश की स्थापना और वास्तु पूजा जरूर करवाएं।
2. घर में पहला प्रवेश करते समय अपना दाहिना पैर आगे करें। गृह प्रवेश की पूजा के बाद उस रात परिवार के सदस्यों को उसी घर में सोना चाहिए।
3. वास्तु पूजा के बाद घर के मालिक को पूरी बिल्डिंग का एक चक्कर काटना चाहिए।
4. महिला को पानी से भरे कलश को लेकर पूरे घर में घूमना चाहिए और जगह-जगह पर फूल गिराने चाहिए।
5. गृह प्रवेश वाले दिन एक कलश में पानी या दूध भरकर रखें और अगले दिन उसे मंदिर में चढ़ा दें।
6. गृह प्रवेश वाले दिन घर में दूध उबालना शुभ होता है।
7. गृह प्रवेश के 40 दिन तक घर खाली नहीं छोड़ना चाहिए। चाहे एक ही सदस्य रहे, लेकिन उस घर में किसी न किसी का होना बहुत जरूरी होता है।

# क्या है पंचगव्य? धार्मिक अनुष्ठान में गाय से जुड़ी इन पांच चीजों का होता है विशेष महत्व

हिंदू धर्म में गाय को पवित्र माना जाता है और उसकी पूजा की जाती है। गाय को माता का दर्जा दिया गया है, लेकिन सिर्फ गाय ही नहीं, बल्कि गाय से जुड़ी पांच चीजों का भी हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है। गाय से मुख्य रूप से प्राप्त होने वाली पांच चीजों को धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ, शुभ-मांगलिक कार्यों के लिए जरूरी माना जाता है। गाय से जुड़ी इन्हीं पांच चीजों को पंचगव्य कहा जाता है, जिसमें गाय का दूध, दही, घी-मक्खन, गोमूत्र और गोबर शामिल हैं। दिल्ली के आचार्य गुरमीत सिंह जी से जानते हैं गाय के जुड़ी इन पांच चीजों यानी पंचगव्य के महत्व के बारे में।



**क्या है पंचगव्य**

गाय से जुड़ी पांच चीजों दूध, दही, घी, गोमूत्र और गोबर के सम्मिश्रण को पंचगव्य कहा जाता है। गाय से जुड़े इन पांच चीजों का हिंदू धर्म में विशेष महत्व होता है।

**पंचगव्य का धार्मिक महत्व**

हिंदू धर्म में पंचगव्य के बिना कोई भी शुभ-मांगलिक कार्य पूरे नहीं होते। गांव-कस्बों से लेकर शहरों तक किसी भी धार्मिक उत्सव, मांगलिक कार्य, पूजा-पाठ, अनुष्ठान में पंचगव्य के प्रयोग को प्रधानता दी जाती है। गृह शुद्धि से लेकर शरीर शुद्धि तक पंचगव्य का प्रयोग किया जाता है। जानते हैं पंचगव्य के इन पांच चीजों का महत्व।

**गाय का दूध-** गाय के दूध को पवित्र माना गया है। पूजा-पाठ में पंचामृत बनाने में इसका इस्तेमाल किया जाता है। साथ ही गाय के दूध से शिवलिंग पर अभिषेक करने से भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त होता है। गाय के दूध से बनी खीर और मिठाइयों से भगवान को भोग लगाए जाते हैं।

**दही-** दूध से बनी दही का भी धार्मिक महत्व होता है। दूध की तरह दही से भी शिवलिंग पर अभिषेक करने विशेष फल की प्राप्ति होती है।

**घी और माखन-** गाय के घी से पूजा में दीप जलाएं जाते हैं। यज्ञ और हवन किए जाते हैं। भगवान श्रीकृष्ण को माखन अति प्रिय होता है। श्रीकृष्ण को माखन का भोग लगाया जाता है।

**गोबर-** धार्मिक अनुष्ठान में गोबर को काफी पवित्र माना गया है। पूजा स्थान को गोबर से लीपा जाता है। इसके साथ ही गोबर से गणेश की मूर्ति बनाकर पूजा करने का विधान है। कई पूजा-पाठ गोबर के बिना अधूरे होते हैं।

**गोमूत्र-** गंगाजल के समान ही गोमूत्र के छिड़काव से शुद्धिकरण होता है। घर पर गोमूत्र का छिड़काव करना लाभकारी माना जाता है। इससे नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है।

**पंचगव्य का औषधीय महत्व**

पंचगव्य का धार्मिक दृष्टिकोण से विशेष महत्व होता है और साथ ही इसे आयुर्वेद में भी महत्वपूर्ण माना गया है। गाय से जुड़े इन पांच चीजों का प्रयोग कई तरह की औषधियों के रूप में भी किया जाता है। पंचगव्य द्वारा शरीर के कई रोगों का उपचार किया जाता है और यह रोग-प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए भी महत्वपूर्ण होता है।

**- दर्शन अग्रवाल**

# घर की दीवारों में दिखाई दें ये चीजें तो उसे ना करें नजरअंदाज

वास्तु शास्त्र में घर में रखी जाने वाली हर वस्तु की दिशा और दशा निर्धारित की गई है, जिसका बहुत महत्व होता है। ऐसा माना जाता है कि यदि घर की चीजें वास्तु शास्त्र के अनुसार हों तो घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बढ़ जाता है। घर में रखी हुई चीजें तो घर के वास्तु को प्रभावित करती ही हैं, इसके अलावा घर की दीवारें और दरवाजे भी वास्तु के अनुसार ना हो तो यह भी घर के सदस्यों पर बुरा असर डालते हैं। ऐसा माना जाता है कि कुछ ऐसे संकेत हैं, जो घर की दीवारों से मिलते हैं, जिनसे घर की सुख-शांति प्रभावित होती है, इसलिए घर की दीवारों का सही सलामत और सुसज्जित होना बहुत जरूरी है। वास्तु सलाहकार पंडित कृष्णकांत शर्मा बता रहे हैं कुछ संकेतों के बारे में, जिनको जानना आपके लिए बेहद जरूरी है।

**किस दिशा में हो दीवार**

1. वास्तु शास्त्र में इस बात का उल्लेख मिलता है कि घर की दीवारें किस दिशा में होनी चाहिए। घर बनवाते समय इस बात का ध्यान रखा जाना चाहिए कि घर की दीवारों की ऊंचाई घर के मुख्य प्रवेश द्वार की ऊंचाई से तीन चौथाई अधिक हो।

2. वास्तु शास्त्र में यह भी बताया गया है कि घर के पश्चिम और दक्षिण दिशाओं की दीवारों की ऊंचाई उत्तर और पूर्व दिशाओं की दीवारों की तुलना में कम से कम 30 सेंटीमीटर तक अधिक होनी चाहिए।

**घर की दीवारों को रखे साफ-सुथरा**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की दीवारों को हमेशा साफ सुथरा रखना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि मकड़ी के जाले लगे हुए, धूल-मिट्टी भरी हुई, गंदी दीवारें नकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाती हैं। मकड़ी के जाले तनावपूर्ण और निराशाजनक माहौल का निर्माण करते हैं। इसके अलावा घर की दीवारों पर किसी भी प्रकार के दाग धब्बे भी नहीं होने चाहिए, यह घर में दरिद्रता फैलाते हैं।

**दीवारों पर रंगों का महत्त्व**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर के अंदर की दीवारों पर रंगों का भी विशेष महत्व है, इसलिए यह ध्यान रखना चाहिए कि घर की दीवारों का रंग उखड़ा हुआ ना हो। माना जाता है कि इससे घर परिवार के सदस्यों में अनेक प्रकार की बीमारियां पैदा होती हैं।

## 'इंडियन 2' से काजल अग्रवाल का पत्ता कटा, कमल हासन के साथ लीड रोल में दिखेंगी दीपिका






'विक्रम' की सफलता के बाद तमिल सुपरस्टार कमल हासन अब अपने अगले प्रॉजेक्ट की तैयारी में जुट गए हैं। खबर है कि वह इसी महीने के अंत से डायरेक्टर एस शंकर की ब्लॉकबस्टर फिल्म इंडियन की सीक्वल 'इंडियन 2' की शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं। यह फिल्म कोविड और प्रॉडक्शन हाउस तथा शंकर के बीच मतभेद की वजह से काफी लेट हो चुकी है। नई चर्चा इस फिल्म के कास्ट को लेकर है। सबको पता था कि सिंघम गर्ल काजल अग्रवाल इस फिल्म में लीड एक्ट्रेस का रोल करेंगी लेकिन उनकी शादी और हाल ही में बेबी होने के बाद इसमें ट्विस्ट आता दिख रहा है।

काजल अग्रवाल को रिप्लेस करने के लिए दीपिका पादुकोण से संपर्क किया गया है। हालांकि इस बारे में अभी आधिकारिकर रूप से कोई भी कुछ नहीं बोल रहा है। दावा किया जा रहा है कि लिका प्रॉडक्शन की टीम ने दीपिका से संपर्क किया है और इस महीने के अंत तक इस प्रॉजेक्ट से जुड़ने को लेकर उनकी सहमति मिलने की उम्मीद है। दीपिका फिलहाल 'पठान' के अलावा 'प्रॉजेक्ट के' कर रही हैं, जिसमें उनके अपॉजिट प्रभास हैं। डायरेक्टर शंकर एक्टर विवेक का भी विकल्प तलाश रहे हैं। विवेक की पिछले साल मौत हो गई थी। इसके अलावा 'इंडियन 2' सिद्धार्थ, रकुल प्रीत सिंह और प्रिया भवानी अहम किरदार निभा रहे हैं। अनिरुद्ध रविचंद्र इस फिल्म में संगीत दे रहे हैं। कुछ दिन पहले छपी एक खबर में काजल अग्रवाल का पत्ता इस फिल्म से कट चुका है और उनकी जगह दीपिका पादुकोण, कटरीना कैफ जैसी एक्ट्रेसेस के बारे में विचार किया जा रहा है। इसके पीछे वजह बताई जा रही है कि फिल्म को पैन इंडिया फिल्म के रूप में डिजाइन किया जा रहा है। इसे आरआरआर, केजीएफ 2 और पुष्पा की तरह पूरे भारत में सफल फिल्म बनाने की दिशा में काम शुरू हो गया। 'विक्रम' से कमल हासन ने जो कमबैक किया है, उससे उनकी छवि पैन इंडिया हीरो की फिर से बनी है और इसलिए उन्ही के कद के बराबर की लीड एक्ट्रेस को लेकर फिल्म को बड़ा बनाने की तैयारी बताई जा रही है। पहले रिपोर्ट थी कि RC15 की शूटिंग खत्म होने के बाद शंकर और कमल हासन 'इंडियन 2' की शूटिंग शुरू करेंगे, लेकिन अब ताजा रिपोर्ट है कि अगस्त में ही इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो रही है। इस फिल्म का पहला भाग 'इंडियन' वर्ष 1996 में रिलीज हुई था और उसे भी एस शंकर ने डायरेक्ट किया था। पहले पार्ट में कमल हासन के अलावा उर्मिला मातोंडकर और मनीषा कोइराला लीड रोल मे थीं।

## फूलों और पत्तों नहीं इस बार उर्फी जावेद ने बालों से ढका अपना जिस्म, लोग बोले- पंखा न चला देना



इंटरनेट सेंसेशन उर्फी जावेद अपनी बोल्ड तस्वीरों के कारण सुर्खियों में बनी रहती हैं। वैसे तो ज्यादातर लोग उन्हें उनके कपड़ों के लिए ट्रोल करते हैं, लेकिन इसका उन पर जरा भी असर नहीं पड़ता है। एक बार फिर उर्फी ने अपनी हॉट अदाओं से लोगों को घायल कर दिया है। इस बार उन्होंने बोरी। फूल। पत्ते नहीं बल्कि बालों से अपना जिस्म ढका है। उनका बोल्ड अंदाज देखकर हर कोई हैरान है। उर्फी के काले और लंबे बाल उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहे थे। यह कहना गलत नहीं है कि उर्फी को लाइमलाइट में रहना पसंद है। वह कभी भी लाइमलाइट में रहने का कोई भी मौका हाथ से जाने नहीं देती हैं। खैर अब उर्फी अपनी टॉपलेस तस्वीरों से लोगों का दिल दुखा रही हैं। उर्फी जावेद में नाक में एक बड़ी सी नथ भी पहनी है। हालांकि हल्के मेकअप में वे काफी सुंदर लग रही हैं। बता दें, उर्फी ने एक इंटरव्यू में कहा कि लोग उनके बारे में कुछ भी कहें। उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता है। वे बस काम पाने के लिए ऐसा कर रही हैं। वे इतनी मेहनत कर रही हैं बावजूद इसके उन्हें कोई काम नहीं मिल रहा है।

## #बॉयकॉट आलिया, क्यों हो रहा है ट्रेंड? आलिया भट्ट की 'डार्लिंग्स' की रिलीज से पहले मचा बवाल




आमिर खान की 'लाल सिंह चड्ढा' के बाद, नेटिजन्स आलिया भट्ट की अपकमिंग फिल्म 'डार्लिंग्स' का बॉयकॉट कर रहे हैं। ट्विटर पर बॉयकॉट आलिया भट्ट ट्रेंड कर रहा है। आलिया की फिल्म 'डार्लिंग्स' कल यानी 5 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने जा रही है। फिल्म के रिलीज से ठीक एक दिन पहले आखिर ऐसा क्या हुआ कि लोगों ने सोशल मीडिया पर विरोध कर रहे हैं। आप भी #बॉयकॉट आलिया भट के ट्रेंड होने के पीछे का कारण जानना चाहते हैं, तो हम आपको बताते हैं कि आखिर कारण क्या है।

आलिया भट्ट को बॉयकॉट करने की मांग दरअसल इसलिए उठ रही है, क्योंकि लोगों का कहना है कि फिल्म 'डार्लिंग्स' में पुरुषों के खिलाफ घरेलू हिंसा को बढ़ावा दिया जा रहा है, जो गलत है। फिल्म का ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ था, जिसमें दिखाया गया है कि आलिया अपने पति से बदलता लेते हुए उन्हें मारती हैं, जिसके बाद नेटिजन्स उन पर घरेलू हिंसा का आरोप लगाकर बॉयकॉट की मांग कर रहे हैं।

डार्लिंग्स की बात करें तो इस फिल्म के ट्रेलर में दिखाया गया है कि आलिया अपने पति विजय वर्मा को किडनैप करके उससे बदला लेती है। जैसा उसके साथ होता है वो पति को किडनैप करके वैसा ही करती हैं। ट्रेलर में आलिया अपने पति को पैन से मारती हैं, उनके चेहरे पर पानी फेंकती हैं और उनका चेहरा पानी के टैंक में डाल देती हैं।

एक ट्विटर यूजर ने लिखा- 'डार्लिंग्स' जैसी गलतफहमी वाली फिल्म बनाने के लिए सभी को #बॉयकॉट आलिया भट करना चाहिए। बॉलीवुड के लिए पुरुषों पर घरेलू हिंसा मजाक का विषय है। एक अन्य यूजर ने लिखा- 'हम पुरुषों के खिलाफ घरेलू हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेंगे। पुरुषों के खिलाफ डीवी कोई मजाक नहीं है।'एक अन्य यूजर ने लिखा #बॉयकॉट आलिया भट जो पुरुषों पर DV का प्रचार कर रहे हैं। सोचिए अगर जेंडर बदल गया होता तो!

एक अन्य यूजर ने लिखा, आलिया भट्ट ने न केवल #डार्लिंग्स में अभिनय किया, बल्कि उन्होंने इसे प्रोड्यूस भी किया। उन्होंने एक ऐसी फिल्म का निर्माण किया जो महिलाओं द्वारा पुरुषों की यातना से मनोरंजन करती है।

फिल्म की बात करें तो फिल्म 'डार्लिंग्स' में आलिया और विजय के साथ शेफाली शाह लीड रोल में नजर आने वाली हैं। ये एक डार्क कॉमेडी फिल्म है, जिसमें मां-बेटी की जोड़ी के रूप में आलिया और शेफाली शाह नजर आने वाली हैं। फिल्म में आलिया भट्ट पति के अत्याचारों के खिलाफ लड़ाई लड़ती नजर आने वाली हैं।

## चरणों में बैठकर पति की पूजा करने पर ट्रोल हुईं प्रणिता सुभाष, बोलीं- मैं हमेशा से पारंपरिक रही हूं



तेलुगु एक्ट्रेस प्रणिता सुभाष ने हाल ही में पति नितिन राजू के साथ अपनी एक फोटो शेयर की, जिसके लिए उन्हें सोशल मीडिया पर जमकर ट्रोल किया जा रहा है। दरअसल, प्रणिता ने जो फोटो शेयर की है, उसमें वे पति नितिन के चरणों में बैठी दिखाई दे रही हैं। इस फोटो के सामने आने के बाद कई यूजर्स ने नाराजगी जाहिर करते हुए एक्ट्रेस को रूढ़िवादी कहा है। इस पर अब 'हंगामा-2' की एक्ट्रेस प्रणिता ने भी ट्रोलर्स को करारा जवाब दिया है।

दरअसल, प्रणिता सुभाष ने एक हफ्ते पहले भीमना अमावस्या पर नितिन राजू के साथ की कुछ फोटोज शेयर की थीं। इन फोटोज में प्रणिता पति के कदमों में बैठकर उनकी पूजा करती दिखाई दे रही हैं। उनके हाथ में आरती की थाली है, जिससे वे नितिन के पैरों की आरती उतार रही हैं। साथ ही उनके पैरों पर फूल भी चढ़ा रही हैं। सोशल मीडिया पर इन फोटोज को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। कई यूजर्स कमेंट कर एक्ट्रेस को कह रहे हैं कि यह रूढ़िवादी और पैट्रीआर्कल जेस्चर है।


### रीति-रिवाजों को देखकर बड़ी हुई हूं


ट्रोलर्स के कमेंट्स का जवाब देते हुए प्रणिता सुभाष ने कहा, सिर्फ इसलिए कि मैं एक एक्ट्रेस हूं और यह फील्ड अपने ग्लैमर के लिए जानी जाती है, इसका मतलब यह नहीं है कि मैं एक अनुष्ठान का पालन नहीं कर सकती। रीति-रिवाजों को देखकर मैं बड़ी हुई हूं और उसमें पूरी तरह से विश्वास करती हूं। मेरे सभी चचेरे भाइयों, पड़ोसियों और दोस्तों ने भी यह किया है। मैंने पिछले साल भी पूजा की थी, जब मेरी शादी हुई थी, लेकिन तब फोटोज शेयर नहीं की थीं।

### मैं हमेशा से पारंपरिक लड़की रही हूं

प्रणिता सुभाष ने आगे कहा, मैं हमेशा दिल से एक पारंपरिक लड़की रही हूं और मूल्यों, रीति-रिवाजों और परिवार से जुड़ी हर चीज से प्यार करती हूं। वैसे, जीवन में हर चीज के दो पहलू होते हैं, लेकिन इस मामले में 90 प्रतिशत लोगों के पास कहने के लिए अच्छे शब्द थे। बाकी लोगों को मैं नजरअंदाज कर देती हूं।

## अनन्या संग अफेयर की खबरों के बीच आदित्य ने बताया अपना वेडिंग प्लान, बोले- शादी जब होनी होगी हो जाएगी





पिछले कुछ समय से अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर के अफेयर की खबरें सामने आ रही हैं। करण जौहर के चैट शो 'कॉफी विद करण' में अनन्या पांडे ने आदित्य को हॉट बताया था और करण ने भी दोनों के रिलेशनशिप को लेकर हिंट दिया था। इसके बाद से ही दोनों की रिलेशनशिप को लेकर खूब बातें हो रही हैं। वहीं, अब आदित्य रॉय कपूर ने भी अपने वेडिंग प्लान पर बात की है।

आदित्य रॉय कपूर से एक इंटरव्यू के दौरान जब शादी को लेकर सवाल किया गया, तो उन्होंने कहा, 'मैं पूरी तरह से शादी में विश्वास करता हूं। अगर होनी होगी तो हो जाएगी। ये ऐसे कुछ नहीं है, जिसे में मेनिफेस्ट करने की कोशिश कर रहा हूं। मैं हर दिन को रोजाना की तरह लेता हूं। ऐसे में जब भी शादी होने होगी हो जाएगी। मेरा अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं है। शादी जब होगी हो ही जाएगी।'

इसके अलावा आदित्य ने बताया कि उन्हें अपने परिवार के साथ समय बिताना पसंद है। आदित्य ने कहा, 'परिवार के साथ समय बिताना, गिटार बजाना, खेल खेलना और ट्रिप पर जाना ये कुछ ऐसी चीजें हैं, जो मुझे शांति और सुकून देते हैं। इन्हें करना मुझे पसंद है और जब आप ये करते हैं तो आप इसमें खो जाते हैं। जब आप ट्रेवल करते हैं, तो आप हमेशा रिफ्रेश होकर वापस लौटते हैं। आदित्य रॉय कपूर ने अनन्या पांडे के साथ अपने रिलेशनशिप को लेकर कोई बात नहीं की। अनन्या पांडे ने भी 'कॉफी विद करण' में आदित्य को हॉट तो बताया लेकिन रिलेशनशिप को लेकर चुप्पी साधे रहीं। वहीं, करण जौहर ने अपने पार्टी के दौरान दोनों की नजदीकियों का जिक्र करके उनके अफेयर का हिंट दे दिया था।

## पलक तिवारी के पास नहीं है पेरेंट्स के लिए समय




**पॉपुलर टीवी** एक्ट्रेस श्वेता तिवारी के एक्स हस्बैंड राजा चौधरी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी बेटी पलक तिवारी के साथ अपनी इक्वेशन के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि उनकी श्वेता तिवारी से कोई बातचीत नहीं होती है, क्योंकि उन्होंने कई साल पहले राजा का नंबर ब्लॉक कर दिया था।

राजा से जब आगे पूछा गया कि क्या वो अपनी बेटी पलक के कॉन्टैक्ट में हैं। तो इसके जवाब में वो कहते हैं, 'मैंने पलक को आखिरी बार तब देखा था, जब वो बच्ची थी। पलक बहुत बिजी रहती हैं। उनके पास पेरेंट्स तक के लिए समय नहीं है। वैसे मैं उसे कॉल नहीं करता हूं, मैं सिर्फ उसे मैसेज या ईमेल करता हूं और फिर उसके जवाब का इंतजार करता हूं। क्योंकि मुझे उससे मिलने का मौका ही नहीं मिलता है। पर वो उसका भी जवाब नहीं देती हैं, इससे लगता है कि या तो वो बहुत ज्यादा बिजी हैं या फिर वो मुझे इग्नोर कर रही हैं।'

पलक की मां श्वेता तिवारी ने 19 साल की उम्र में राजा चौधरी से शादी की थी। हालांकि, 2007 में उनका तलाक हो गया। राजा पर श्वेता ने घरेलू हिंसा का आरोप लगाया था। पलक श्वेता और राजा की ही बेटी हैं। पलक के करियर की बात करें तो उन्होंने 'रोजी- द सैफ्रॉन चैप्टर' से बॉलीवुड डेब्यू किया है। वहीं इसके अलावा उन्होंने सलमान खान और आयुष शर्मा स्टारर 'अंतिमः द फाइनल ट्रुथ' में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर भी काम किया है।

## राखी सावंत के बॉयफ्रेंड आदिल को मिल रही है बिश्नोई गैंग से धमकी! राखी बोलीं- बहन का घर बसाओ, उजाड़ो मत



राखी सावंत इन दिनों आदिल खान दुर्रानी के प्यार में हैं। रितेश से रिश्ता खत्म करने के बाद आदिल उनकी जिंदगी में आए। दोनों एक-दूसरे के साथ खूब क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। पैपराजी के सामने आने पर भी दोनों अपना प्यार जताने से नहीं कतराते हैं। प्यार मोहब्बत की बातों के बीच राखी सांवत ने एक ऐसा आरोप लगाया है, जिसके बाद हर कोई दंग है। राखी सावंत ने आरोप लगाया कि उनके बॉयफ्रेंड आदिल को जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। एक्ट्रेस का दावा है कि ये कथित धमकियां आदिल को बिश्नोई गिरोह की तरफ से मिल रही हैं। 'ड्रामा क्वीन' के नाम से फेमस राखी सावंत का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें उन्होंने ये फोन पर आई धमकी को दिखाया है। हालांकि, राखी ने बिश्नोई गिरोह को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि वह आदिल खान से दूर रहें।

### 'आदिल मेरा प्यार है'

इस बारे में पैपराजी से बात करते हुए राखी ने कहा, 'हम दोनों एक-दूसरे से प्यार करते हैं। हमने आपका क्या किया है? आप हमें क्यों धमकी दे रहे हैं? आदिल मेरा प्यार है। मैं उसके बिना जी नहीं सकती। अगर मेरे आदिल को कुछ हो गया तो'

राखी आगे कहती हैं, 'उसे धमकी देना बंद करो। क्योंकि उससे पहले उन लोगों को मुझे खत्म करना होगा। तुम मुझे क्यों मारोगे? क्या किसी से प्यार करना गुनाह है? क्या तुमने कभी किसी से प्यार नहीं किया? मेरे आदिल को कुछ नहीं होना चाहिए। इसे गंभीरता से लें। इसका क्या मतलब है? तुम मेरे भाई हो। बहन का घर बसाओ, उजाड़ो मत। मैं शॉक्ड हूं। इन दौरान राखी फोन पर वो धमकी भरा मैसेज भी दिखाती हैं। जो कथित तौर पर दाऊद हसन नाम के एक शख्स ने भेजा है। जिसमें लिखा- 'हम तुम्हें मार देंगे, बिश्नोई समूह से धमकी। राखी सावंत से दूर रहें'। आपको बता दें कि कुछ दिन पहले सलमान खान के पिता सलीम खान को भी ऐसे ही खत द्वारा जान से मारने की धमकी मिली थी।

## 'मेरे 8 घंटे बाकी एक्टर्स के 14-15 घंटे के बराबर हैं': अक्षय कुमार



**अक्षय कुमार** जल्द ही आनंद एल राय के निर्देशन में बनी फिल्म 'रक्षा बंधन' में नजर आएंगे। ये फिल्म इस साल उनकी तीसरी बड़े बजट फिल्म है। इससे पहले 2022 की उनकी दो बड़ी बजट फिल्में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हैं। जिसके बाद एक्टर की फीस को लेकर भी खबर सामने आ रही है। कहा जा रहा है कि एक्टर ने अपनी फीस कम कर दी है। सभी जानते हैं कि अक्षय ज्यादा फिल्में और कम समय में शूटिंग खत्म करने के लिए जाने जाते हैं। इसके अलावा उनकी फीस को लेकर भी चर्चा होती रहती है। अक्षय कुमार अन्य एक्टर्स के मुकाबले अधिक फीस लेते हैं।

अक्षय से फीस में कटौती करने के बारे में उनकी राय के बारे में पूछा गया, कि क्या वो कभी ऐसा करेंगे? अक्षय ने कहा कि 'सिनेमा के पैसों वाली बात को पहले फिल्म के लेखक पर लागू किया जाना चाहिए। अक्षय ने उन्हें फिल्म का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा बताया। फिल्म में सबसे जरूरी है फिल्म की स्क्रिप्ट और डायलॉग। लेकिन फिर भी राइटर्स को इंडस्ट्री में उतनी अहमियत नहीं मिलती। एक्टर ने कहा कि राइटर के बाद फिल्म के क्रू मेंबर्स, डायरेक्टर, टेक्नीशियन और सबसे आखिर में एक्टर्स आते हैं।

अक्षय अपनी पिछली दो रिलीज़, सम्राट पृथ्वीराज और बच्चन पांडे के बाद से ही बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने में विफल रहे हैं। सम्राट पृथ्वीराज के फ्लॉप होने के बाद ये अनुमान लगाया गया था कि जो अभिनेता एक वर्ष में 3-4 फिल्में करता है, वो हर प्रोजेक्ट के प्रति उतना कमिटेड नहीं हो सकता। इन बातों पर अक्षय ने कहा कि वो फिल्म को समय पर खत्म करने के लिए कमिटेड हैं।

आगे एक्टर ने कहा कि लोग बड़े बॉक्स ऑफिस नंबरों की कमी से परेशान हैं, चीजों को बदलने की जरूरत है। एक्टर ने बताया उन्हें कम फिल्में करने को कहा जाता है, खासकर उनके करियर के शुरुआती दिनों में। अक्षय ने कहा,"लोग मुझसे पूछते थे कि मैं एक साल में 4 फिल्में क्यों करता हूं। उन्होंने हमेशा मुझसे कहा कि मैं जितनी फिल्मों में काम करता हूं या प्रोड्यूस करता हूं, उसकी संख्या को धीमा और कम कर दूं।"

अक्षय ने बॉलीवुड में वर्किंग कल्चर को लेकर कहा कि वो सबसे ज्यादा छुट्टी लेते हैं। वो रविवार को काम नहीं करते और शनिवार को भी आधा ही दिन काम करते हैं। अक्षय ने कहा कि आनंद एल राय ने उन्हें बताया कि उनके वर्क कल्चर ने निर्देशक की काम करने की धारणा को बदल दिया है।

अक्षय ने कहा कि मैं फिल्म सेट पर 8 घंटे काम करता हूं। लेकिन मैं उन 8 घंटों में से एक भी मिनट वैनिटी वैन में नहीं बिताता। मैं हमेशा मूवी सेट के फ्लोर पर खड़ा रहता हूं। मेरे 8 घंटे बाकी स्टार्स के 14-15 घंटो के बराबर है। ये मेरा फिल्म के साथ कमिटमेंट है।

## कोई मिल गया फिल्म के एक्टर का निधन : मिथिलेश चतुर्वेदी ने लखनऊ में ली अंतिम सांस



**फिल्म और टीवी** के पॉपुलर एक्टर मिथिलेश कुमार का निधन हो गया है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो मिथिलेश ने 3 अगस्त की शाम लखनऊ में अंतिम सांस ली। वे हार्ट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। खबरों के मुताबिक, मिथिलेश चतुर्वेदी को कुछ दिन पहले ही हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद वह अपने होमटाउन लखनऊ शिफ्ट हो गए थे। वह इसलिए ताकि अपनी सेहत की देखभाल रख सकें।


### 'फिजा' के कारण मिली कोई मिल गया

मिथिलेश को फिल्म कोई मिल गया में उनकी कास्टिंग का किस्सा काफी दिलचस्प है। दरअसल, जब राकेश रोशन अपनी इस फिल्म पर काम कर रहे थे, उसी दौरान उन्होंने 'फिजा' देखी। उसी फिल्म में एक सीन था, जिसमें करिश्मा कपूर मिथिलेश के मुंह पर पानी फेंक देती हैं। उस सीन में उन्हें देख राकेश बहुत खुश हुए, बतौर एक्टर भी उन्हें मिथिलेश काफी पसंद आए थे। इसके बाद एक दूसरे रोल के लिए रवि झाकड़ को बुलाया गया था, तब उन्होंने बताया कि उस एक्टर का नाम मिथिलेश है। इतना जानने के बाद राकेश रोशन ने मिथिलेश को बुलाया और अपनी फिल्म में कास्ट कर लिया।

### मिथिलेश का करियर

मिथिलेश चतुर्वेदी ने अपना बॉलीवुड डेब्यू 1997 में आई भाई भाई से किया था। इसके बाद उन्होंने सत्ता, ताल, फिजा, रोड, कोई मिल गया, गांधी माय फादर और बंटी बबली जैसी फिल्मों में काम किया था। उन्होंने 2020 में आई सीरीज स्कैम 1992 से अपना डिजिटल डेब्यू किया था। फिलहाल मिथिलेश बांछड़ा फिल्म पर काम कर रहे थे। इसके अलावा वह थिएटर में भी काफी एक्टिव थे। उन्होंने प्रेम तिवारी, बंसी कौल, दीना नाथ, उर्मिल थपलियाल और अनुपम खेर के डायरेक्ट किए हुए नाटकों में काम किया था।





## 'धड़क' की रिलीज के दौरान ओवर कॉन्फिडेंट थीं जान्हवी कपूर


बॉलीवुड एक्ट्रेस जान्हवी कपूर ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान अपनी फिल्मों के शुरुआती दिनों में बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई करने के प्रेशर के बारे में बात की। साथ ही उन्होंने ये भी बताया कि उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'गुड लक जेरी' के साथ ऐसा नहीं हुआ, क्योंकि वो OTT पर रिलीज हुई है।

जान्हवी से जब ये पूछा गया कि वो फिल्म की रिलीज के पहले दिन कैसा महसूस करती हैं, तो इसके जवाब में उन्होंने कहा, 'जब फिल्म OTT पर रिलीज होती है तो ये एक अलग तरह का अहसास होता है, क्योंकि जब आप रिलीज से पहले एक मीडिया प्रिव्यू करते हैं, तो उनके रिएक्शन से आपको पता चल जाता है कि ऑडियंस आपकी फिल्मों पर कैसा रिएक्शन देने वाले हैं। वहीं OTT रिलीज पर नंबर का प्रेशर इतना ज्यादा नहीं होता है। इसलिए एक बार जब आपको उनका रिएक्शन मिलता है, तो आप थोड़ा कंफर्टेबल हो जाते हैं। इस फिल्म के प्रिव्यू के दौरान ही मैंने सुना था कि लोग मेरे और फिल्म के लिए पॉजिटिव रिव्यू दे रहे हैं। इसलिए मुझे उस रात अच्छी नींद आई थी। मुझे ये टेंनश नहीं थी कि ये 5 करोड़, 3 करोड़ या 2 करोड़ कमाएगी।' जान्हवी आगे कहती हैं, 'धड़क के दौरान मैं इन सारी चीजों से बहुत अनजान थी। मुझे लगता है कि उस समय मेरे अंदर एक तरह का ओवर कॉन्फिडेंस था, कि लोग मेरी पहली फिल्म देखने तो आएंगे ही। इसलिए मैं इस फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन के लिए कॉफिडेंट थी।'

जाह्नवी ने अपना बॉलीवुड डेब्यू 2018 में फिल्म 'धड़क' से किया था। इस फिल्म में उनके साख ईशान खट्टर भी लीड रोल में थे। एक्ट्रेस फिलहाल नितेश तिवारी की फिल्म 'बवाल' में वरुण धवन के साथ काम कर रही हैं। ये फिल्म 2023 में रिलीज होगी। इसके अलावा उनके पास 'मिस्टर एंड मिसेज माही' जैसी फिल्मे हैं। उन्हें आखिरी बार 'गुड लक जैरी' में देखा गया था।

## मेरे साथ काम नहीं करना चाहते मेल एक्टर्स, जबकि मैं यंग एक्ट्रेसेस से छोटी दिखती हूं : नीना गुप्ता

**दिग्गज एक्ट्रेस** नीना गुप्ता ने समय-समय पर यह साबित किया है कि उम्र सिर्फ एक नंबर है। 63 साल की नीना गुप्ता को आज भी कई फिल्में और प्रोजेक्ट्स लगातार मिल रहे हैं। हालांकि, नीना ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में कहा कि मेल एक्टर्स उनके अपोजिट काम करना नहीं चाहते हैं। नीना ने सेक्सिज्म और ऐजिज्म (बढ़ती उम्र) पर बात करते हुए यह भी कहा है कि कई मेल एक्टर्स उनके बदले यंग एक्ट्रेसेस के साथ काम करना चाहते हैं।



नीना गुप्ता ने कहा, ऐसे 2-3 प्रोजेक्ट्स हैं, जहां मैंने डायरेक्टर से पुछा कि मेरे अपोजिट कौन है, लेकिन उन्होंने कहा-'आप ही किसी दिन सजेस्ट कीजिए'। इस पर मैंने कहा, 'यह सबसे मुश्किल काम है, क्योंकि मेरे साथ कोई मिलता ही नहीं है'। उन्होंने कहा कि वह राम कपूर को उनसे उम्र में छोटा होने के बावजूद उनके अपोजिट रोल निभाने के लिए धन्यवाद देना चाहती हैं।

### मेल एक्टर्स यंग एक्ट्रेसेस के साथ ही काम करना चाहते हैं

एक्ट्रेस ने आगे कहा, ₹मेरे साथ कोई काम करने को रेडी ही नहीं है। ज्यादातर मेल एक्टर्स यंग एक्ट्रेसेस के साथ ही काम करना चाहते हैं, हालांकि मैं उनसे छोटी ही दिखती हूं। हमारी सोसाइटी अभी भी नहीं बदली है। आप और मैं माइनॉरिटी हैं। हम एक पितृसत्तात्मक समाज में रहते हैं और यह हमेशा ऐसा ही रहेगा।₹ यह उन्होंने सोसाइटी में महिलाओं का जिक्र करते हुए कहा है।

साल 2017 में नीना गुप्ता ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया था, जिससे उन्होंने सभी को सरप्राइज कर दिया था। उन्होंने लिखा था, मैं एक अच्छी एक्ट्रेस हूं, मुंबई में रहती हूं और अच्छे प्रोजेक्ट्स में काम की तलाश में हूं। इस उम्र में भी काम के लिए खुद को ओपन रखने के लिए तब फैंस ने उनकी जमकर तारीफ की थी।

### नीना गुप्ता ने 1982 में 'साथ साथ' से किया था बॉलीवुड डेब्यू

नीना गुप्ता ने साल 1982 में रिलीज हुई फिल्म 'साथ साथ' से अपना बॉलीवुड डेब्यू किया था। फिल्मों और टीवी में लंबे करियर के बाद उन्होंने साल 2018 में रिलीज हुई फिल्म 'बधाई हो' के साथ अपनी दूसरी पारी की शुरुआत की थी। वे हाल ही में ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज 'मसाबा मसाबा' के दूसरे सीजन में अपनी बेटी मसाबा गुप्ता के साथ नजर आई थीं। सीरीज के दूसरे सीजन में नीना-मसाबा के साथ राम कपूर भी लीड रोल में हैं।

## यादों में किशोर दा से जुड़े अनसुने व दिलचस्प किस्से

किशोर कुमार. जिन्हें गुजरे हुए 35 साल हो गए हैं, पर उनकी गायकी और दमदार एक्टिंग आज भी लोगों के जेहन में जिंदा है। उन्होंने अपने करियर में करीब 110 म्यूजिक डायरेक्टर्स के साथ 2678 फिल्मों में गाने गाए थे। किशोर दा ने करीब 88 फिल्मों में बतौर एक्टर भी काम किया था। उनको प्लेबैक सिंगिंग के लिए 8 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले थे। 1997 में मध्यप्रदेश सरकार ने इंडियन सिनेमा में उनके योगदान के कारण उन्हीं के नाम पर 'किशोर कुमार अवॉर्ड' की शुरुआत भी की। 2012 में दिल्ली में ओसियां की सिनेफेन नीलामी में किशोर दा का अनरिलीज्ड सॉन्ग करीब 16 लाख में बिका था।

किशोर दा हिंदी सिनेमा के फेमस एक्टर अशोक कुमार के छोटे भाई थे। अशोक चाहते थे कि उनके भाई किशोर भी उन्हीं के जैसे सिनेमा जगत के एक कामयाब एक्टर बनें। अपने भाई की बात मान कर किशोर दा ने फिल्म शिकारी से एक्टिंग डेब्यू किया था।

### किशोर दा जुड़े अनसुने और दिलचस्प किस्से

एक्टिंग से ज्यादा किशोर दा का लगाव सिंगिंग से था। करियर के शुरुआती दिनों में वो आइकॉनिक सिंगर के.एल. सहगल को फॉलो करते थे। एक दिन म्यूजिक डायरेक्टर एस.डी. बर्मन साहब अशोक कुमार के घर गए थे, तभी उन्होंने किशोर दा को गाते हुए सुना। इसके बाद उन्होंने किशोर दा को सलाह दी कि उन्हें गायकी के लिए अपना एक स्टाइल अपनाना चाहिए। किशोर दा ने बर्मन साहब की बात मानी और 1950 से 1970 तक वो देव आनंद की आवाज बन गए। किशोर दा ने एस.डी बर्मन के मार्गदर्शन में राजेश खन्ना की फिल्मों के लिए करीब 245 गाने गाए हैं।



किशोर दा ने अपने घर के बाहर एक बोर्ड लगाया था जिस पर लिखा था किशोर से सावधान। निर्माता-निर्देशक एचएस रवैल जब किशोर दा के घर गए तो उन्होंने एचएस रवैल के हाथ को काट लिया। जब एचएस रवैल ने उनसे पूछा कि उन्होंने ऐसा क्यों किया तो किशोर दा ने कहा कि आपको घर के अंदर आने से पहले बोर्ड देखना चाहिए था।



एक बार किशोर दा किसी फिल्म की शूटिंग कर रहे थे। उस फिल्म के लिए प्रोड्यूसर ने उन्हें आधे ही पैसे दिए। इस बात से नाराज होकर किशोर दा आधा ही मेकअप करके सेट पर चले गए। जब डायरेक्टर ने उन्हें पूरा मैकअप करके आने के लिए कहा तो किशोर दा ने कहा कि आधा पैसा, आधा काम। पूरा पैसा, पूरा काम।

किशोर दा को मीडिया अटेंशन पंसद नहीं था। इसी वजह से उन्होंने अपने घर के लिविंग रूम में खोपड़ी और हड्डियां लगवा ली थीं और साथ ही कमरों में रेड लाइट लगा रखी थी।

जिस फिल्म ने डायरेक्टर भगवान दादा को बर्बादी के आंसू रुलाए, वो थी 'हंसते रहना'। इसे बनाने में उन्होंने अपनी सारी जमा-पूंजी लगा दी, पर फिल्म के हीरो किशोर दा के नखरों के कारण इसे बंद करना पड़ा और ये फिल्म पूरी ना हो पाई। इससे दादा को इतना नुकसान हुआ कि उन्हें जुहू स्थित बंगला और अपनी कारें बेचनी पड़ीं। किशोर दा हमेशा ही सुर्खियों में रहते थे, पर उनकी लाइफ में अकेलापन और असंतोष भी था। उन्होंने 4 शादियां की थीं, पर उसके बाद भी खुद को अकेला ही पाते थे।

### पहली पत्नी थीं रूमा गुहा ठाकुरता (1950-1958)

किशोर दा ने 1950 में सत्यजीत रे की भतीजी रूमा गुहा ठाकुरता से शादी की थी। एक्ट्रेस और सिंगर के अलावा रूमा 1958 में कलकत्ता यूथ चोइर की संस्थापक थीं। 1952 में किशोर दा और रूमा ने बेटे अमित को जन्म दिया था। शादी के कुछ समय बाद ही दोनों में अनबन शुरू हो गई थी और 1958 में दोनों ने तलाक ले लिया था।

### दूसरी बार वेटरन एक्ट्रेस मधुबाला के साथ शादी के बंधन में बंधे (1960-1969)

किशोर दा ने मधुबाला से शादी करने के लिए खुद का धर्म परिवर्तन कर लिया था और इस्लाम धर्म अपना लिया था। दोनों ने हिंदू रीति-रिवाज से भी शादी की थी, पर किशोर दा के परिवार ने मधुबाला को नहीं अपनाया था। जब मधुबाला अपने इलाज के लिए लंदन जा रही थीं, किशोर दा ने उन्हें फिल्मी अंदाज में प्रपोज किया था। मधुबाला की मौत के बाद वो पूरी तरह से टूट गए थे।

### तीसरी शादी योगिता बाली के साथ की (1976-1978)

मधुबाला की मौत के कई साल बाद किशोर दा की लाइफ में योगिता बाली आईं।1976 में दोनों ने शादी कर ली थी। महज 2 साल बाद ही दोनों ने तलाक ले लिया था। तलाक के बाद योगिता ने मिथुन चक्रवर्ती से शादी कर ली थी, जिसके बाद किशोर दा ने कभी भी मिथुन की फिल्मों के लिए गाने नहीं गाए।


### चौथी शादी लीना चंदावरकर से की (1980-1987)

किशोर दा एक्ट्रेस लीना चंदावरकर के दूसरे पति थे। एक फिल्म के दौरान दोनों की मुलाकात हुई, फिर प्यार और 1980 में दोनों ने शादी कर ली। लीना ही किशोर दा के अंतिम समय तक उनके साथ रही थीं।

## रश्मिका से लेकर सामंथा तक खुद को ऐसे फिट रखती हैं साउथ की ये एक्ट्रेसेस

**आजकल सभी** खुद को फिट रखने के लिए एक हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करना चाहते हैं। अपनी फिटनेस पर ध्यान देने के लिए लोग कड़ी मेहनत भी करते हैं, लेकिन कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जो फिट होना चाहते हैं पर आखिरी मौके पर अपने कदम पीछे हटा लेते हैं। यदि आप भी ऐसे लोगों में शुमार हैं, तो ये खबर आपके लिए ही है। आज हम आपको साउथ सिनेमा की कुछ ऐसी अभिनेत्रियों से मिलवाने जा रहे हैं, जो खुद को फिट रखने के लिए घंटों जिम में पसीना बहाती हैं। इन अभिनेत्रियों से प्रेरित होकर आप भी खुद को फिट रख सकते हैं। तो चलिए बताते हैं आपको इन एक्ट्रेसेज की फिटनेस का राज...

### सामंथा रुथ प्रभु



साउथ की स्टार सामंथा भी खुद को फिट रखने के लिए कड़ी मेहनत करती हैं। वह अपनी डाइट और एक्सरसाइज को कभी भी स्किप नहीं करतीं और कम से कम एक घंटे वर्कआउट जरूर करती हैं। वह वेट ट्रेनिंग करना पसंद करती हैं और अपने ट्रेनर के बनाए रूटीन को फॉलो करती हैं। इसके अलावा वह नियमित योग करती हैं। उन्हें पावर योगा और एरियल योगा करने से शरीर में लचीलेपन के साथ स्ट्रेस कम करने में मदद मिलती है। वह बैलेंसिंग वाले योग भी करती हैं, जिससे स्टेबिलिटी बढ़ती है। इसके अलावा वह अपनी डाइट का भी काफी ध्यान रखती हैं।

### कीर्ति सुरेश



अभिनेत्री कीर्ति सुरेश भी खुद की फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं। वह खुद को फिट रखने के हफ्ते में एक बार योग जरूर करती हैं। इसके अलावा वह जिम में भी जमकर पसीना बहाती हैं। वह कार्डियो और वेट ट्रेनिंग करना भी पसंद करती हैं। कीर्ती ने अपनी डाइट और एक्सरसाइज पर ध्यान देकर गजब का ट्रांसफॉर्मेशन किया था। वहीं, वह अक्सर सोशल मीडिया पर भी अपनी वर्कआउट फोटो साझा करती हैं।

### रश्मिका मंदाना



'पुष्पा' की श्रीवल्ली यानी रश्मिका मंदाना को लोग काफी पसंद करते हैं। रश्मिका फिटनेस फ्रीक हैं और कभी भी वर्कआउट करना नहीं भूलती हैं। वह अक्सर अपनी वर्कआउट करते हुए तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर साझा करती रहती हैं। एक इंटरव्यू के दौरान रश्मिका ने बताया था कि वह हफ्ते में चार बार वर्कआउट जरूर करती हैं। वह अक्सर किकबॉक्सिंग, स्किपिंग, स्विमिंग, फास्ट वॉकिंग, डांसिंग और पावर योगा का अभ्यास करती हैं। कार्डियो के अलावा रश्मिका वेट ट्रेनिंग भी करती हैं।

### श्रुति हासन

श्रुति हासन भी अपने खूबसूरती और फिटनेस को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। श्रुति डाइट और वर्कआउट रूटीन फॉलो करने के साथ ही अपनी नींद का भी काफी ध्यान रखती हैं। उनका मानना है कि फिट रहने के लिए नींद पूरी होना जरूरी है, ऐसे में वह आठ घंटे की नींद लेने की पूरी कोशिश करती हैं। वहीं, उन्हें जिम में कार्डियो ट्रेनिंग और ट्रेडमिल पर दौड़ना काफी पसंद है। इसके अलावा श्रुति किक बॉक्सिंग भी करती हैं और अपने रूटीन को रोमांचक बनाने के लिए वह कई तरह की एक्सरसाइज करती हैं। साथ ही डांस करना भी पसंद करती हैं।



## 6वीं की पढ़ाई छोड़कर बस कंडक्टर बने फिर फिल्मों में मिला काम, इंडस्ट्री में मैनेजर रखने वाले पहले एक्टर

### जॉनी वॉकर डेथ एनिवर्सरी

इस सप्ताह जॉनी वॉकर की 19वीं डेथ एनिवर्सरी थी। जॉनी वॉकर 50,60 और 70 के दशक के सबसे बेस्ट कॉमेडियन माने जाते थे। उन्होंने 4 दशक तक फिल्म इंडस्ट्री पर राज किया है। एक दौर ऐसा भी था जब जॉनी बस कंडक्टर का काम किया करते थे। फिर बाद में उन्होंने बेहतरीन कॉमेडियन के रुप में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने अपने करियर में लगभग 300 फिल्मों में काम किया है। जॉनी ऐसे पहले एक्टर थे जिन्होंने अपने लिए पर्सनल मैनेजर रखा था साथ ही वो ऐसे पहले एक्टर रहे हैं जिन्होंने संडे की छुट्टी लेना शुरू किया था। एक दौर ऐसा भी था जब जॉनी के गाने फिल्म में रखने के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स फिल्म निर्माता को ज्यादा पैसे दिया करते थे। फिल्म के मेकर्स लेखकों से अलग से जॉनी का रोल लिखवाया करते थे। जॉनी ही वो एक्टर रहे हैं जिन्होंने फिल्मों में टैक्सी ड्राइवर्स की लैंग्वेज बोलना करना शुरू किया था। तो चलिए आज इस बेहतरीन एक्टर की डेथ एनिवर्सरी पर इनकी जिंदगी से जुड़े कुछ खास किस्सों पर नजर डालते हैं।



### 6वीं की पढ़ाई छोड़ बने बस कंडक्टर

जॉनी वॉकर का जन्म 11 नवंबर 1926 को हुआ था। वो 10 भाई बहनों में दूसरे नंबर के थे। उनका बचपन आम लोगों की तरह बीत ही रहा था कि एक दिन उनके पिता की नौकरी चली गई। ऐसे में उनके परिवार पर परेशानियों का पहाड़ टूट गया। इतना बड़ा परिवार और कमाई का कोई साधन नहीं होने के चलते उनका परिवार मुंबई में आकर शिफ्ट हो गया। मुंबई आने के बाद उनके पिता की पहचान से उनकी बस कंडक्टर की नौकरी लग गई। जॉनी को इस नौकरी से महीने के 26 रुपए मिलते थे।

### गुरुदत्त से शराबी बनकर मिले जॉनी

जॉनी ने फिल्म स्टूडियोज में जा-जाकर अपनी कुछ पहचान बना ली थी ऐसे में कुछ फिल्मों में उन्हें छोटे-मोटे रोल मिल जाया करते थे। इसी बीच एक रोज उनकी मुलाकात एक्टर बलराज साहनी से हुई। बलराज जॉनी की हंसाने की स्किल्स से खासा प्रभावित हुए और उन्हें गुरुदत्त से मिलने की सलाह दी। फिर जब बलराज ने जॉनी को गुरुदत्त से मिलवाया तो जॉनी उनसे शराबी बनकर मिले। इससे गुरुदत्त खासा नाराज हुए कि कोई शराब पीकर उनसे इस तरह मिल रहा है। फिर जॉनी ने जब बताया कि उन्होंने शराब नहीं पी है और वो एक्टिंग कर रहे थे, तब गुरुदत्त बेहद खुश हुए और उन्होंने उसी वक्त जॉनी को गले लगा लिया।

बचपन से जॉनी वॉकर का नाम बदरुद्दीन जमालुद्दीन काजी था और गुरुदत्त से मिलने से पहले तक लोग उन्हें उसी नाम से जानते थे, लेकिन जब जॉनी की गुरुदत्त से मुलाकात हुई तब उनकी शराबी के एक्टिंग ने गुरुदत्त को खासा इंप्रेस कर दिया। फिर क्या था गुरुदत्त ने उनका नाम अपने फेवरेट व्हिस्की ब्रांड के नाम पर जॉनी वॉकर रख दिया। जॉनी ने भी इसे दिल से अपनाया और अपना स्क्रिन नेम यही रख लिया।

### गुरुदत्त ने बाजी में दिया काम कभी नहीं पी शराब

जॉनी ने कई फिल्मों में शराबी का रोल प्ले किया है, लेकिन वो कहते थे कि उन्होंने कभी शराब नहीं पी और न ही पीने के बारे में सोचा। उनकी एक्टिंग एकदम प्योर थी। उन्होंने स्क्रीन पर कभी कोई अश्लील सीन नहीं किया। उनका कहना था कि सेंसर बोर्ड ने किसी भी फिल्म से कभी उनका एक भी सीन कट नहीं किया है।

### 300 फिल्मों में किया काम

जॉनी वॉकर ने बाजी फिल्म के बाद गुरुदत्त की लगभग हर फिल्म में काम किया है। 50,60 और 70 के दशक तक जॉनी फिल्मों के हिट होने की ग्यारंटी माने जाने लगे थे। उनके एक्टिंग सीन कभी-कभी लीड एक्टर को भी स्क्रीन पर दबा दिया करते थे। उनकी बेहतरीन फिल्मों में नया दौर, टैक्सी ड्राइवर, मधुमती, मिस्टर एंड मिसेस 55 जैसी फिल्में शामिल हैं।

### पहला एक्टर जिसने संडे की छुट्टी लेना किया शुरु

फिल्म इंडस्ट्री में छुट्टी का कोई दिन नहीं होता। ऐसे में जॉनी वॉकर फिल्म इंडस्ट्री के ऐसे पहले सपोर्टिंग एक्टर थे जिन्होंने संडे की छुट्टी लेना शुरू किया था। उस समय जॉनी के पास काम की कमी नहीं हुआ करती थी उन्हें हर दिन फिल्म के लिए शूटिंग करनी होती थी। इस बीच उन्होंने संडे परिवार के साथ बिताने का फैसला किया और संडे की छुट्टी लेना शुरू कर दिया। साथ ही जॉनी ऐसे पहले एक्टर रहे हैं जिन्होंने टैक्सी ड्राइवर्स की लैंग्वेज को फिल्मों में यूज करना शुरू किया था।

### पहले एक्टर जिनके नाम पर बनी फिल्म

जॉनी इंडस्ट्री के ऐसे पहले एक्टर रहे हैं जिनके नाम पर कोई फिल्म बनी हो। ये फिल्म 1957 में रिलीज हुई थी। उन्होंने 1957 में आई फिल्म पहुंचे हुए लोग को प्रोड्यूस और डायरेक्ट भी किया था।

### नूरजहां से की शादी


जॉनी वॉकर ने एक्ट्रेस शकीला की बहन नूरजहां से शादी की थी। उनकी फैमिली इस शादी के खिलाफ थी पर नूरजहां से उन्हें प्यार था इसलिए वो अपनी फैमिली के भी खिलाफ हो गए। इस कपल के 3 बच्चे हुए। जॉनी हमेशा अपनी स्कूली पढ़ाई पूरी नहीं होने से दुखी रहे इसलिए बाद में उन्होंने अपने बेटे को पढ़ने के लिए यूएस भेजा।

### अश्लील किरदार के चलते छोड़ा बॉलीवुड

14 साल तक फिल्मों से दूरी बनाकर रखने के बाद उन्होंने साल 1997 में आई कमल हासन की फिल्म चाची 420 से कमबैक किया। इस फिल्म में भी जॉनी ने अपनी छाप छोड़ दी। ये उनकी जिंदगी की आखिरी फिल्म थी।

### 76 साल की उम्र में दुनिया को कहा अलविदा

ताउम्र दर्शकों को अपनी एक्टिंग और अलग-अलग रोल से हंसाने वाले जॉनी वॉकर ने 29 जुलाई 2003 को दुनिया से अलविदा कह दिया। आज भी जॉनी उनके कॉमिक रोल्स के जरिए दर्शकों के दिलों में जिंदा हैं।



# श्रीलंका-पाक नहीं बनेगा भारत... अर्थजगत के जेम्स बॉन्ड रघुराम राजन की भविष्यवाणी के क्या हैं मायने?

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन को अक्सर वर्ल्ड इकनॉमी का 'जेम्स बॉन्ड' कहा जाता है। उन्होंने अमेरिका में आर्थिक मंदी आने की भविष्यवाणी तब कर दी थी जब कोई इसके बारे में सोच भी नहीं सकता था। वह अपनी बेबाकी के लिए जाने जाते हैं। उनका कहा शायद ही गलत निकलता है। उन्होंने हाल में भारत की अर्थव्यवस्था के बारे में भी कुछ ऐसा कहा जिसका जिक्र बाद में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में किया। रघुराम राजन ने कह दिया है कि भारत श्रीलंका और पाकिस्तान की राह पर नहीं जाएगा। देश की माली हालत मजबूत है। किसी तरह की बड़ी फिक्र का कारण नहीं बनता है। राजन का यह बोलना ही काफी है। इसे एक तरह की गारंटी के साथ लिया जा सकता है। कारण है कि वह कुछ भी ऐसे ही नहीं बोलते हैं। उसके पीछे उनकी गहरी समझ होती है। रघुराम राजन बाजार से कहीं आगे रहते हैं। उन्हें 'आउट ऑफ बॉक्स' सोचने के लिए जाना जाता है। पहली बार रघुराम राजन तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने 2005 में अमेरिका में मंदी आने की भविष्यवाणी कर दी थी। अपनी किताब 'फॉल्ट लाइंस' में रघुराम राजन ने बताया दिया था कि कैसे मंदी दुनिया की अर्थव्यवस्थाओं पर असर डालेगी। आगे चलकर ठीक वैसा ही हुआ, जैसा उन्होंने बोला था। इस घटना ने उन्हें दुनिया के टॉप विश्लेषकों में खड़ा कर दिया था। श्रीलंका के डूबने, पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था चरमराने और अमेरिका में मंदी के बीच रघुराम रजन ने भारत के लिए हाल में बड़ी बात कही। वह बोले कि भारतीय रिजर्व बैंक ने विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ाने में अच्छा काम किया है। भारत को श्रीलंका और पाकिस्तान जैसी आर्थिक समस्याओं का सामना नहीं करना पड़ेगा। देश पर विदेशी कर्ज कम है। महंगाई को लेकर भी उन्होंने अहम बात कही। वह बोले कि इस समय पूरी दुनिया में महंगाई है। रिजर्व बैंक की ओर से नीतिगत दरों में बढ़ोतरी से महंगाई का दबाव कम होगा। देश के आर्थिक हालात पर उनका यह कहना काफी है। कारण है कि वह वही बोलते हैं जो उनका मन कहता है। रघुराम राजन देश के 23वें आरबीआई गवर्नर थे। उनका कार्यकाल 4 सितंबर 2013 से 4 सितंबर 2016 तक का था। उन्होंने मनमोहन और मोदी दोनों सरकारों के साथ काम किया। हालांकि, वह कभी किसी दबाव में नहीं आए। उन्हें अर्थव्यवस्था के लिए जो ठीक लगा वही उन्होंने किया। राजन ने कभी परवाह नहीं कि उनके बारे में क्या सोचा और बोला जा रहा है। उन्हें रुपये को वापस डॉलर के मुकाबले स्वीकार्य स्तर पर लाने का श्रेय दिया जाता है। आरबीआई गवर्नर की कुर्सी संभालते ही उन्हें सिस्टम की खामियों को दूर करना शुरू कर दिया था। वह देश में बैंकिंग रेवॉल्यूशन भी लाए जिसने भविष्य में अर्थव्यवस्था का रफ्तार देने के लिए रास्ता खोला। ऐसे में भारतीय अर्थव्यवस्था के बारे में उनकी कॉमेंट्री के मायने बढ़ जाते हैं। सीधे और सपाट अंदाज में बोलने के कारण ही रघुराम राजन कई तरह के विवादों में पड़े। लेकिन, उन्होंने कभी मन की बात बोलना नहीं छोड़ा।




# सोने-चांदी के भाव बढ़े, अब 10 ग्राम गोल्ड के लिए 58000 से अधिक लेकर जाएं बाजार

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। सोने-चांदी के भाव में आज बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। अब आपको 24 कैरेट 10 ग्राम के लिए 58 रुपये अधिक चुकाना पड़ेगा। वहीं 22 कैरेट गोल्ड के लिए करीब 54000 रुपये खर्च करने पड़ेंगे। अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से केवल 4439 रुपये ही सस्ता है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से 18410 रुपये सस्ती है। इंडिया बुलियंस एसोसिएशन द्वारा जारी हाजिर रेट के मुताबिक सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट शुद्ध सोना बुधवार के बंद भाव के मुकाबले आज यानी गुरुवार को 249 रुपये महंगा होकर 51815 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला। वहीं, चांदी 289 रुपये ऊपर 57598 रुपये प्रति किलो के रेट पर खुली। 24 कैरेट सोने पर 3 फीसद जीएसटी जोड़ लें



तो इसका रेट 53369 रुपये हो जा रहा है, वहीं ज्वैलर का 10 फीसद मुनाफा जोड़ने के बाद सोने का भाव 58706 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। जीएसटी जोड़ने के बाद चांदी की कीमत 59325 रुपये प्रति किलो हो गई है। इसमें ज्वैलर का 10 से 15 फीसद मुनाफा अलग से है। यानी आपको 10 फीसद मुनाफा लेकर ज्वैलर करीब 65258 रुपये में देगा। अगर 23 कैरेट गोल्ड की बात करें तो आज यह 51608 रुपये प्रति 10 ग्राम की दर से खुला। इस पर भी 3 फीसद जीएसटी, मेंकिंग चार्ज और 10 फीसद मुनाफा जोड़कर आपको मिलेगा 58471 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से। वहीं, 22 कैरेट सोने का भाव 47463 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। तीन फीसद जीएसटी के साथ यह 48886 रुपये का पड़ेगा। इससे बने जेवरों पर भी मेकिंग चार्ज और ज्वैलर्स का मुनाफा अलग से जोड़ने पर करीब 53775 रुपये का पड़ेगा। वहीं, 18 कैरेट गोल्ड की कीमत अब 38861 रुपये प्रति 10 ग्राम है। यह 3 फीसद जीएसटी के साथ 40026 रुपये प्रति 10 ग्राम का पड़ेगा। ज्वैलर का 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़कर यह 44029 रुपये का पड़ेगा। अब 14 कैरेट सोने का भाव 30312 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया है। जीएसटी के साथ यह 31221 रुपये प्रति 10 ग्राम पड़ेगा। इस पर 10 पर्सेंट मुनाफा जोड़ लें तो यह 34343 रुपये का पड़ेगा।

## मंडी रेटः खाद्य तेलों के गिरे भाव, तुअर- मूंग और उड़द की दाल हुई सस्ती



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। खाद्य तेल बाजार में सोयाबीन रिफाइंड तेल की किमतों में 20 रुपये प्रति 10 किलोग्राम की गिरावट आई तथा पाम तेल 10 रुपये प्रति किलोग्राम सस्ता बिका। वहीं, इंदौर के के संयोगितागंज अनाज मंडी में बुधवार को तुअर (अरहर) 100 रुपये, मूंग 150 रुपये और उड़द के भाव में 200 रुपये प्रति क्विंटल की कमी दर्ज की गई। उड़द की दाल 200 रुपये प्रति क्विंटल सस्ती बिकी। सरसों (निमाड़ी) 5800 से 6000, नया रायड़ा 5700 से 5900 रुपये प्रति क्विंटल। मूंगफली तेल 1640 से 1650,सोयाबीन रिफाइंड तेल 1225 से 1230, सोयाबीन साल्वेंट 1195 से 1200, पाम तेल 1305 से 1310 रुपये प्रति 10 किलोग्राम। कपास्या खली इंदौर 2200, कपास्या खली देवास 2200, कपास्या खली उज्जैन 2200, कपास्या खली खंडवा 2175, कपास्या खली बुरहानपुर 2175 रुपये प्रति 60 किलोग्राम बोरी, कपास्या खली अकोला 3100 रुपये प्रति क्विंटल। चना (कांटा) 5025 से 5075, मसूर 6750 से 6800, तुअर (अरहर) निमाड़ी (नई) 6600 से 7100, तुअर सफेद (महाराष्ट्र) 7500 से 7600, तुअर (कर्नाटक) 7600 से 7800, मूंग 6500 से 6600, मूंग हल्की 5500 से 6000, उड़द 7600 से 8000, उड़द मीडियम 6300 से 6800, नया उड़द 7000 से 7600 रुपये प्रति क्विंटल।

# मिधानि में हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मिश्र धातु निगम लिमिटेड, हैदराबाद (मिधानि), रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार में आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत भारत सरकार की अभूतपूर्व पहल हर घर तिरंगा कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम का केंद्रीय विषय 13 से 15 अगस्त के दौरान प्रत्येक भारतीय को अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने के लिए प्रेरित करना और नागरिकों के दिलों में देशभक्ति की भावना को जगाना तथा हमारे राष्ट्रीय ध्वज के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के भाग के रूप में मिधानि प्रबंधन की ओर से उद्यम के प्रति कर्मचारी को एक ध्वज दिया गया। उन्हें यह निर्देश भी दिए गए कि वे आपने घर पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज फहराएँ। इस अवसर पर उद्यम के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. संजय कुमार झा ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव भारती की आजादी के 75 वर्ष पूरा करने के उपलक्ष्य में चलाया जा रहा एक महा आयोजन है। यह भारत की संस्कृति का प्रतीक। इस महोत्सव के माध्यम से हमें भारत के




स्वतंत्रता सेनानियों और भारत की उपलब्धियों के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करने का अवसर प्राप्त हुआ है। गौरतलब है कि भारत की आजादी के 75 साल पूरे होने की खुशी मनाने के लिए आरंभ किए गए आजादी का अमृत महोत्सव के तहत देश भर में कई तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 12 मार्च 2021 को साबरमती आश्रम से एक पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर की थी। इस अवसर पर डॉ. झा ने स्मरण दिलाया कि देशभर में रक्षा उपक्रमों द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों का उद्घाटन रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह जी ने की थी। मिधानि के प्रदर्शनी के समापन में मुख्य अतिथि तेलंगाना की राज्यपाल डॉ तमिलिसाई सुंदरराजन रही। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने घर पर भारतीय राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अवश्य फहराएँ और हर घर तिरंगा कार्यक्रम को सफल बनाएँ। उद्यम के निदेशक (उत्पादन एवं विपणन) टी. मुत्तुकुमार ने कहा कि आजादी का अमृत महोत्सव भारत के स्वतंत्रता सेनानियों और उन लोगों को भी समर्पित है, जिन्होंने न केवल भारत के विकास में अहम भूमिका निभाई, बल्कि माननीय प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी के 'आत्मनिर्भर भारत' भारत 2.0 के विजन को सक्रिय करने की हम सभी के भीतर विद्यमान क्षमता का अहसास कराया और ऊर्जा भरने का पूरा प्रयास किया है।

# राज्यों में डिजिटल डीआईएन प्रणाली लागू करने की सलाह, सुप्रीम कोर्ट ने दिया निर्देश

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र व जीएसटी परिषद को अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) की इलेक्ट्रॉनिक (डिजिटल) प्रणाली लागू करने के लिए राज्यों को सलाह देने का निर्देश दिया है। शीर्ष अदालत ने बुधवार को कहा, कर्नाटक और केरल में पहले से लागू यह प्रणाली व्यापक जनहित में है और सुशासन को बढ़ावा देगी। यह अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाएगी, जो कुशल शासन के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। जस्टिस एमआर शाह और जस्टिस बीवी नागरत्ना की पीठ ने चार्टर्ड अकाउंटेंट प्रदीप गोयल की जनहित याचिका का निपटारा करते हुए ये टिप्पणियां कीं। याचिकाकर्ता के वकील ने कहा, इस प्रणाली को लागू करने से विभागीय अधिकारियों द्वारा पूर्व-डेटिंग संचार के किसी भी दुरुपयोग को रोका जा सकता है। केंद्र की ओर से एडिशनल सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) बलबीर सिंह ने भी इस दलील से सहमति जताई, जिसके बाद पीठ ने कहा, केंद्र सरकार ने भी केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड की डीआईएन प्रणाली को लागू किया है। जीएसटी परिषद को जीएसटी से संबंधित किसी भी मामले पर राज्यों को सिफारिश करने का अधिकार है। वह डीआईएन प्रणाली के कार्यान्वयन के लिए संबंधित राज्यों को सलाह भी जारी कर सकती है।

ऐसा करना व्यापक जनहित में होगा और इससे अप्रत्यक्ष कर प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लाई जा सकती है।

## रिकॉर्ड हाई पर पहुंचा अडानी ग्रुप का यह शेयर

### 4000 करोड़ रुपये से ज्यादा का हुआ है मुनाफा'



नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। अडानी ग्रुप का एक शेयर रिकॉर्ड हाई लेवल पर पहुंच गया है। यह मल्टीबैगर शेयर अडानी पावर का है। अडानी पावर के शेयरों ने गुरुवार को बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में 354 रुपये का नया हाई बनाया है। जून 2022 तिमाही में मुनाफे में जबरदस्त उछाल के बाद अडानी पावर के शेयरों में यह तेजी आई है। अप्रैल-जून 2022 तिमाही में अडानी पावर का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट कई गुना उछाल के साथ 4,779.8 करोड़ रुपये रहा, जो कि एक साल पहले की समान अवधि में 278 करोड़ रुपये था। अडानी पावर के शेयरों में इस साल अब तक 237 पर्सेंट से ज्यादा का उछाल आया है। इस साल की शुरुआत में 3 जनवरी 2022 को अडानी पावर के शेयर 101.30 रुपये के स्तर पर थे। 4 अगस्त 2022 को बीएसई में कंपनी के शेयर फिलहाल 343 रुपये के स्तर पर ट्रेड कर रहे हैं। वहीं, पिछले एक साल में अडानी पावर के शेयरों में करीब 280 पर्सेंट की तेजी आई है। पिछले एक महीने में अडानी पावर के शेयर बीएसई में 30 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। अप्रैल-जून 2022 तिमाही में अडानी पावर की टोटल इनकम 15,509 करोड़ रुपये रही है। पिछले साल की समान अवधि के दौरान कंपनी की टोटल इनकम 7,213 करोड़ रुपये थी। चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में टोटल एक्सपेंसेज 9,642.8 करोड़ रुपये के रहे हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में एक्सपेंसेज 6,763.5 करोड़ रुपये रहे।

# उतार-चढ़ाव के बीच लाल निशान पर बंद हुआ बाजार, सेंसेक्स 52 अंक फिसला

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। आज गुरुवार को साप्ताहिक एक्सपायरी के दिन शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव देखने को मिली और कारोबार के अंत में सेंसेक्स-निफ्टी लाल निशान में बंद



हुए। आज के कारोबार में फार्मा, मेटल, आईटी शेयरों में खरीदारी रही जबकि एफएमसीजी, ऑटो शेयरों में हल्की तेजी देखने को मिली। वहीं बैंकिंग, रियल्टी, एनर्जी शेयरों पर दबाव रहा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 51।73 अंक यानी 0।09 फीसदी की गिरावट के साथ 58,298।80 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 6।15 अंक यानी 0।04 फीसदी टूटकर 17,382।00 के स्तर पर बंद हुआ। पिछले सत्र में यानी बुधवार को कारोबार के अंत में सेंसेक्स 214।17 अंक यानी 0।37 फीसदी की बढ़त के साथ 58,350।53 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी 42।70 अंक यानी 0।25 फीसदी की मजबूती के साथ 17,388।15 के स्तर पर बंद हुआ। अगस्त का महीना छुट्टियों के लिए खास होता है। कई बड़े त्यौहार इसी महीने पड़ते हैं। लिहाजा स्टॉक मार्केट में भी इस महीने कई दिन छुट्टी रहेगी। अगस्त 2022 में, बीएसई और एनएसई में ट्रेडिंग तीन दिन – 9 अगस्त, 15 अगस्त और 31 अगस्त को बंद रहेगी। 9 अगस्त 2022 को मुहर्रम पड़ने के कारण दलाल स्ट्रीट पर कोई एक्शन नहीं होगा। इसी तरह, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के लिए मार्केट क्लोज रहेगा। महीने के लास्ट में 31 अगस्त को पड़ने वाले गणेश चतुर्थी के लिए शेयर मार्केट बंद रहेगा। हेज फंड कंपनी टाइगर ग्लोबल ने गुरुवार को कहा कि उसने जोमैटो के 18 करोड़ शेयर बेच दिए हैं। उसने 23 जुलाई तक प्री-आईपीओ इनवेस्टर्स पर लागू एक साल का लॉक इन पीरियड खत्म होने के बाद के एक सप्ताह में ये सौदे किए हैं। टाइगर ग्लोबल इनवेस्टमेंट व्हीकल इंटरनेट फंड IV की लॉकइन पीरियड से पहले जोमैटो की 5।11 फीसदी हिस्सेदारी थी। अब उसकी हिस्सेदारी घटकर 2।77 फीसदी रह गई है।बीते महीने यानी जुलाई में वाहनों की रिटेल बिक्री में कमी आई है।

# क्रेडिट कार्ड लेने से पहले 10 महत्वपूर्ण बातें

## नहीं तो हो सकता है बड़ा नुकसान

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। क्रेडिट कार्ड आपको एक निर्धारित समय के लिए बिना ब्याज के पैसे उधार लेने की सुविधा देते हैं। खर्च करने और फिर बिल का पेमेंट करने के लिए ठीक-ठाक समय मिल जाने के कारण यह सुविधा काफी लोकप्रिय हैं। हालांकि अगर गैर-जिम्मेदाराना तरीके से उपयोग किया जाए तो क्रेडिट कार्ड आपके लिए सिरदर्द साबित हो सकते हैं। यहां हम आपको क्रेडिट कार्ड के बारे में ऐसी जरूरी 10 बातें बताने जा रहे हैं, जिनके बारे में पता होना आपके लिए बहुत जरूरी है। क्रेडिट कार्ड के लिए बैंक कई तरह के शुल्क लगते हैं। इसमें कार्ड जारी होने की फीस, वार्षिक फीस, कार्ड बदलने की फीस, स्टेटमेंट फीस




आदि होती हैं। यदि आप पहली बार क्रेडिट कार्ड लेने जा रहे हैं तो इनके बारे में ठीक से जान लें। क्रेडिट कार्ड कम अवधि के ऋण के रूप में काम करते हैं, जिस पर कोई ब्याज नहीं लगता है, बशर्ते देय राशि का समय पर भुगतान किया गया हो। आमतौर पर यह ब्याज-मुक्त अवधि 50 दिनों तक की होती है। आपके पास बकाया चुकाने के लिए क्रेडिट चक्र के पहले दिन से शुरू होने वाले 50 दिन होते हैं। यदि आप समय सीमा चूक जाते हैं, तो आपसे बकाया बिल राशि पर लेट फीस या और ब्याज वसूला जाता है। क्रेडिट कार्ड से आप कितना पैसा खर्च कर सकते हैं, इसकी एक सीमा होती है। आप उसी लिमिट के भीतर पैसा खर्च कर सकते हैं। क्रेडिट लिमिट कार्डधारक के क्रेडिट स्कोर, पेमेंट हिस्ट्री, आय और क्रेडिट यूटिलाइजेशन रेश्यो जैसी चीजों के आधार पर अलग-अलग हो सकती है। आपके कार्ड की ब्याज-मुक्त अवधि के अंत में आपको या तो कुल बकाया या न्यूनतम देय राशि (एमएडी) का भुगतान करना होगा। देय न्यूनतम राशि आमतौर पर बकाया बिल राशि का 5 फीसद होती है। न्यूनतम देय राशि का भुगतान करके क्रेडिट कार्ड को एक्टिव रखा जा सकता है, हालांकि बकाया राशि पर ब्याज लगता रहेगा। हर महीने अपने क्रेडिट कार्ड स्टेटमेंट पर ध्यान दें।

# टेरर फंडिंग के लिए हो रहा क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल, आपका निवेश कितना सुरक्षित है?

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर पुलिस की राज्य जांच एजेंसी (एसआईए) ने बुधवार को बिटकॉइन ट्रेड के मामले में कई स्थानों पर छापेमारी की। इस दौरान जांच एजेंसी को डिजिटल उपकरण, सिम कार्ड, मोबाइल फोन और कई जरूरी कागजात बरामद हुए जो टेरर फंडिग में बिटकॉइन के इस्तेमाल ओर इशारा करते करते हैं। जांच में यह बात सामने आई है कि आतंकी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए पैसा बिटक्वाइन के रूप में भेजा गया है। इस घटना ने एक बार फिर इस बहस को हवा दे दी है कि क्या क्रिप्टोकरेंसी के तार टेरर फंडिंग से जुड़े हैं? यह दुनिया के लिए कितना




खतरनाक है? क्रिप्टोबाजार में निवेश किया गया पैसा कितना सुरक्षित है? भारत सरकार ने किसी भी तरह की क्रिप्टोकरेंसी लीगल नहीं है। इसके बाद भी लोग बड़े पैमाने पर इसमें निवेश कर रहे हैं।

भारत में अलग-अलग क्रिप्टोकरेंसी में कुल निवेश वर्ष 2021 में 15 गुना बढ़कर 438.18 मिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया है। टेरर फंडिंग में क्रिप्टोकरेंसी के इस्तेमाल की खबर आने से एक बाद तो साफ हो गई है कि क्रिप्टोकरेंसी में जो भी पैसा निवेश किया जा रहा है वह सुरक्षित तो कतई नहीं है। दुनिया के अधिकतर देशों में क्रिप्टो को रेग्युलेट करने के लिए कोई कानून भी नहीं है। फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स 2020 के दिशानिर्देशों के अनुरुप महज कुछ देशों ने ही क्रिप्टो को रेग्यूलेट करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं ताकि डिजिटल करेंसी या एनएफटी का इस्तेमाल मनी लॉउंड्रिंग या टेरर फंडिंग के लिए नहीं किया जा सके। कुछ ऐसे एशियाई देश भी हैं जहां आतंकवाद का इतिहास रहा है और क्रिप्टो के बढ़ते चलन ने इस खतरे को कई गुना और बढ़ा दिया है, पर वे इसके खिलाफ अब तक सतर्क नहीं हुए हैं। ऐसे देशों की लिस्ट में पहला नाम इंडोनेशिया का है जिसने अब तक एफएटीएफ के गाइडलाइन के अनुसार क्रिप्टो को रेग्यूलेट करने के लिए कानून नहीं बनाए हैं। फिलिपिंस भी मनी लाउंड्रिंग के खिलाफ सख्त कानून लागू नहीं कर पाने की वजह से एफएटीएफ की ग्रे लिस्ट में शामिल होने की कगार पर खड़ा है। बैंक इंडोनेशिया का पेमेंट सिस्टम ब्लूप्रिंट 2025 भी इस आशंका पर मुहर लगाता है कि क्रिप्टोकरेंसी का इस्तेमाल मनी लाउंड्रिंग और आतंकी गतिविधियों में किया जा सकता है। इस ब्लूप्रिंट में कहा गया है क्रिप्टो के माध्यम से लेनदेन को सुरक्षित बनाने के लिए कानून की सख्त जरूरत है।


# ट्रेन में वेटिंग कन्फर्म कराने के लिए अब नहीं काटने पड़ेंगे टीटीई के चक्कर, ऐसे मिलेगी सीट

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। ट्रेन में सफर करने वाले यात्रियों के लिए अच्छी खबर है। अब चलती ट्रेन में यात्रियों को वेटिंग या आरएसी टिकट को कन्फर्म करवाने के लिए टीटीई के चक्कर नहीं काटने होंगे। रेल मंत्रालय के इस अहम फैसले से ट्रेनों के वेटिंग (विंडो टिकट) और आरएसी टिकट पर यात्रा करने वाले हजारों यात्रियों को राहत मिलेगी।

रेलवे प्रीमियम, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के टीटी को हैंडहेल्ड टर्मिनल-एचएचटी देने जा रहा है, इसकी शुरुआत भी हो चुकी है। एचएचटी डिवाइस से खाली बर्थ वेटिंग या आरएसी नंबर और श्रेणी के अनुसार स्वतः ही कन्फर्म होती जाएंगी। दरअसल,



भारतीय रेलवे ने पायलट प्रोजेक्ट के तहत पिछले दिनों कुछ प्रीमियम ट्रेनों राजधानी, शताब्दी में टीटीई को एचएचटी डिवाइस दी थी। यह पायलट प्रोजेक्ट सफल रहा। यात्रियों के वेटिंग या आरएसी टिकट चार्ट बनने के बाद चलती ट्रेन में स्वतः कन्फर्म हुए। उनके पास टिकट कन्फर्म का मैसेज भी पहुंचा। एचएचटी की सफलता को देखते हुए भारतीय रेलवे ने 559 ट्रेनों में टीटी को 5850 एचएचटी डिवाइस दे दी हैं। रेलवे की योजना को धीरे-धीरे प्रीमियम ट्रेनों के साथ सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों में शुरू करने की है। उत्तर रेलवे से मिली जानकारी के मुताबिक नई दिल्ली से चलकर आगरा कैंट और आगरा कैंट से चलकर नई दिल्ली 14211/12 में ये सुविधा शुरू हुई है। इसके अलावा नई दिल्ली से एमपी यानी मध्यप्रदेश के वीरांगना लक्ष्मीबाई तक जाने वाली ट्रेन संख्या 12279 और 12280 ताज एक्सप्रेस ट्रेन में भी ये सुविधा शुरू कर दी गई है। ट्रेन में टीटीई के पास मौजूद एचएचटी डिवाइस इंटरनेट से कनेक्ट होगी। टीटीई जैसे ही किसी भी श्रेणी में खाली बर्थ मार्क करेगा। एचएचटी में दर्ज होते ही रेलवे स्टेशनों के पीआरएस और आईआरसीटीसी की वेबसाइट में दर्ज हो जाएगी। इसके साथ ही सबसे पहले स्वतः ही ट्रेन में वेटिंग या आरएसी टिकट शुरुआती नंबर के क्रम से कन्फर्म होते जाएंगे। अगर कन्फर्म होने के बाद भी बर्थ खाली रहती हैं, तो रास्ते में पड़ने वाले स्टेशनों में या ऑनलाइन ट्रेन के टिकट बुक किए जा सकते हैं। अभी तक ऐसी बर्थ खाली रहती थीं। भारतीय रेलवे में यात्री किराए को लेकर भी ये मशीन काफी सहायक साबित होगी। इसके साथ ही वेटिंग लिस्ट वाले यात्री या फिर कैंसिल मोड वाले यात्रियों के बारे में भी एचएचटी डिजिटल डिवाइस के जरिए जानकारी मिलेगी। अगर पीएनआर किसी तरह से भूल गए हों, तो यात्री के नाम से भी सफर को लेकर यात्रियों की डिटेल्स उपलब्ध होगी।



# नेशनल हेराल्ड के दफ्तर सील करने पर गहलोत ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

## सीएम बोले- अघोषित आपातकाल

जयपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने नेशनल हेराल्ड के दफ्तर के एक हिस्से को सील करने पर मोदी सरकार पर निशाना साधा है। सीएम ने कहा कि आज की कार्रवाई अघोषित आपातकाल है। सीएम अशोक गहलोत ने ट्वीट कर लिखा- कांग्रेस मुख्यालय एवं 10 जनपथ को पुलिस छावनी बनाने की आज की कार्रवाई अघोषित आपातकाल है। नेशनल हेराल्ड के दफ्तर को जबरन सील कर दिया गया। एनडीए की इस तानाशाही सरकार के खिलाफ यदि कांग्रेस जनों के खिलाफ आम जनता खड़ी नहीं हुई तो इसका खामियाजा पूरा देश को भुगतना पड़ेगा। मीडिया इस अन्याय के खिलाफ एक शब्द नहीं बोलने की हिम्मत नहीं दिखा रहा है। सीएम गहलोत ने कहा कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। विपक्ष के नेताओं को डरा रही है। देश के ज्वलंत मुद्दों



से ध्यान हटाने के लिए पीएम मोदी विपक्ष के नेताओं पर छापेमार कार्रवाई करवा रहे हैं। महंगाई से गरीब वर्ग परेशान सीएम गहलोत ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी एवं आवश्यक वस्तुओं पर मनमानी जीएसटी थोपने के खिलाफ कांग्रेस 5 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन का निर्णय लिया है। आज इस महंगाई और बेरोजगारी से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग बुरी तरह परेशान है। केंद्र सरकार की इन नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन को भी भागीदारी निभानी चाहिए। अपने-अपने प्लेटफार्म पर लगातार दबाव बनाना चाहिए। जिससे इस तानाशाही सरकार की सोच पर दबाव पड़े और उन्हें मजबूर होकर आमजन के हित में फैसले लेने पड़े।

### ईडी ने सोनिया गांधी-राहुल गांधी से की थी पूछताछ

उल्लेखनीय है कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए नेशनल हेराल्ड के दफ्तर के एक हिस्से को सील कर दिया। नेशनल हेराल्ड केस के सिलसिले में ईडी ने हाल ही में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की थी। राहुल गांधी से लगातार 5 दिन करीब 50 घंटे पूछताछ की गई। जबकि सोनिया गांधी से 3 घंटे तक पूछताछ की गई थी। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

# राजस्थान में जाटलैंड को साधने के लिए दुष्यंत चौटाला करेंगे सम्मेलन

जयपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में विधानसभा चुनाव 2023 के अंत में होने है, लेकिन राजनीतिक दलों ने राजनीतिक जमीन तलाशनी शुरू कर दी है। ओवैसी के बाद ताऊ देवीलाल के प्रपोत्र दुष्यंत चौटाला की पार्टी जननायक जनता पार्टी ने राजस्थान के जाटों को पार्टी से जोड़ने की कवायद शुरू कर दी है। इसके लिये आगामी पांच अगस्त को जयपुर में जननायक जनता पार्टी युवाओं का बड़ा सम्मेलन आयोजित कर चुनावी अभियान का आगाज करना प्रस्तावित है। इसके लिये हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला के छोटे भाई दिग्विजय चौटाला राजस्थान के तूफानी दौरे पर हैं। दुष्यंत अपने छोटे भाई दिग्विजय को राजस्थान में सक्रिय कर अपनी पार्टी का संगठन खड़ा करना चाहते हैं। दिग्विजय राजस्थान से अपनी राजनीतिक पारी का आगाज करना चाह रहे हैं। बताया जाता है कि वे बीजेपी के साथ गठबंधन की संभावनाओं को भी मजबूती प्रदान करना



चाहते हैं। विधानसभा चुनाव में ओवैसी के बाद दुष्यंत सिंह चौटाला सीएम अशोक गहलोत के लिए मुश्किलें खड़ी कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि 9वीं लोकसभा चुनाव में चौधरी देवी लाल और लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ के राजस्थान के सीकर संसदीय क्षेत्र में चुनाव मैदान में उतरने से यह सीट सबसे ज्यादा चर्चित रही थी।देवीलाल ने बलराम जाखड़ को 46 हजार 756 मतों से हराया था। देवीलाल राजस्थान के सीकर से ही चुनाव जीतकर उप प्रधानमंत्री बने थे।

### दुष्यंत चौटाला की कांग्रेस के वोट बैंक पर नजर

दुष्यंत के चौटाला के पिता अजय चौटाला की राजनीति की शुरुआत भी राजस्थान विधानसभा से ही हुई थी। अजय चौटाला दातारामगढ़ और नोहर विधानसभा सीट से जनता पार्टी के विधायक रह चुके हैं। दातारामगढ़ में जनता पार्टी की टिकट से साल 1989 में पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद विधानसभा चुनाव में अगले 5 साल के लिए नोहर विधानसभा क्षेत्र से विधायक चुने गए थे।राजस्थान की राजनीति में सत्ता के लिए जाट और राजपूतों में संघर्ष होता रहा है। अन्य जातियों की सत्ता में भूमिका नगण्य रही। सत्ता पाने के लिए सभी राजनीतिक दल राजपूत और जाटों पर ही फोकस करते रहे हैं। पूर्व मुख्यमंत्री भैरोसिंह शेखावत के समय से राजपूत वोटर परंपरागत तौर पर भाजपा के साथ जुड़ा रहा है। हालांकि, वसुंधराजे के समय आनंदपाल मुठभेड़ मामले में राजपूत भाजप से छिटक गए थे। जिसका परिणाम यह हुआ कि भाजपा को राजस्थान में सत्ता गंवानी पड़ी। जाट समुदाय कांग्रेस का वोटबैंक माना जाता है।

# 16 साल की नाबालिग ने लगाई फांसी

## कारणों का नहीं हुआ खुलासा परिजन ने की आंखें डोनेट



अजमेर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। अजमेर में 16 साल नाबालिग ने घर पर फांसी लगाकर सुसाइड कर लिया। परिजन छात्रा को हॉस्पिटल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। रामगंज थाना पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। पुलिस छात्रा के आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच में जुटी है। परिवार इस हादसे को लेकर परेशान है, लेकिन उन्होंने एक सराहनीय कदम भी उठाया है। बच्ची के माता-पिता ने हॉस्पिटल प्रशासन को छात्रा की आंखें डोनेट की है।

रामगंज थाने के ASI मनीराम ने बताया कि बुधवार देर शाम जॉन्सगंज में रहने वाली 16 वर्षीय साधना मिश्रा पुत्री सुनील कुमार मिश्रा ने घर के कमरे में चुन्नी से फांसी लगा ली। परिवार के लोगों ने उसे तुरंत फंदे से उतारने के बाद जेएलएन हॉस्पिटल लेकर पहुंचे। जहां डॉ ने उसे मृत घोषित कर दिया। हॉस्पिटल प्रशासन ने मामले की सूचना रामगंज थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही रामगंज थाना पुलिस हॉस्पिटल पहुंची और छात्रा की बॉडी को हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया। गुरुवार को परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम की कार्रवाई कर छात्रा का शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। रामगंज थाना पुलिस को मृतक के पास से किसी तरह का सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों को लेकर जांच में जुटी है।

# ईआरसीपी को लेकर 9 अगस्त को सांसद किरोड़ी की जलक्रांति

## 75 हजार लोग तिरंगे के साथ करेंगे जयपुर कूच

दौसा, 4 अगस्त (एजेंसियां)। पूर्वी राष्ट्रीय नहर परियोजना (ईआरसीपी) को लेकर कांग्रेस-भाजपा के बीच चल रही सियासी तल्खी अब और तेज होती जा रही है। पिछले दिनों बूंदी में आयोजित जनसभा में सीएम अशोक गहलोत ने ईआरसीपी को पूरा करने का वादा किया तो वहीं अब भाजपा के राज्यसभा सांसद डॉ. किरोड़ीलाल मीणा ने विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को दौसा जिला मुख्यालय के पास मीणा हाईकोर्ट नांगल प्यारीवास में जल क्रांति आंदोलन का ऐलान किया है। जनसभा में राज्य सरकार से ईआरसीपी प्रोजेक्ट की संशोधित डीपीआर केंद्र सरकार को भेजने की मांग की जाएगी।

9 अगस्त को प्रस्तावित जल क्रांति के लिए 75 हजार लोगों के साथ 75 हजार झंडे, 75 विधानसभा के लोगों व 75 किलोमीटर का विधानसभा के लिए पैदल कूच करने का ऐलान किया है। जिसमें प्रदेश के 13 जिलों सहित देश के कई राज्यों के लोग शामिल होंगे। ईआरसीपी के लिए हर घर जल क्रांति आंदोलन व जयपुर कूच का भी आयोजन रखा गया है, जिसमें 13 जिलों के हजारों लोग भाग लेंगे। आगंतुकों के लिए बैठने टेंट, 350 चांदनी, स्टेज बनाया जाएगा। हाईकोर्ट परिसर मे एक लाख लोगों के बैठने की व्यवस्था का टेंट लगाया जा रहा है ताकि आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो। यहां 75वें अमृत महोत्सव के तहत मीणा हाईकोर्ट परिसर के टीटोली टोल प्लाजा से लेकर हाईकोर्ट परिसर तक तिरंगे झंडों से सजाया



जाएगा।

### सभी पार्टियों के जनप्रतिनिधि शामिल होंगे

आयोजकों का कहना है कि कार्यक्रम सभी पार्टियों के सांसद, विधायक, प्रधान, जिला प्रमुख सहित अन्य जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। सांसद के समर्थकों ने 8 व 9 अगस्त को होने वाली जनसभा में भीड़ जुटाने को लेकर गांव-ढाणियों तक दौरे शुरू कर दिए हैं। साथ ही कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए जिला व ब्लाक स्तर पर टीमें बनाई गई हैं जो युद्ध स्तर पर प्रचार-प्रसार में जुटी हैं।

# सोनिया गांधी के घर को घेरे जाने पर पायलट ने पीएम मोदी को लिया निशाने पर

## बोले- सत्य को दबाने का भाजपा का षड्यंत्र

जयपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने सोनिया गांधी-राहुल गांधी के घर को पुलिस द्वारा घेरा जाने पर पीएम मोदी पर निशाना साधा है। सचिन पायलट ने ट्वीट कर लिखा- केंद्र सरकार के कुशासन में तानाशाही चरम पर है। नेशनल हेराल्ड कार्यालय में छापेमारी कर यंग इंडियन का दफ्तर सील करना, सोनिया गांधी और राहुल गांधी के घर को पुलिस द्वारा घेरा जाना सत्य को दबाने का भाजपा का षड्यंत्र है। राष्ट्र निर्माण में कांग्रेस का जो योगदान रहा है, उसे भाजपा अपने इन कुचक्रों से कभी मिटा नहीं सकती। भाजपा की जन-विरोधी नीतियों, अहंकार और तानाशाही के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाते रहेंगे। केंद्र सरकार के कुशासन में तानाशाही चरम पर है। उल्लेखनीय है कि सचिन पायलट सोनिया गांधी-राहुल गांधी से ईडी की पूछताछ के मुद्दे पर काफी मुखर रहे हैं। राहुल गांधी सचिन पायलट के धैर्य की तारीफ कर चुके हैं।

सचिन पायलट ने कहा कि केंद्र सरकार की नीतियों से बढ़ रही महंगाई, बेरोजगारी एवं आवश्यक वस्तुओं पर मनमानी जीएसटी थोपने के खिलाफ कांग्रेस 5 अगस्त को देशव्यापी प्रदर्शन का निर्णय लिया है। आज इस महंगाई और बेरोजगारी से देश के गरीब एवं मध्यम वर्ग के लोग बुरी तरह परेशान है। केंद्र सरकार की इन नीतियों के खिलाफ कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ एनजीओ, सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन को भी भागीदारी निभानी चाहिए। अपने-अपने प्लेटफार्म पर लगातार दबाव बनाना चाहिए। जिससे इस तानाशाही सरकार की सोच पर दबाव पड़े और उन्हें मजबूर होकर आमजन के हित में



फैसले लेने पड़े।

### केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप

उल्लेखनीय है कि नेशनल हेराल्ड मामले में ईडी ने आज बड़ी कार्रवाई करते हुए नेशनल हेराल्ड के दफ्तर के एक हिस्से को सील कर दिया। नेशनल हेराल्ड केस के सिलसिले में ईडी ने हाल ही में कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी से पूछताछ की थी। राहुल गांधी से लगातार 5 दिन करीब 50 घंटे पूछताछ की गई। जबकि सोनिया गांधी से 3 घंटे तक पूछताछ की गई थी। कांग्रेस ने मोदी सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप लगाया है।

# राजस्थान में बारिश का दौर 7 दिन तक चलेगा

## जयपुर में भारी बारिश, घरों में भरा पानी

जयपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान में मानसून एक बार सक्रिय हो गया है। प्रदेश के विभिन्न जिलों में बुधवार से ही बारिश को दौर जारी है। राजधानी जयपुर समेत कोटा और जोधपुर संभाग के जिलो में भारी और अति भारी बारिश हो रही है। इन जिलों में नदी-नाले उफान पर है। बीसलपुर बांध और चंबल नदी में जमकर पानी की अवाक हुई है। धौलपुर स्थित चंबल नदी का पानी खतरे के निशान तक पहुंच गया है। मौसम विभाग केंद्र जयपुर ने आज प्रदेश के 18 जिलों में भारी बारिश की संभावना जताई है। विभाग ने आज प्रदेश के 18 जिलों में कहीं-कहीं पर मेघगर्जन और वज्रपात के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। उल्लेखनीय है कि मौसम विभाग ने बुधवार को भी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया था। मौसम विभाग के अधिकारियों की माने तो प्रदेश में एक सप्ताह तक बारिश को दौर रहेगा। प्रदेश में



कहीं हल्की तो कहीं भारी बारिश होगी।

राजधानी जयपुर में बुधवार से बारिश को दौर जारी है। जयपुर शहर में बुधवार को छितराई बारिश हुई। आधे शहर में पौन घंटे तक तेज बारिश हुई। शाम 5.30 बजे सिविल लाइंस, बरकत नगर, महेश नगर, मानसरोवर, गोपालपुरा, वैशाली नगर सहित आस-पास के इलाकों में तेज बारिश हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि पानी का प्रवाह इतना तेज था कि नालों से निकासी ही नहीं हो पाई। पानी घरों में भर गया। लोगों का कहना है कि अचानक इतनी तेज बारिश हुई, मानो बादल फट गया हो। इससे पहले बुधवार तड़के चार बजे भी अच्छी बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार पिछले 24 घंटे में शहर में 60.5 मिमी बारिश दर्ज की गई।

माउंट आबू में झमाझम बारिश हुई। पिछले 24 घंटे में 134 मिमी बारिश दर्ज की गई। माउंट आबू-आबूरोड मार्ग से लेकर गुरुशिखर तक सडक के दोनों ओर जगह-जगह पहाडियों से झरने बहने लगे। तेज बारिश में माउंट आबू के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। माउंट आबू का मुख्य जल स्तोत्र कोदरा बांध लबालब हो गया। 59 फीट की भराव क्षमता वाला लोअर कोदरा बांध ओवरफ्लो होने के बाद अपर कोदरा बांध महज 4 फिट खाली रहा। अच्छी बारिश के बाद देशभर से पर्यटक माउंट आबू का रुख कर रहे हैं। इससे पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कारोबारियों की बांछें खिली हुई है। उल्लेखनीय है कि राजस्थान में मानसून इस बार झूमकर बरस रहा है। जुलाई माह में राजस्थान में रिकॉर्ड तोड़ बारिश हुई है।

# धौलपुर में भाजपा नेता अशोक शर्मा का निधन, खबर सुनकर चाचा को पड़ा दिल का दौरा, हुई मौत



धौलपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। राजस्थान के धौलपुर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कद्दावर नेता अशोक शर्मा का बुधवार को हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। अशोक शर्मा के निधन की खबर सुनते ही पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे उनके निवास स्थान पर पहुंची। राजे के अलावा करौली-धौलपुर सांसद मनोज राजोरिया, बाड़ी विधायक गिरिराज सिंह मलिंगा ने उनके निवास पर पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित की और परिजनों को सांत्वना दी।

बताया गया कि शर्मा के निधन की खबर सुनकर उनके गांव में रहने वाले परिवार में चाचा गोविंद शर्मा का भी निधन हो गया। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के नजदीकी माने जाने वाले अशोक शर्मा पूर्व मंत्री बनवारी लाल शर्मा के सबसे बड़े बेटे थे। अशोक शर्मा साल 2018 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए थे। धौलपुर के चंबल मुक्ति धाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया।

अशोक शर्मा ने 2008 में कांग्रेस की टिकट पर धौलपुर विधानसभा और 2018 में भाजपा की टिकट पर राजाखेड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ा था लेकिन दोनों ही बार उनको हार का सामना करना पड़ा था। 2018 में कांग्रेस की अंदरूनी कलह के बाद अशोक शर्मा ने जिला अध्यक्ष का पद छोड़कर भाजपा जॉइन कर ली थी और राजाखेड़ा विधानसभा से चुनाव लड़ा था। अशोक शर्मा के निधन की खबर सुनकर उनके गांव में रहने वाले परिवार में चाचा गोविंद शर्मा का भी निधन हो गया।

# सतीश पूनिया पसोपा में संतों से करेंगे मुलाकात

## कहा-बाबा के आत्मदाह पर सरकार डरी हुई है, उसके नुमाइंदे खनन में लिप्त

भरतपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया गुरुवार को भरतपुर पहुंचे। सतीश पूनिया भरतपुर में कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेने के बाद पसोपा गांव जाएंगे जहां से साधु संतों से मिलेंगे। सतीश पूनिया ने खनन के खिलाफ चल रहे धरने और बाबा विजय दास के आत्मदाह के मामले को लेकर कहा कि, 551 दिन के आंदोलन में सरकार ने संज्ञान नहीं लिया जिसके बाद बाबा विजय दास ने आत्मदाह की।

प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने




कहा कि साधु संतों के धरने और बाबा विजय दास के आत्मदाह को लेकर कांग्रेस राजनीति कर रही है। कांग्रेस के चरित्र में ही है। बीजेपी तो जो पक्ष सही है उसके पक्ष में खड़ी है। इस इलाके में आस्था का केंद्र है 84 कोस परिक्रमा, उस इलाके के पहाड़ों में वैध और अवैध खनन होता रहा, उससे आस्था पर प्रहार होता रहा। 551 दिन के आंदोलन में सरकार ने संज्ञान नहीं लिया। उसकी परिणीति बाबा विजय दास के आत्मदाह से हुई। हम लोग उनके साथ खड़े हैं आस्था के साथ खड़े हैं। कांग्रेस बीजेपी पर राजनीति का आरोप लगा रही है जबकि जनता जानती है पक्ष कौन सा सही है।

बाबा विजय दास के आत्मदाह की CBI जांच को लेकर सतीश पूनिया ने कहा कि, इस मामले में सरकार नैतिक होती तो CBI को जांच सौंपती। सरकार डरी हुई है क्योंकि सरकार के नुमाइंदे ही खनन में लिप्त हैं।

# टायर फटने से दीवार में घुसी कार, 3 की मौत

### इलाज के लिए बुआ के बेटे को हिसार ले गए थे, लौटते समय हादसा

झुंझुनूं, 4 अगस्त (एजेंसियां)। झुंझुनूं के पिलानी-बहल सड़क मार्ग पर हरियाणा सीमा में बुधवार देर रात 10.30 बजे स्विफ्ट कार का टायर फटने से बड़ा हादसा हो गया। बेकाबू कार दीवार में जा घुसी, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई। कार में झुंझुनूं के एक ही परिवार के 5 लोग सवार थे। दो लोग घायल हुए हैं।

झुंझुनूं बॉर्डर से 25 किलोमीटर दूर हरियाणा के बहल थाना



राकेश (24) प्रदीप (21) संदीप (29)

इलाके के नांगल गांव में चेक पोस्ट के पास हादसा हुआ। हादसे के बाद बहल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। टायर फटने से कार बेकाबू होकर सड़क किनारे एक खाली मकान की दीवार तोड़ती हुई जा घुसी। कार की छत पर मलबा आ गिरा। आवाज सुन आसपास के लोग बाहर दौड़े। लोगों ने युवकों को किसी तरह से गाड़ी से बाहर निकाला। पुलिस ने बताया कि अपने किसी रिश्तेदार की कार लेकर निकले थे। सभी आपस में रिश्तेदार हैं और दवाई लेकर हिसार से झुंझुनूं लौट रहे थे। हादसे में जिले के पिलानी के सूजड़ोला गांव के संदीप, प्रदीप और सुलखनिया का बास गांव के राकेश की मौत हो गई। सूजड़ोला गांव का राजकुमार व सुलखनिया के बास निवासी प्रवीण घायल हैं। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए सामुदायिक चिकित्सा केंद्र, लोहारू (हरियाणा) ले जाया गया।

मृतकों में पिलानी के सूजड़ोला के संदीप (29) और प्रदीप (21) चचेरे भाई थे। सुलखनिया का बास निवासी राकेश (24) संदीप की बुआ का बेटा था। घायल प्रवीण (25) मृतक राकेश का सगा भाई और राजकुमार (23) संदीप-प्रदीप का चचेरा भाई है। संदीप की एक वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी, जबकि बाकी सभी अविवाहित थे। संदीप प्राइवेट बस का चलाता था। प्रदीप पढ़ाई कर रहा था। राकेश ट्रांसपोर्ट कम्पनी में नौकरी करता था।

# राहुल गांधी के बाद अशोक गहलोत ने नेहरू की डीपी लगा भाजपा को दिया जवाब

जयपुर, 4 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बाद राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ट्विटर पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदली, बल्कि एक संदेश भी लिखा। माना जा रहा है कि सीएम गहलोत ने तिरंगे पर कांग्रेस को घेर रही भाजपा को जवाब दिया है। इससे पहले कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने ट्विटर पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदली। भाजपा को जवाब दिया था। अशोक गहलोत ने तिरंगे की एक तस्वीर के साथ अपनी डीपी बदली है। इस तस्वीर में देश के प्रथम



प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू अपनी हाथों में तिरंगा लिए नजर आ रहे हैं। अशोक गहलोत ने इस तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा, आइए हम सब देश की एकता और अखंडता का संदेश देने वाले तिरंगे को अपनी पहचान बनाएं। जयहिंद।

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी के आह्वान पर केंद्र सरकार पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चला रही है। मोदी सरकार का कहना है कि विपक्षी दलों और नेताओं को भी इस अभियान में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया था, लेकिन वो इसमें शामिल नहीं हुए। भाजपा के आरोपों का कांग्रेस नेता अपने तरीके से भाजपा को जवाब दे रहे हैं। आज राहुल गांधी ने अपने अंदाज में जवाब दिया है। उन्होंने ना सिर्फ ट्विटर पर अपनी प्रोफाइल तस्वीर बदली, बल्कि एक संदेश भी लिखा। राहुल गांधी के बाद सीएम गहलोत ने भी भाजपा को अपने तरीके जवाब दिया है।

उल्लेखनीय है कि राहुल गांधी ने तिरंगे की एक तस्वीर के साथ अपनी डीपी बदली है। इस तस्वीर में देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू अपनी हाथों में तिरंगा लिए नजर आ रहे हैं। राहुल ने इस तस्वीर को ट्वीट करते हुए लिखा, 'देश की शान है, हमारा तिरंगा; हर हिंदुस्तानी के दिल में है, हमारा तिरंगा।'

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हाल ही में एक कार्यक्रम में कहा था कि मोदी सरकार पूरे देश में 'हर घर तिरंगा' अभियान चला रही है।

# गौवध निषेध कानून का सख्ती से पालन कराने के लिए निर्देश देने की मांग

## पशुपालन विभाग के निदेशक को सौंपा ज्ञापन




हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। भारतीय प्राणी मित्र संघ एवं लव फॉर काऊ फाउंडेशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने पशुपालन विभाग के निर्देशक से भेंटकर गौवध निषेध एवं देश भर में गौवंश में लग रहे संक्रमित रोग लम्पी स्कीन रोग के बारे में विस्तार से चर्चा की।

भारतीय प्राणी मित्र संघ के सहमंत्री रिद्धीश जागीरदार ने बताया कि संघ के अध्यक्ष जसराज श्रीश्रीमाल, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, गौधाम पधमेडा के आगेश शिवा ने मासाब टेंक शांतिनगर स्थित पशुपालन विभाग कार्यालय मे तेलंगाना राज्य पशु पालन विभाग के निर्देशक डॉ. एस. रामचंद्र सरकार से मांग की कि तेलंगाना में विभिन्न अवसरो पर हजारों गौ वंश की कुर्बानी देने के लिये विभिन्न क्षेत्रो से लाकर बेचने का कार्य जोर शोर से जारी है जिसे सरकार तुरंत रोकें एवं गौ वंशो को अपने कब्जे में ले। जसमत पटेल ने निदेशक से कहा कि राजस्थान एवं गुजरात में गाय, बैल, भैंस आदि पशुओ मे लम्पस्कीन बीमारी बडे पैमाने पर फैलती जा रही है अभी तक सैंकडो पशु इस बिमारी से ग्रसीत होकर मर गये है और यह बिमारी फैलती जा रही है। निर्देशक एस. रामचंद्र ने कहा कि तेलंगाना मे निःशुल्क दी जाती है।

इस दवाई की हम 10 लाख तक वेकसीन दुसरे प्रांतवालो को अभी दे सकते है जिसकी लागत मात्र 1.58 रूपये प्रति डोज खुराक देना पडेगा। श्रीश्रीमाल ने कहा कि तेलंगाना में गौ वध निषेद्य एवं पशु संरक्षण अधिनियम 1977 के अनुसार प्रदेश में गौ एवं गो-भैंस बछडों पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध है एवं अन्य पशु जैसे बैल-भैस 14 वर्ष एवं कृषि उपयोगी होने तक उनके वध पर पूर्ण प्रतिबन्ध है। सक्षम अधिकारी से प्रमाण पत्र लेकर ही अनुपयोगी बैल-भैंस को वध के लिये लाईसेंस प्राप्त कत्लखानें में भेजने का सक्षम अधिकारी को अधिकार दिया गया है।

## सड़क दुर्घटना में दो की मौत, 30 घायल

जगतियाल, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। मल्लियाल मंडल के राजाराम के पास बुधवार रात एक टीएसआरटीसी बस और लॉरी से टकरा जाने से दो लोगों की मौत हो गई और 30 अन्य घायल हो गए। पुलिस के अनुसार घटना उस समय हुई जब वारंगल से जगतियाल की ओर जा रही जगतियाल डिपो की बस ने रात करीब साढ़े दस बजे राजाराम के पास विपरीत दिशा से आ रही एक लॉरी को टक्कर मार दी। जबकि 60 वर्षीय मुथम्मा की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बस चालक कृष्णा सहित तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। गुरुवार सुबह जगतियाल से करीमनगर ले जाते समय कृष्णा ने अंतिम सांस ली।

## आंध्र प्रदेश हाईकोर्ट को स्थानांतरित करने के मामले में राज्य सरकार और न्यायालय आपस में राय बनाये : रीजीजू

नई दिल्ली, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। केन्द्र सरकार ने आज कहा कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय को अमरावती से कर्नूल स्थानांतरित करने के लिए आंध्र प्रदेश सरकार और उच्च न्यायालय को अपनी राय बनानी है। दोनों के बीच राय बनने के बाद इसपर एक पूर्ण प्रस्ताव को भारत सरकार के पास भेजा जाना है। लेकिन अभी इस बारे में कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। राज्यसभा में तेलुगु देसम पार्टी के कनकमेदाला रविंद्र कुमार और वाईएसआर कांग्रेस पार्टी के वेंकटरमण राव मोपीदेवी के प्रश्न का उत्तर देते हुये कानून एवं न्याय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा कि आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की अमरावती प्रधान न्यायपीठ आंध्र प्रदेश पुनर्गठन कानून 2014 के तहत स्थापित की गई थी और वह एक जनवरी 2019 से कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि फरवरी 2020 में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय की प्रधान न्यायपीठ अमरावती से कर्नूल स्थानांतरित करने के लिए प्रस्ताव किया था। श्री रीजीजू ने कहा कि उच्च न्यायालय की प्रधान न्यायापीठ के स्थानांतरित करने का फैसला संबंधित उच्च न्यायालय के परामर्श से राज्य सरकार द्वारा किया जाता है। राज्य सरकार के जिम्मे राज्य के उच्च न्यायालय को चलाने में होने वाले खर्च होता है। इस प्रकार संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति न्यायालय के दिन प्रति दिन कामकाज को चलाने के लिये उत्तरदायी है। कानून मंत्री ने कहा कि इस मामले में आंध्र प्रदेश सरकार और आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय दोनों को उच्च न्यायालय को कर्नूल स्थानांतरित करने संबंधी अपनी राय बनानी है।

# स्वतंत्र वज्रोत्सव समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाए : जिलाधीश

## वज्रोत्सव समारोह पर समीक्षा बैठक



आसिफाबाद अगस्त, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। राज्य सरकार के निर्णय के अनुसार, जिला कलेक्टर राहुल राज ने जिला अधिकारियों को इस महीने की 8 से 22 तारीख तक जिले में स्वतंत्रता हीरा महोत्सव आयोजित करने का निर्देश दिया है।

जिला पंचायत अध्यक्ष कोवलक्ष्मी ने अपर कलेक्टर राजेशम और चाहत बाजपेयी के साथ जिला केंद्र स्थित समाहरणालय कार्यालय में वज्रोत्सव समारोह की समीक्षा बैठक की. इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि सरकार के निर्णय के अनुसार 8 तारीख को राज्य की राजधानी में उद्घाटन कार्यक्रम होगा। उन्होंने कहा कि 9 तारीख को हर घर में राष्ट्रीय ध्वज वितरण का कार्यक्रम होगा, 10 को पौधरोपण कार्यक्रम होगा और 11 तारीख को पुलिस विभाग के साथ स्वतंत्रता दौड़ कार्यक्रम होगा। इस महीने की 12 तारीख को "राष्ट्रीय एकता रक्षाबंधन" कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है और इस महीने की 13 तारीख को एनएसएस और एनसीसी के तत्वावधान में रैलियों का आयोजन किया जाना है। 14 तारीख को वे लोक कलाकारों के साथ जिला केंद्रों और निर्वाचन क्षेत्रों के केंद्रों में "प्रदर्शन" आयोजित करना चाहते हैं। 15 को "स्वतंत्रता दिवस समारोह" और 16 को जिला केंद्रों में कवि सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इच्छुक लोग इस महीने की 10 तारीख से पहले kbakavisamme-lanam@gmail.com पर आवेदन कर सकते हैं। उउन्होंने कहा कि 17 तारीख को जिला केंद्रों में ''रक्तदान शिविर'' का आयोजन किया जाए और 18 तारीख को खिलाड़ियों व अधिकारियों के लिए फ्रीडम कप के नाम पर प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 19 को अस्पतालों, वृद्धाश्रमों और अनाथालयों में "फल वितरण" कार्यक्रम शुरू करने का सुझाव दिया गया।

उन्होंने कहा कि 20 को रंगोली प्रतियोगिता और 21 को ग्राम पंचायत मंडल जिला परिषद की विशेष बैठक होगी। उन्होंने कहा कि 22 तारीख को प्रदेश की राजधानी में आयोजित कार्यक्रम के साथ वज्रोत्सव समारोह संपन्न होगा।

## दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा को मिला राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन सम्मान

हैदराबाद, 4 अगस्त (स्वतंत्र वार्ता)। दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा, चेन्नई को उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान द्वारा राजर्षि पुरुषोत्तमदास टंडन सम्मान प्रदान किये जाने की घोषणा की गई है। इसी पुरस्कार के तहत सभा को 5 लाख रुपये दिये जाएंगे। आज यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दक्षिण भारत हिन्दी प्रचार सभा मद्रास के वर्तमान के प्रधान सचिव जी. सेल्वराजन के अथक प्रयास ये आंध्र, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल व तामिलनाडू राज्यों में हिंदी विकास की ओर अग्रसर है।

